रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 25 जनवरी 2025


|| HARE KRISHNA ||

## ग्राहक अनुभव



हर्षित अर्बन सिटी में गेटेड समुदाय, सीसीटीवी सुरक्षा, 24X7 जल आपूर्ति, लैंडस्केप गार्डन, स्ट्रीट लाइट, बच्चों के लिए मैदान जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं दी जा रही हैं। ये प्रोजेक्ट शहर के बीच में है। मैं यहां प्लॉट बुकिंग करा कर बहुत खुश हूं।

**चुमनलाल देवांगन**



मैंने अपने फ्रेंड से हर्षित अर्बन सिटी में बारें में सुना था। और रायपुर शहर के प्राइम लोकेशन में प्लॉट खरीदने की तलाश में था। तभी मेरे फ्रेंड ने हर्षित अरबन सिटी के प्लाट मेला के बारें में बताया। मैं यहां प्लॉट बुकिंग करा कर बहुत खुश हूं।

**वी. मिश्रा**



रायपुर शहर का रिंग रोड नं. 1 तेजी से विकसित हो रहा है। डी-मार्ट के सामने स्थित हर्षित अर्बन सिटी उनमें से एक है। यहां प्लॉट खरीदा भविष्य के लिए फायदे वाला सौदा है। यहां प्लॉट की बुकिंग मेरे लिए अच्छा सौदा है।

**गोपाल प्रसाद**



हर्षित अर्बन सिटी की लोकेशन शहर के अन्य आवासीय परिसरों की तुलना में बेस्ट है। यहां अलग अलग साइज के प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स उपलब्ध हैं। पर्यावरण मानकों के अनुरूप ग्रीन प्लांटेशन बहुत शानदार है। मैं बहुत खुश हूं।

**अनिता वर्मा**

# शहर के बीच में, अपना जहां... आप सादर आमंत्रित है.

Only 10 Plots Available at ₹4200/Sqft.

आज ही चेक लेकर आइए और अपना पसंदीदा प्लॉट बुक कराइए!

SINGHANIA™ BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993

# प्लॉट मेला
24|25|26 JAN. 2025
RAIPURA

मात्र ₹ 60 लाख रुपये में बनाये अपना बंगला शहर के बीचो बीच

Special Offer on SPOT BOOKING




रिंग रोड नं.-1, **डी-मार्ट के सामने,** रायपुरा-रायपुर

लक्जरी जीवन
आधुनिक सुविधाएँ
शहर के बीचो बीच

HARSHIT URBAN CITY

## प्रीमियम रेशिडेंशियल प्लॉट्स

प्लॉट साईज 1000-3000 वर्गफुट

*T&C Apply

### निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर







SINGHANIA™ BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993

9827-321-321
www.singhaniabuildcon.com

Rera Reg. No. :PCGRERA250724001799
www.rera.cgstate.gov.in

Credai Member CREDAI Chhattisgarh

RERA APPROVED

# 36 लाख के ईनामी 8 माओवादियों साहित कुल 14 माओवादी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् डीआरजी बीजापुर, थाना उसूर, कोबरा 205, 210, केरिपु 196 एवं 229 वाहिनी की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर टेकमेटला, नड़पल्ली, मल्लेमपेंटा की ओर निकली थी। अभियान के दौरान मल्लेमपेंटा एवं नड़पल्ली के जंगल से 14 हार्डकोर माओवादियों को पकड़ा गया।

कमली कोड़ेम ऊर्फ कोदूम (सीआरसी कंपनी नम्बर 02 PPCM) पति दामल माड़वी उम्र 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेददाकोरमा कोडमेपारा थाना बीजापुर जिला बीजापुर, घोषित ईनाम 08.00 लाख रूपये। चैते सोढ़ी ऊर्फ रीलो (सीआरसी कंपनी नम्बर 02 PPCM) पिता सुक्कू सोढ़ी उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोरोवाया ओरछा जिला नारायणपुर, घोषित ईनाम 08.00 लाख रूपये। जोगी सोढ़ी ऊर्फ टोक्कू (सीआरसी कंपनी नम्बर 02 PPCM) पिता सोना सोढ़ी उम्र 24 वर्ष निवासी पुरंगेल भण्डारपारा थाना किरंदुल जिला दंतेवाड़ा, घोषित ईनाम 08.00 लाख रूपये। राजे सोढ़ी ऊर्फ बोड्डो (सीआरसी कंपनी नम्बर 02 PPCM) पति आयता



नूपो उम्र 33 वर्ष जाति मुरिया निवासी कायर दुलेड़ थाना चिन्तागुफा जिला सुकमा, घोषित ईनाम 08.00 लाख रूपये। देवा मड़कम ऊर्फ बोटी (कोमटपल्ली आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष) पिता गंगा मड़कम उम्र 40 वर्ष् जाति मुरिया निवासी काउरगुट्टा, पत्तापारा थाना पामेड़ जिला बीजपुर, घोषित ईनाम 01.00 लाख रूपये। कोसा माड़वी (कोमटपल्ली आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर) पिता हुंगा माड़वी उम्र 39 वर्ष जाति मुरिया निवासी मल्लेमपेंटा कोत्तापेंटापारा थाना उसूर जिला बीजापुर, ईनाम 01.00 लाख रूपये। लिंगा कुहरामी ऊर्फ गेल्ले लिंगा (कोमटपल्ली आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष) पिता हुर्रा कुहरामी उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी मल्लेमपेंटा नीलापारा थाना उसूर जिला बीजापुर, घोषित ईनाम 01.00 लाख रूपये। हुंगा कुंजाम सोमड़ा मड़कम ऊर्फराजू (ग्राम लिंगापुर डीएकेएमएस अध्यक्ष) पिता कोसा मड़कम उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी तुमीरगुड़ा पेददापारा थाना उसूर जिला बीजापुर , ईनाम 01.00 लाख रूपये। जोगा मड़कम (ग्राम मल्लेमपेंटा डीएकेएमएस सदस्य) पिता लिंगा मड़कम उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी मल्लेमपेंटा पटेलपारा थाना उसूर जिला बीजापुर। हुर्रा मड़कम (ग्राम मल्लेमपेंटा संघम सदस्य/कोमटपल्ली आरपीसी डॉक्टर शाखा सदस्य) पिता बुटटी मड़कम उम्र 36 वर्ष जाति मुरिया निवासी मल्लेमपेंटा बेडमापारा थाना उसूर जिला बीजापुर। सोमड़ा मड़कम ऊर्फ राजू (पामेड़ एरिया कमेटी अंतर्गत पार्टी सदस्य/सप्लाई टीम सदस्य) पिता कोसा मड़कम उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी तुमीरगुडा पेददापारा थाना उसूर जिला बीजापुर। रामा माड़वी (ग्राम मल्लेमपेंटा संघम सदस्य/कोमटपल्ली आरपीसी जंगल शाखा सदस्य) पिता ध्रुर्वा माड़वी उम्र 48 जाति मुरिया निवासी मल्लेमपेंटा कोत्तापारा थाना उसूर जिला बीजापुर। हुंगा माड़वी (ग्राम मल्लेमपेंटा संघम सदस्य/ कोमटपल्ली आरपीसी कृषि शाखा सदस्य)पिता कांडे माड़वी उम्र 37 वर्ष जाति मुरिया निवासी मल्लेमपेंटा खाडापारा थाना उसूर जिला बीजापुर। सुक्का माड़वी (ग्राम मल्लेमपेंटा संघम सदस्य/कोमटपल्ली आरपीसी कृषि शाखा सदस्य) पिता सोमडू माड़वी उम्र 55 वर्ष जाति मुरिया निवासी उटलापल्ली थाना उसूर जिला बीजापुर, पकड़े गये माओवादियो के मेमोरण्डम कथन के आधार पर जंगल में छुपा कर रखे गये 23 नग लकड़ी के एवं 08 नग लोहे के स्पाईक, लकड़ी का बेट लगा हुआ गैती (जमीन खोदने का औजार) बरामद किया गया।

**पकड़े गये माओवादी थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत निम्न घटनाओं में शामिल थे**

30 नवम्बर 2022 को थाना उसूर क्षेत्रांतर्गत टेकमेटला के जंगल में स्पाईक लगाने की घटना में शामिल थे जिसमें दो जवान घायल हुए थे।

19 जून 2024 को नड़पल्ली के जंगल में प्रेशर आईईडी लगाने की घटना में शामिल थे जिसमें जंगल महुआ बिनने गई महिला उक्त IED की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। 6 जनवरी को आरओपी डयूटी के दौरान पुलिस पार्टी को क्षति पहुचाने के लिये उसूर-नड़पल्ली मार्ग पर IED लगाने में शामिल थे, जिसे केरिपु 196 की बीडी टीम द्वारा मौके पर नष्ट किया गया था। उक्त माओवादियों के विरूद्ध थाना उसूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय मुख्य न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

# कलेक्टर ने जिले के मतदाताओं से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के अवसर पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया और नये मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण किया। कलेक्टर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को मतदान का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि चुनाव में एक एक वोट बहुमूल्य होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को मतदान करना आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जितना अधिक मतदान होगा, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। कोई भी चुनाव छोटा या बड़ा नहीं होता है। इसमें सभी मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता अत्यंत जरूरी है। कलेक्टर ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाएं। खासकर युवा मतदाताओं से कहा कि वे स्वयं मतदान करें और अपने परिवार आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा नवीन मतदाताओं अमूल्या सिंह ठाकुर, हिमांश उसेण्डी, रवि कुमार जांगड़े, प्रियंका मण्डावी, वशिता मानिकपुरी और हियांश उसेण्डी को ईपिक कार्ड प्रदाय किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोतर महाविद्यालय कोण्डागांव के प्रोफेसर शशिभूषण कन्नौजे, फोटो युक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट कार्य के लिए विधानसभा क्षेत्र 82 केशकल से बूथ लेवल अधिकारी भोज कुमार जैन और विधानसभा क्षेत्र 83 माकड़ी बूथ लेवल अधिकरी नम्मू राम पटेल को सम्मानित किया गया।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी का किया गया अंतिम रिहर्सल



पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

गणतंत्र दिवस का अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम मुख्य समारोह स्थल बीजापुर के मिनी स्टेडियम में कलेक्टर संबित मिश्रा की मौजूदगी में आयोजित हुआ। अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर 11 बजे सम्पन्न हुआ जिसमें सीआरपीएफ, सशस्त्र बल, नगर सेना, जिला बल, बस्तर फाइटर्स सहित एनसीसी, एनएसएस, स्काऊट गाईड के कुल 09 टुकड़ियों ने परेड को सलामी दी। अंतिम रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि का आगमन, मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज फहराने, मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, मुख्य अतिथि द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी का जनता के नाम संदेश का वाचन, गुब्बारा, हर्ष फायर, मार्च पास्ट, शहीद जवानों के परिवारों का सम्मान, परेड कमांडरों के साथ फोटो सेशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण सहित सम्पूर्ण गतिविधि की गई। कलेक्टर संबित मिश्रा ने इस दौरान कार्यक्रम स्थल का अवलोकन कर तैयारियों के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन संबंधित अधिकारियों को दिए।

# सारथी सम्मान दिवस पर वाहन चालकों को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



36 वीं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत सारथी सम्मान दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को विकासनगर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत व पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने उत्कृष्ट कार्य के लिए वाहन चालकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में ऐसे वाहन चालकों का सम्मान हुआ, जिनका व्यवहार व आचरण उत्तम हो, यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान न हुआ हो, जिनसे सड़क दुर्घटना न हुई हो, वाहन चलाते समय नशा न करते हो, वाहनों का बेहतर रख-रखाव करते हो और सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद की हो एवं यातायात नियमों की बेहतर जानकारी हो। उल्लेखनीय है कि 01 से 31 जनवरी के बीच आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा माह अंतर्गत हाट बाजार में नुक्कड़-नाटक एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं में जाकर भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। यातायात पुलिस कोंडागांव द्वारा जानकारी दी गई कि देश एवं प्रदेश की विकास यात्रा में वाहन सारथियों द्वारा सतत् यात्री, सामाग्री परिवहन से सक्रिय सहभागिता की मान्यता एवं प्रेरणा स्वरूप आयोजित इस कार्यक्रम में समस्त शासकीय, अशासकीय, व्यावसायिक, निजी संस्थानों सहित व्यक्तिगत वाहनों में सलंग्न और कार्यरत उत्तम वाहन चालकों के सम्मान के साथ उनके आत्मविश्वास अभिवृद्धि और भविष्य में नियमों के अनुपालन से सड़क सुरक्षा के लिए प्रेरित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पहली बार वाहन चालकों के उत्साहवर्द्धन के लिए आयोजित सारथी दिवस के अवसर पर समस्त बस, टैक्सी, ऑटो सहित अपने निजी वाहन चालकों तथा परिवार के सदस्यों को लाने ले जाने वाहन से महत्वपुर्ण घरेलु कार्यों को संपादित करने वाले परिवार को भी उनकी सेवाओं की मान्यता एवं प्रोत्साहन स्वरूप धन्यवाद कहने, पुष्प भेंट करने, शुभकामनाएं देने या किसी सम्मानजनक तरीके से अभिवादन के साथ प्रोत्साहन करने का अनुरोध किया गया।

# नाम निर्देशन पत्र प्राप्त के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका आम निर्वाचन 2025 हेतु नाम निर्देशन प्रक्रिया के संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल सभा कक्ष में रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अधिकारी, कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर्स आलोक सोनवाने एवं माधव राव रेड्डी के द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण में नाम निर्देशन की विस्तृत व्याख्या करते हुए बताया गया कि इसका अर्थ पूर्व निर्धारित योग्यता रखने वाले निर्वाचित होने के इच्छुक नागरिकों से आवेदन प्राप्त करना, उनकी संवीक्षा और सब कुछ सही पाये जाने पर निर्वाचन प्रक्रिया में अभ्यर्थी होने की अनुमति प्रदान करना है। इस नगर पालिका आम निर्वाचन-2025 में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नाम निर्देशन पत्र 22 जनवरी 2025 से दिनांक 28 जनवरी 2025 तक प्राप्त करने एवं नाम वापसी दिनांक 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि किसी निकाय में वार्डो की संख्या अधिक होने पर 8-10 वार्डो के क्लस्टर बना कर भी नाम निर्देशन पत्र लिए जा सकते हैं। ऐसे क्लस्टर्स में सहायक रिटर्निंग अधिकारी नाम निर्देशन पत्र ले सकते है। नाम निर्देशन का समय हर दिन (अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। कोषालय बंद रहने का दिवस भी अवकाश के अर्थ में लिया जाएगा। किसी नगरीय निकाय के लिए अध्यक्ष तथा वार्ड पार्षद के लिए नाम निर्देशन पत्र लिए जायेगें। इच्छुक प्रत्याशी स्वयं अथवा अपने प्रस्तावक के माध्यम से अपना नाम निर्देशन प्रारूप 3 को सही-सही भर कर देगें। नाम निर्देशन पत्र पर एक प्रस्तावक का नाम तथा हस्ताक्षर और अभ्यर्थी की अभिस्वीकृति के रूप में उसके हस्ताक्षर अनिवार्य रहेगें। प्रत्येक इच्छुक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रारूप 3-क में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। यह शपथ पत्र भी दो प्रतियों में ही प्रस्तुत किया जावेगा।

## उप मुख्यमंत्री जगदलपुर के लालबाग में गणतंत्र दिवस में करेंगे ध्वजारोहण

**जगदलपुर।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा गणतंत्र दिवस के अवसर पर जगदलपुर के लालबाग में ध्वजारोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल शुक्रवार को किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका में अपर कलेक्टर सी पी बघेल रहे, उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा एवं जिला व पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने तैयारी के संबंध में कमीबेशी को समय से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस वर्ष परेड की कमान डीएसपी प्रवीण भारती कर रहे है। जो 15 टुकड़ी को कमांड करते हुए मार्चपास्ट करेंगे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया जाएगा और विभागों के शासकीय योजनाओं से सम्बंधित झाँकी का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुति को अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया।

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली गई शपथ :** गणतंत्र दिवस की अंतिम रिहर्सल के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) की मतदान करने की शपथ ली गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों, स्कूली बच्चों को मतदान कर लोकतंत्र के पर्व सहभागिता निभाने की शपथ दिलवाई।

# प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में मनाया गया वंदे मातरम दिवस



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार वंदे मातरम दिवस का आयोजन किया गया प्रधान पाठक मधु तिवारी ने वंदे मातरम गीत के इतिहास के बारे बच्चों को बतस्य की वंदे मातरम गीत की रचना 1876 में बंकिम चंद चटोपाध्याय द्वारा कई गई थी 1882 में यह सर्वप्रथम आनंद मठ उपन्यास में प्रकाशित हुआ।24 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान सभा द्वारा इसे राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता दी गयी। सर्वप्रथम इसे कोलकाता के राष्ट्रीय अधिवेशन में 1896 में गाया गया था इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सस्वर गायन प्रस्तुत किया। हाथ में तिरंगा ध्वज लिए अपनी मातृभूमि एवं देश की एकता अखंडता के प्रति अपनी भावनायें अपने गायन के माध्यम से प्रस्तुत की। शिक्षिका रेणुका नाग ने भी वंदे मातरम दिवस के आयोजन में महवपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

## सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह गणतंत्र दिवस समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी का किया गया अंतिम रिहर्सल





पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय कोंडागांव के विकास नगर स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन के तैयारियों का अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने तैयारियों का जायजा लिया व सभी आवश्यक व्यवस्था और तैयारी समय पूर्व सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन के अंतिम रिहर्सल में मुख्य अतिथि की भूमिका में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई रहे, उन्होंने इस दौरान परेड की सलामी ली। इस दौरान परेड कमांडर उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव और सेकेंड इन कमांड एएसआई दिनेश डहरिया के नेतृत्व में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की 29 वीं और 41 वीं बटालियन, बस्तर फाईटर की पुरुष और महिला दल, नगर सेना के जवान, एनसीसी जूनियर डिवीजन के बालक और बालिका दल, राष्ट्रीय सेवा योजना के बालक और बालिका दल, स्काउट गाईड दल की टुकड़ियों मार्चपास्ट का अंतिम अभ्यास किया। इसके साथ ही स्कूली बच्चों के द्वारा व्यायाम और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभ्यास भी किया गया।

# त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 हेतु पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य नामनिर्देशन प्रक्रिया के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल सभा कक्ष में रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफि सर जिला, एवं जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण, कुआकोंडा के समस्त मास्टर ट्रेनर्स को आलोक सोनवाने एवं माधव राव रेड्डी (मुख्य मास्टर ट्रेनर्स) के द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। सर्वप्रथम प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि दिनांक 27 जनवरी 2025 से दिनांक 03 फरवरी 2025 तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। नाम निर्देशन का समय हर दिन (अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। अवकाश के दिन का अर्थ कोषालय बंद रहने के अभिप्राय में लिया जाएगा। इसके तहत सदस्य, जिला पंचायत (जिला मुख्यालय) हेतु नाम निर्देशन का प्रारूप 4-घ, शपथ पत्र का प्रारूप 4-घ-एक एवं निक्षेप राशि 4,000 रू. निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार सदस्य, जनपद पंचायत (खण्ड मुख्यालय) हेतु नाम निर्देशन का प्रारूप 4-ग, शपथ पत्र का प्रारूप 4-ग-एक एवं निक्षेप राशि 2,000 रूपये, सरपंच (खण्ड मुख्यालय क्लस्टर केन्द्र) हेतु नाम निर्देशन का प्रारूप 4-ख, शपथ पत्र का प्रारूप 4-ख-एक एवं निक्षेप राशि 1,000रूपये, एवं पंच (खण्ड मुख्यालय क्लस्टर केन्द्र) हेतु नाम निर्देशन का प्रारूप 4-क एवं निक्षेप राशि 50 रू. होगा। 'पंच' प्रत्याशियों के लिए शपथ पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। नगरीय निकायों की ही तरह निक्षेप राशि में महिलाओं तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिए आधी राशि देय होगी।

4 **रायपुर संभाग** दुर्ग से पुरी जा रही यात्री बस की खड़ी ट्रक से टक्कर

6 **अभिमत** ट्रंप का आदेश एच 1बी वीजा सुधार

09 **शिक्षा एवं स्वास्थ्य** आइटीबीपी जवानों का प्रकृति परीक्षण शिविर आयोजित

10 **छत्तीसगढ़** उत्तराखंड में होने वाले 38वें नेशनल गेम्स में...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 25 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-155 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति का संबोधन शाम 7 बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में और फिर अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की दी बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमें भारत के प्रजातांत्रिक जीवन मूल्यों और परम्पराओं के प्रति जागरूक करता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारत अपने लोकतंत्र के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है कि हम लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाएं। मुख्यमंत्री साय ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवाओं से मतदान प्रक्रिया में शामिल होकर भारत की लोकतांत्रिक परम्परा का हिस्सा बनने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण में एक एक मत की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए सभी नागरिकों को अपने बहुमूल्य मताधिकार का प्रयोग पूरी जिम्मेदारी और निर्भीकता से करना चाहिए।

### विधानसभा बजट सत्र 24 फरवरी से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र की अधिसूचना जारी कर दी गई है। सत्र की बैठक 24 फरवरी से शुरू होगी और 21 मार्च तक चलेगी। इस दौरान सदन की 17 बैठक होगी। बजट सत्र में वित्त मंत्री ओपी चौधरी दूसरी बार बजट पेश करेंगे।

### जितेन्दर पाल सिंह इज़रायल में भारत के राजदूत नियुक्त



**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के मामलों के विशेषज्ञ एवं तालिबान के साथ तालमेल बिठाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जितेन्दर पाल सिंह को इज़रायल में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया, वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव जितेन्दर पाल सिंह को इजरायल में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।

# छत्तीसगढ़ ने एक और टाइगर खोया, एटीआर में मादा टाइगर की मौत

## पीसीसीएफ सुधीर अग्रवाल के कार्यकाल में रिकार्ड वन्य जीवों की मौत

पायनियर संवाददाता रायपुर/बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राज्य में वन्यजीवों की मौत का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अचानकमार टाइगर रिजर्व में एक बाघिन की मौत हो गई है। जानकारी अनुसार बाघिन का शव भी बरामद कर लिया गया है। यह घटना एटीआर के लिए बडी क्षति बताई जा रही है। इसका नम्बर AKT-13 बताया जा रहा है। विलुप्त हो रहे टाइगरों के लिए भले ही पूरा देश और सरकारें चिंतित है, लेकिन छत्तीसगढ़ में बाघिन की मौत की खबर भी विभागीय अमले को दो दिन बाद लगी है। लमनी कोर परिक्षेत्र के छिरहट्‌टा के जंगल की यह घटना बताई जा रही है। जिस बाघिन का शव मिला है उसकी उम्र करीब चार साल बताई जा रही है। राज्य में लगातार वन्य जीवों की मौत हो रही है। आंकड़ों की बात की जाए तो वर्तमान पीसीसीएफ वाईल्ड लाईफ सुधीर अग्रवाल के कार्यकाल में रिकार्ड वन्य जीवों की मौत हुई है। वन्य जीवों की मौत को लेकर पहले ही हाईकोर्ट बिलासपुर ने चिंता जाहिर की है। अब एक और मादा टाइगर की मौत ने पूरे वाईल्ड लाईफ विंग को कटघरे में खड़ा कर दिया है। टाइग्रेस के मरने की जानकारी दो दिन बाद मिलना, विभाग के लचर व्यवस्था का जीता -जागता उदाहरण है। बहरहाल मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद ही हो सकेगा। लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण छत्तीसगढ़ ने एक और टाइगर को हमेशा के लिए खो दिया है।

इस सम्बंध में अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रभारी यू. आर. गणेश से पायनियर ने वास्तविक जानकारी के लिए सम्पर्क किया, लेकिन उनका मोबाइल नम्बर 76782-96737 बंद मिला।



फाइल फोटो

### एक और बाघिन के भटकने की खबर

बताया जा रहा है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व की एक अन्य टाइग्रेस दिसम्बर माह से पार्क एरिया छोड़ कर इधर-उधर भटक रही है। फिलहाल वह अमरकंटक के करीब तीन दिनों से खतरे में रह रही है, लेकिन विभागीय अमला इस ओर कोई ठोस कदम उठाने में नाकामयाब दिख रहा है। लगातार हो रही घटनाओं के बाद यह कहने में कोई संकोच नहीं कि इतने बड़े बजट के बाद भी एटीआर के हालात ठीक नहीं हैं।



अचानकमार टाइगर रिजर्व में टाइग्रेस एकेटी 13 की हुई मौत पार्क की सम्भावनाओं की बड़ी क्षति है। इसी तरह दिसम्बर माह से इस पार्क को छोड़ कर निकल गयी टाइग्रेस की यदि वापसी नहीं हुई तो छत्तीसगढ़ में टाइगर बढ़ने के अभियान पर कुठाराघात होगा। यह टाइग्रेस अभी अमरकंटक के आस-पास भटक रही है। यह मवेशी- खोर बन चुकी है। इसलिए खतरा है कि कोई पशुपालक इसे जहर देकर मार न दें।

**प्राण चद्ढा,** भूतपूर्व सदस्य,वाईल्ड लाईफ बोर्ड



एटीआर के प्रबंधन को सबसे अच्छा माना जाता है। लेकिन दुर्भाग्य की मृत मादा टाइगर की बॉडी का पता भी दो दिन बाद चलता है। जो वाईल्ड लाईफ विंग की कार्यप्रणाली को आईना दिखा रहा है। निश्चित तौर पर राज्य में वन्य जीवों की लगातार मौत हो रही है। टाइगर के अलावा भी आए दिन एक-एक करके हाथियों की मौत हो रही है। जिसे रोक पाने में विभाग नाकामयाब है। चौसिंगाओं की मौत का मामला विधानसभा तक गूंजा, लेकिन कार्रवाई करने के बजाए जिम्मेदार अफसरों ने पर्दा डालने का काम किया।

**नितिन सिंघवी, वन्यजीव प्रेमी**

एटीआर अंतर्गत लमनी कोर परिक्षेत्र के छिरहट्टा के जंगल में एकेटी-13 मादा टाइगर की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई है। संभवतः टी-200 के साथ मेटिंग या टेरिटरी की लड़ाई का परिणाम है। इस घटना की जानकारी एटीआर की एस टीपीएफ के सदस्य द्वारा प्राप्त हुई है। 24 जनवरी 2025 को एनटीसीए प्रोटोकॉल अनुसार मृत टाइगर का शव विच्छेदन एवं घटना के कारणों का पता किया जा रहा है। पी एम रिपोर्ट के बाद विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

**क्षेत्र संचालक, अचानकमार टाइगर रिजर्व**

### तीनों टाइगर रिजर्व में पूर्णकालिक फील्ड डायरेक्टरों की पोष्टिंग तक नहीं की गई

एक -एक करके लगातार वन्यजीवों की मौत हो रही है। लेकिन तीनों टाइगर रिजर्व अचानकमार, सीतानदी और उदन्ती टाइगर रिजर्व वर्तमान में प्रभारियों के हवाले कर दिया गया है। यहां पर पूर्णकालिक नियुक्ति यां तक नहीं की गई, कुछ हद तक इस वजह से भी टाइगर रिजर्व में सरकारी कामों के प्रति लगातार उदासीनता देखी जा रही है।

### राज्य वन्य जीव बोर्ड सदस्य के लिए पसंदीदा नाम भेजा गया

पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल ने राज्य वन्य जीव बोर्ड सदस्य के लिए अपने पसंदीदा नामों को शासन को भेजा है। दरअसल बोर्ड के यह सदस्य पब्लिक के प्रतिनिधि होते हैं और इनका इस फील्ड में काम करने का वृहद अनुभव होता है। जो समय-समय पर विभाग को एडवाइस देने के साथ-साथ सरकारी कामों का भी बैठकों के माध्यम से मूल्यांकन करते हैं। लेकिन पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल ने योग्यता व अनुभव को दरकिनार करते हुए वाइल्ड लाइफ बोर्ड सदस्य के लिए भी अपने पसंदीदा नाम पर मुहर लगाते हुए शासन को भेजा है।

## भंडारा में आयुध कारखाने में विस्फोट में 8 लोगों की मौत, 6 घायल

एजेंसी भंडारा
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र के भंडारा जिले में आयुध कारखाने में हुए विस्फोट में आठ श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 08 श्रमिकों की मौत की पुष्टि की है। फैक्ट्री में विस्फोट शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। भंडारा के जिलाधिकारी संजय कोलते ने कहा कि विस्फोट के कारण कारखाने की छत पूरी तरह ढह गई और बचाव अभियान अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी आवाज 5 किमी दूर तक सुनी गई। विस्फोट के बाद दूर-दूर तक लोहे और पत्थरों के टुकड़े बिखरे हुए देखे गए। कोलते ने कहा कि विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्ट्री के एलटीपी (दीर्घकालिक योजना) सेक्शन में हुआ। विस्फोट का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन अधिकारी आगे की जांच कर रहे हैं।

## केंद्र सरकार बालिकाओं के साथ भेदभाव समाप्त करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार बालिकाओं के साथ किसी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है और उनके सशक्तीकरण के लिए उठाए गए कदमों का परिणाम दिख रहा है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बालिकाओं के लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर, हम बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत को सभी क्षेत्रों में बालिकाओं की उपलब्धियों पर गर्व है। उनके कारनामे हम सभी को प्रेरणा देते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सरकार ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल, स्वास्थ्य देखभाल आदि क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिन्होंने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान दिया है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए समान रूप से दृढ़ हैं कि बालिकाओं के खिलाफ कोई भेदभाव न हो।





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश चुनाव समिति की बैठक भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित मंत्रीगण, सांसद-विधायक और भाजपा के पदाधिकारियों भी मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश अब उद्यम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर : जगदीप धनखड़

पायनियर संवाददाता लखनऊ
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आठ साल में यूपी उत्तम प्रदेश बन चुका है और अब यह उद्यम प्रदेश बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि वे दृढ़संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश के विकास के लिए समर्पित हैं। उप राष्ट्रपति ने महाकुम्भ की चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया आश्चर्यचकित है कि प्रयागराज में इतना बड़ा आयोजन आखिर कैसे इतने सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रहा है। उन्होंने प्रदेश में अपराध में आई गिरावट की तारीफकी और कहा कि इससे ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में उल्लेखनीय उछाल आया है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' का समर्थन करते हुए कहा कि उनके इस विचार को पूरे देश ने अपना समर्थन दिया है। उप राष्ट्रपति ने देश में अवैध शरणार्थियों की मौजूदगी पर भी चिंता व्यक्त की। उप राष्ट्रपति राजधानी के अवध शिल्पग्राम में आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है और आगामी एक फरवरी को परिवार के साथ महाकुम्भ में डुबकी लगाऊंगा। ये मेरे लिए गौरव की बात होगी। उन्होंने प्रदेश की जनता को राज्य के स्थापना दिवस की बधाई दी और कहा कि योगी ने इस बात को चरितार्थ किया है कि यूपी अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला प्रदेश है। उन्होंने कहा कि 2018 से राज्य स्थापना दिवस मनाने की परंपरा सराहनीय कदम है। हर स्थापना दिवस पर एक योजना प्रारंभ की गई है। आज मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत 10 लाख उद्यमी ही नहीं बनेंगे, बल्कि ये उद्यमी औरों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगे।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी बिलासपुर में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री ओपी चौधरी बिलासपुर जिले के पुलिस परेड मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मंत्री चौधरी कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगे। मंत्री चौधरी मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। मंत्री चौधरी शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित करेंगे। साथ ही जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी।

## धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री धर्मांतरण रोकने छत्तीसगढ़ में करेंगे पदयात्रा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



धर्मांतरण रोकने के लिए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री छत्तीसगढ़ में करेंगे पदयात्रा। दरअसल एक निजी कार्यक्रम में रायपुर पहुंचे पंडित शास्त्री ने एयरपोर्ट में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि धर्मांतरण देश का सबसे बड़ा मुद्दा है। इसका प्रमुख कारण अशिक्षा है। उन्होंने कहा विदेशी फंडिंग से देश में धर्मान्तरण हो रहा है। धर्मांतरण कराने वालों के खिलाफ आवाज उठाएंगे। उनका देश निकाला करवाएंगे। शास्त्री ने कहा धर्मांतरण रोकने के लिए छत्तीसगढ़ के बस्तर से पदयात्रा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व की सेकेंड लार्जेस्ट चर्च छत्तीसगढ़ के जशपुर में है। जशपुर और बस्तर से पदयात्रा निकालकर हिंदुओं की घर वापसी कराएंगे।

## बैज ने कहा-भाजपा सरकार के कुशासन से जनता परेशान

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव सरकार 1 साल में विफल साबित हो गई। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। भाजपा सरकार के कुशासन से जनता परेशान है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गयी आरंग में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या हो गयी। राजधानी में 5 बार गोलीबारी हो गयी। गौ तस्करी की घटनाएं शुरू हो गयी। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी हो गयी।

## शाह आज भाजपा के संकल्प पत्र-3 को करेंगे जारी

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपने संकल्प पत्र का तृतीय भाग जारी करेंगी। पार्टी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार विकसित दिल्ली 'संकल्प पत्र-3' को केंद्रीय गृहमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह आज अपराह्न बाद दिल्ली भाजपा के मुख्यालय में जारी करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी अपने संकल्प पत्र के तृतीय भाग में बिजली और पानी को लेकर बड़ी घोषणाएं कर सकती है। गौरतलब है कि भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अब तक अपने संकल्प पत्र का दो भाग जारी कर चुकी है। भाजपा के संकल्प पत्र के पहले भाग को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 17 जनवरी को जारी किया था, जिसमें पार्टी के दिल्ली सरकार की ओर से चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजना को जारी रखने और उसको भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की बात कही है। इसके साथ ही पार्टी ने गरीबों को पांच सौ रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर मुहैया कराने तथा होली और दीपावली में एक-एक गैस सिलेंडर मुफ्त में देने की बात कही गै। वहीं इसके दूसरे भाग को पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 21 जनवरी को जारी किया था, जिसमें पार्टी ने केजी से लेकर पीजी तक मुफ्त शिक्षा मुहैया कराने का वादा किया है। साथ ही पार्टी ने आम आदमी पार्टी की सरकार के घोटालों की जांच कराने की बात कही है।

### 25 लाख से अधिक किसानों ने बेचा धान, अभी तक 29 हजार 599 करोड़ रूपए का भुगतान

## छत्तीसगढ़ में पिछले साल के धान खरीदी का टूटा रिकार्ड

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक के धान खरीदी में पिछले साल का रिकार्ड टूट गया है। पिछले वर्ष 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। इस वर्ष आज दिनांक तक हुई धान खरीदी का आंकड़ा 145 लाख मीट्रिक टन से पार हो गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 25 लाख 13 हजार किसान धान बेच चुके हैं। धान खरीदी के एवज में बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत अभी तक किसानों को 29 हजार 599 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मीलिंग के लिए तेजी के साथ धान का उठाव किया जा रहा है। अभी तक 110 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी कर दिया गया है। जिसके विरूद्ध 87 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव हो चुका है। धान खरीदी 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। प्रदेश के समस्त पंजीकृत कृषकों को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान विक्रय हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाईन एप्प (टोकन तुंहर हांथ) एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी 2025 तक के लिए उपलब्ध कराया गया है। किसान सुविधा अनुसार तिथि का चयन कर नियमानुसार धान विक्रय कर सकते है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.59 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य की तहत 24 जनवरी को 30 हजार 762 किसानों से 1.41 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसके लिए 58 हजार 997 टोकन जारी किए गए थे।

## आपका वोट आपकी आवाज है इसे लालच में न बेचें : केजरीवाल

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से अपील करते हुए कहा कि आपका वोट आपकी आवाज़ है तथा इसे पैसे या किसी अन्य लालच में न बेचें। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अक्सर चुनावों में कहा जाता है कि चुनाव से पहले वाली रात कत्ल की रात होती है। उस रात को खूब शराब, पैसे और मुर्गा बंटता है लेकिन दिल्ली का यह चुनाव एक अलग ही चुनाव है। इसमें चुनाव से डेढ़ महीने पहले से ही खुलेआम पैसे और सामान बंटना शुरू हो गया है। किसी को कोई डर नहीं है कि कोई चुनाव आयोग है। यह सब पुलिस के संरक्षण में बांटा जा रहा है। पुलिस बकायदा तरीके से लाइन लगवा रही है। उन्होंने कहा कि जिसे मर्जी अपना वोट दे दो लेकिन जो आपके वोट खरीदने की कोशिश कर रहा है, उसे वोट मत दें। वह एक नंबर का भ्रष्टाचारी, गद्दार और देश का दुश्मन है। जो आपको साड़ियां, कंबल, जैकेट और 1100 रुपए बांट रहा है, वह देश के साथ गद्दारी कर रहा है। वह हमारे देश के जनतंत्र के लिए खतरा है। वह जनतंत्र को खत्म करना चाहता है। आप जिसे चाहे अपना वोट दो। केजरीवाल ने कहा कि अगर आप किसी बेईमान से पैसा ले रहे हैं और वह आपको कसम खिला रहा है तो वह झूठी कसम है।

## राजनाथ ने युद्ध क्षेत्र निगरानी प्रणाली 'संजय' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली - संजय' (बीएसएस) को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि 'संजय' एक स्वचालित प्रणाली है जो सभी जमीनी और हवाई युद्धक्षेत्र में लगे सेंसरों से जानकारी को एकीकृत करती है। यह प्रणाली जानकारियों की सत्यता की पुष्टि करने के लिए उन्हें संसाधित करती है, दोहराव को रोकती है और उन्हें सुरक्षित सेना डेटा नेटवर्क और सैटेलाइट संचार नेटवर्क पर युद्धक्षेत्र की निगरानी परिदृश्य बनाने के लिए संबद्ध करती है। इस प्रणाली से युद्धक्षेत्र के बारे में जानकारी बढेगी और एक केंद्रीकृत वेब एप्लिकेशन के माध्यम से भविष्य के युद्धक्षेत्र के बारे में कमान और सेना मुख्यालय को जानकारी भेजी जायेगी। यह प्रणाली अत्याधुनिक सेंसर और अत्याधुनिक एनालिटिक्स से लैस है। यह लंबी भूमि सीमाओं की निगरानी , घुसपैठ रोकने , अद्वितीय सटीकता के साथ स्थितियों का आकलन करने और खुफिया, निगरानी और टोही अभियानों में अहम भूमिका निभाएगी। यह कमांडरों को नेटवर्क केंद्रित वातावरण में पारंपरिक ऑपरेशन में काम करने में सक्षम बनाएगी। इसका समावेश भारतीय सेना में डेटा और नेटवर्क केंद्रितता की दिशा में एक बड़ी छलांग होगी।

# दुर्ग से पुरी जा रही यात्री बस की खड़ी ट्रक से टक्कर एक बच्ची की मौके पर ही मौत, चालीस घायल





पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर के प्रमुख द्वार पर स्थित घंटेश्वरी मंदिर से लगभग 200 सौ मीटर पर भीषण सड़क हादसा हो गया। दुर्ग से पुरी जा रही बस क्रमांक सीजी 23 एन 2400 खड़ी ट्रक क्रमांक आरजे 17 जीए 5673 मे पीछे से जा टकराई। बस मे सवार सभी यात्रियो हुवे चोटिल एवं एक बच्ची की मौके पर ही हुई मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग से पुरी जा रही बस सड़क के किनारे खड़ी ट्रक मे पीछे से जा टकराई। टक्कर से बस के आगे का परखच्चे उड़ गये। बस में सवार लगभग 40 लोगो को चोटे आई है। घायलो मे 9 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलो को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार दुर्घटना होने से 43 घायल मरीजों को इमरजेंसी इलाज़ हेतु सुबह 4 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जिसमें से 18 मरीज गंभीर स्थिति में थे जिन्हें त्वरित उपचार कर हॉयर सेंटर रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल अधिकारी/ कर्मचारियों ने अस्पताल पहुंच कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसमें डॉ,एच,एल, जांगड़े, डॉ, अमित भोई, आर एम ए प्रदीप साहू, नरसिंग नायक, लक्ष्मी कांत लहरें, समीर कुमार पटेल, रजनी पटेल, तिलोत्तमा पटेल, गुमान सिंग दिवान आदि।

# गांवों की लड़कियां अपने हुनर, योग्यता और बुद्धि से कर रही है देश का नाम रौशन : दिक्षा बारिक

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर परसकोल स्कूल में महिला बाल विकास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक दीक्षा बारीक ने बालिकाओं के शिक्षा, अधिकार व सशक्तिकरण पर जानकारी देते हुए कहा, यह दिवस समाज में बालिकाओं की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए मनाया जाता है। इस दिन समाज में मौजूद बालिकाओं के प्रति विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों में मौजूद भेदभावों को रोकने, बालिकाओं की देश में आवश्यकता के प्रति जागरुकता बढ़ाने और बालिकाओं के प्रति होने वाले शोषण को रोकने के उद्देश्य से कार्य किया जाता है। वर्तमान समय में लड़कियां हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम कर रहीं हैं। शहर ही नहीं बल्कि गांवों की लड़कियां आज अपने हुनर, योग्यता और बुद्धि से देश का नाम रोशन कर रहीं हैं। ऐसे में हर लड़की को आगे बढ़ने का अवसर मिलें, इसी प्रयास में राष्ट्रीय बालिका दिवस भी मनाया जाता है। लड़कियों को पता होना चाहिए कि उनके पास शिक्षा, स्वतंत्रता, पोषण इत्यादि अधिकार प्राप्त हैं। अच्छी शिक्षा लें और अपने अधिकारों को जाने। पढ़ लिख के अच्छे पद हासिल कर उन सभी लोगो के लिए एक मिसाल कायम करें जो बेटियों को कम समझते है और उनके अधिकार से वंचित रखते है। जितनी अच्छी शिक्षा लेंगे उतना ही हमारा ज्ञान बढ़ेगा। बेटियां किसी से कमजोर नही होती उन्हे भी समान अधिकार दें ताकि बेटियां शिक्षा हासिल कर बेटो के साथ कंधे से कंधा मिला कर देश को विकसित बनाने में अपना सहयोग कर सके। वर्तमान समय में देश की बेटियों ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। आज प्रतिदिन देश की बेटियां हर क्षेत्र में अपने नए कीर्तिमान स्थापित कर देश का नाम रोशन कर रही है। ऐसे में समाज में बेटियों को बराबरी का हक़ दिलाने एवं सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया जाता है। आज भी देश में बेटियों के जन्म को लेकर विभिन प्रकार की सामाजिक धारणाएं व्यापत है जिसका खामियाजा मासूम बच्चियों को भुगतना पड़ता है ।

# चाकू लहराते लोगों को डरा-धमका रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

थाना सिटी कोतवाली पेट्रोलिंग पर रवाना पुलिस कर्मियों को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति जो सफेद रंग का शर्ट पहना है, दानीटोला शराब भट्ठी के पास अपने हाथ में एक धारदार हथियार को लहराते हुये आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर देखे तो एक व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार बटंची चाकू को अपने हाथ लेकर आम जगह पर लहरा रहा था जिसे देखकर आने जाने वाले लोगो में भय व्याप्त था। उक्त व्यक्ति को गवाहों के समक्ष घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम योगेश ध्रुव उर्फ काला उम्र 26 वर्ष निवासी मकेश्वर वार्ड धमतरी का रहने वाला बताया। आरोपी के कृत्य पर अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने से गवाहों के समक्ष विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी से धारदार बटंची चाकू जप्त कर उनके विरुद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र.21/25 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। धमतरी पुलिस द्वारा शहर में ऐसे घटनाओं को रोकने के लिये ऐसे असमाजिक तत्वों एवं बदमाशों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली से प्रआर सौरभ, दीपक साहू, आरक्षक मुकेश, चंदर, डायमंड, गोपाल कड़हरे का विशेष योगदान रहा।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को किया जाएगा। इस दिन जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों सिहावा, कुरूद और धमतरी के सभी मतदान केन्द्रों में वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम और नथिंग लाईक वोटिंग, आई वोट फॉर श्योर थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय गांधी मैदान धमतरी में 25 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नये मतदाताओं के स्वागत के साथ ही उन्हें रंगीन मतदाता फोटो परिचय पत्र का वितरण किया जाएगा तथा उपस्थित सभी मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही बैच का भी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधानसभा सिहावा के मतदान केन्द्र क्रमांक 216.जामपानी के बूथ लेबल अधिकारी चित्ररेखा नेताम, विधानसभा कुरूद के मतदान केन्द्र क्रमांक 159.नवागांव के बूथ लेबल अधिकारी खेमनसिंग कंवर और विधानसभा धमतरी के मतदान केन्द्र क्रमांक 47 परेवाडीह के बूथ लेबल अधिकारी उमेश कुमार जोशी को प्रशस्ति पत्र तथा नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसी तरह महाविद्यालय में स्वीप के तहत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड के प्रोफेसर और नोडल ऑफिसर स्वीप डॉ यशोदा साहू को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।



**भंवरपुर।** अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बाबा पारा भंवरपुर में भोज का आयोजन किया गया।

# तीन दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

आदिवासी विकास विभाग धमतरी में पदस्थ भृत्य शशांक वच्छानी बीते 5 फरवरी 2024 से अनाधिकृत रूप से कर्तव्य पर अनुपस्थित रहे। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग द्वारा उक्त भृत्य को इस संबंध में चार बार कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया, किन्तु कारण बताओ सूचना पत्रों का अब तक कोई जवाब नहीं दिया गया और ना ही कार्यालय में अपनी उपस्थिति दी गई। सहायक आयुक्त ने अंतिम रूप से कारण बताओ नोटिस जारी कर उक्त भृत्य को तीन दिन के भीतर कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नियत समयावधि में उपस्थिति नहीं देने पर उक्त भृत्य के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए सेवा से पृथक किया जाएगा, जिसके लिए वे स्वतः जिम्मेदार होंगे।

# कलेक्टर ने मतदाता दिवस पर कर्मचारियों को दिलाई शपथ



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने शुक्रवार क़ो संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों को देश क़ी लोकतान्त्रिक परम्पराओं क़ी मर्यादा बनाए रखते हुए निष्पक्षता के साथ सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को अवकाश की वजह से चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शपथ का कार्यम 24 जनवरी क़ो आयोजित किया गया। सभी ने यह शपथ ली कि लोकतंत्र में हम अपनी पूर्ण आस्था रखते हैं। हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर बिना किसी भेद-भाव अथवा प्रलोभन में आये अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। कलेक्टर ने इस अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के बारे में भी शपथ दिलाई।इसी तरह जिले के सभी कार्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल शेट्टे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे।

# तम्बाकू बेचने वाली दुकानों पर कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार तम्बाकू नियंत्रण हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एल कौशिक, जिला नोडल अधिकारी डॉ एम ए नसीम के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बस स्टैण्ड, म्युनिसिपल स्कूल, रिसाईपारा, रामबाग, अंबेडकर चौक के 100 मीटर क्षेत्र में तम्बाकू बेचने वाली दुकानों पर कार्रवाई की गई। विभिन्न तम्बाकू बिक्री करने वाले दुकानों मे निरीक्षण कर कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले व्यक्ति सहित नियमों का उल्लंघन करने वाले पान दुकान, जनरल शॉप, टी.स्टॉल, किराना दुकानों मे तम्बाकू नियंत्रण बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही 13 दुकानों पर दो हजार 300 रुपए का जुर्माना किया गया। इस अवसर पर औषधी निरीक्षक संदीप सूर्यवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस समारोह के लिए पुलिस परेड ग्राउंड पर हुई अंतिम रिहर्सल



पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल सुबह 9 बजे पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय ने निभाई। उन्होंने राष्ट्र ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस दौरान कलेक्टर दीपक अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा मौजूद रहे। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने अंतिम रिहर्सल के दौरान गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर अग्रवाल ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण पश्चात पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों द्वारा सलामी दी गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। परेड कमाण्डर के मार्गदर्शन में प्लाटूनों ने परेड का प्रदर्शन किया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। निरीक्षण में कलेक्टर अग्रवाल ने समारोह स्थल में अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पत्रकारों के लिए भी बैठक व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप विभागीय अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ घासीराम मरकाम, अपर कलेक्टर द्वय नवीन भगत, ऋषा ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व पुलिस विभाग के जवान एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# राज्यपाल रमेन डेका 27 जनवरी को रहेंगे जिले के प्रवास पर

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 27 जनवरी को गरियाबंद जिला के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान डेका विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। साथ ही जिले में शासन द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा करेंगे। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने राज्यपाल आगमन की सभी तैयारियों की जानकारी लेकर सभी तैयारियां समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। राज्यपाल डेका जिला प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों जल-संचयन हेतु नागरिकों को प्रोत्साहन, पौधारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन, जैविक कृषि को प्रोत्साहन, स्वच्छता, स्वास्थ्य, टी.बी. का उन्मूलन, असहाय, परित्यक्त वृद्धजनों की सहायता, ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं के कौशल का उपयोग आदि एजेण्डों की समीक्षा करेंगे। साथ ही महिलाओं की आय बढ़ाने एवं स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं की भागीदारी, नशा मद्यपान से ग्रसित लोगों के लिए सुधारात्मक उपाय, नशामुक्ति के लिए कार्यक्रम, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की गतिविधियों के संबंध में तथा नक्सली समस्या संबंधी एवं आकांविकासखंड के संबंध में भी आवश्यक चर्चा करेंगे।

# जिला अस्पताल में एक्स–रे जांच के जरिए टीबी मरीजों की पहचान

**धमतरी।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश में टीबी उन्मूलन के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके मद्देनजर धमतरी जिले में टीबी उन्मूलन की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एल कौशिक ने बताया कि अभियान के तहत टीबी के शंकास्पद मरीजों की खोज, उच्च जोखिम समूहों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन कर एक्स.रे जांच के माध्यम से टीबी मरीजों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में 34 लोगां का एक्स.रे जांच किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में कुल पंजीकृत एक हजार 364 मरीज हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है।

## त्रैमासिक बैठक 30 जनवरी को

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति की त्रैमासिक बैठक आगामी 30 जनवरी को आहूत की गई है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि यह बैठक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में शाम चार बजे से आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने उक्त बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम ऑक्शन हॉल गरियाबंद में आज

## निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को किया जायेगा सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम 25 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे गरियाबंद के ऑक्शन हॉल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी, संस्थाओं को उनके द्वारा संपादित उत्कृष्ट निर्वाचकीय कार्यो को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही कॉलेजों में मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित किए गए निबंध, चित्रकला, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम में नए मतदाताओं को बैच और एपिक कार्ड वितरित किया जाएगा।

# होटल, ढाबा, ठेला आदि में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्ठी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 22



आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 22 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है। इस दौरान थाना सिटी कोतवाली द्वारा 18, थाना हथबंद द्वारा 02 एवं थाना गिधौरी एवं लवन द्वारा 01-01 आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है।

### आरोपियों के नाम

पवन पैकरा उम्र 25 साल निवासी ग्राम मकरचबा थाना सिटी कोतवाली, भोजराज पैकरा उम्र 40 साल निवासी मगरचबा थाना सिटी कोतवाली, संजय बारले उम्र 37 साल निवासी ग्राम खैरघटा थाना सिटी कोतवाली, अशोक पांडे उम्र 50 साल निवासी संजय कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, अमर खूंटे उम्र 28 साल निवासी ग्राम पुरैना खपरी थाना सिटी कोतवाली, ओम साहू उम्र 24 साल निवासी सिंचाई कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, वीरेंद्र ठाकुर उम्र 45 साल निवासी सिविल लाइन बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, दीपक यादव उम्र 22 साल निवासी लोहिया नगर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, मनीष रात्रे उम्र 23 साल निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, परदेसी यादव उम्र 53 साल निवासी ग्राम रमदैया चौकी करहीबाजार, चैतराम साहू उम्र 47 साल निवासी ग्राम कोसमंदी थाना पलारी, सुंदर निर्मलकर उम्र 45 साल निवासी ग्राम भद्रापाली थाना सिटी कोतवाली, नवीन चंद्राकर उम्र 28 साल निवासी ग्राम नयापारा थाना सिटी कोतवाली, गौतम दास उम्र 39 साल निवासी समाधान गली बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, सोहेल खान उम्र 25 साल निवासी रिसदा रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, अरविंद शुक्ला उम्र 44 साल निवासी सिविल लाइन बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, प्रताप मरैया उम्र 53 साल निवासी ग्राम नयापारा थाना सिटी कोतवाली, ईश्वर यादव उम्र 32 साल निवासी पोस्ट ऑफिस के पास बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, डागेश्वर कुर्रे उम्र 27 साल निवासी ग्राम उड़ेला थाना हथबंद, सतीश सोनी उम्र 51 साल निवासी ग्राम सीतापार थाना हथबंद, भोला कुमार उम्र 25 साल निवासी ग्राम घटमडवा थाना गिधौरी, सरस्वती डहरिया 29 साल निवासी लवन थाना लवन।

# देश भक्ति पर विशेष आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और परेड की भव्य तैयारियां पूरी, विभागों की झांकिया का भी होगा प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com





राष्ट्र पर्व गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी 2025 का भव्य आयोजन इस बार कबीरधाम जिले में बड़े हर्षोउल्लास और देशभक्ति के उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस समारोह में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह आचार्य पंथ गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान, कवर्धा में आयोजिय होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवाई की विशेष उपस्थिति में समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने पूरी तत्परता और समर्पण के साथ समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत समारोह का शुभारंभ सुबह 8:58 बजे मुख्य अतिथि के आगमन के साथ होगा। 9:00 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रीय धुन और परेड सलामी के बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद हर्ष फायर, राष्ट्रपति जय घोष और मार्चपास्ट के माध्यम से गणतंत्र दिवस का आयोजन होगा। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश वाचन 9:25 बजे से किया जाएगा। समारोह के आकर्षण में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन, शहीद परिवारों का अभिनंदन और पुरस्कार वितरण शामिल हैं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में कुल 10 प्लाटून हिस्सा लेंगे। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह करेंगे, जबकि उप परेड कमांडर उप निरीक्षक त्रिलोक प्रधान होंगे। परेड में शामिल 10 प्लाटून में 17वीं वाहिनी छसबल जिला कबीरधाम, प्लाटून कमांडर एपीसी प्रभुवयाल गर्ग होंगे। जिला पुलिस बल (पुरुष) प्लाटून कमांडर उप निरीक्षक सिकंदर कुर्रे अपनी टीम के साथ कवर्धा जिले की सुरक्षा व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करते हुए इस प्लाटून का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण होगा। जिला पुलिस बल (महिला) से प्लाटून कमांडर सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार चंद्रवंशी होंगे। यह प्लाटून महिला सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका का प्रतीक है। नगर सेना प्लाटून कमांडर,नायक मंगलुराम मेरावी हो होंगी। नगर सेना का दल साहस और सुरक्षा का संदेश है। वन विभाग प्लाटून कमांडर, वन रक्षक तारकेश यादव होंगे। यह प्लाटून पर्यावरण संरक्षण और वनों के महत्व का संदेश इस प्लाटून के माध्यम से दिया जाएगा। एनसीसी (बालक) आचार्य पंथ गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा, प्लाटून कमांडरः सीनियर डिवीजन अंडर ऑफिसर पुनेश धुर्वे होंगे। इस प्लाटून मेंयुवाओं की ऊर्जा और राष्ट्र सेवा के प्रति उनका समर्पण इस प्लाटून में झलकेगा। एनसीसी (बालिका) आचार्य पंथ गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा प्लाटून कमांडर, जूनियर अंडर ऑफिसर अदिति मिश्रा है। यह महिला सशक्तिकरण और एनसीसी की भूमिका को दर्शाने वाली यह प्लाटून खास आकर्षण होगी। एनसीसी (बालक) स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कवर्धा प्लाटून कमांडर सार्जेंट दीपांशु कश्यप होंगे।यह दल उत्साह और अनुशासन का अद्भुत उदाहरण है। एनसीसी (बालिका)-स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कवर्धा प्लाटून कमांडर कैडेट रंजीता होंगी। बालिका एनसीसी दल राष्ट्र निर्माण और युवा शक्ति का प्रदर्शन करेगा। एनसीसी (बालिका) स्वामी करपात्री जी विद्यालय का दूसरा दल कैडेट कमांडरः संतोषी योगी होंगी। उनका यह दल अपने अनूठे प्रदर्शन से दर्शकों को आकर्षित करेगा।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकियां**-परेड के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें जिले के कुल सात विद्यालयों के छात्र-छात्राएं छत्तीसगढ़ की संस्कृति और देशभक्ति से जुड़े गीतों और नृत्यों की प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा, झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी, जो विकास कार्यों और सामाजिक संदेशों पर आधारित होंगी। पुलिस बैण्ड में प्रधान आरक्षक राजेश धुर्वे और प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश धुर्वे के नेतृत्व में राष्ट्रीय धुनें बजाई जाएगी। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत अशोका पब्लिक स्कूल और होली क्रॉस के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत एरोबिक व्यापम प्रदर्शन के साथ होगी।इसके अलावा जिले के दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा के छात्र छत्तीसगढ़ी फोक रिमिक्स "जामुल डाली पताल चटनी" पर प्रस्तुति देंगे। गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के विद्यार्थी "छत्तीसगढ़ महतारी" और "बस्तर मोचो सुंदर माटी" थीम पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा "नक्सल मुक्त बस्तर" थीम पर एक संदेशपूर्ण प्रस्तुति देगा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कवर्धा की प्रस्तुति में आजादी में महिलाओं के योगदान को नारी शक्ति के रूप में रेखांकित किया जाएगा। अभ्युदय स्कूल कवर्धा "इंडियन वूमेन फोर्स,आसमान दी परी" पर प्रदर्शन करेगा।

# सरस्वती कन्या शाला की छात्राओं ने रायपुर की धरोहर पर सुन्दर चित्रकला का प्रदर्शन कर दिया सकारात्मक संदेश

## नगर निगम संस्कृति पर्यटन विभाग की अभिनव पहल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम उपायुक्त संस्कृति विभाग डॉ. अंजलि शर्मा के मार्गदर्षन में नगर निगम संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा अभिनव पहल कर रायपुर की धरोहर पर चित्रकला स्पर्धा का कक्षा 9 वीं से 12 वीं की स्कूल छात्राओं के मध्य रोचक आयोजन सरस्वती कन्या शाला पुरानी बस्ती में रखा गया। इसमें स्कूल की छात्राओं ने उत्साह के साथ चित्रकला स्पर्धा में सम्मिलित होकर सुन्दर चित्रकला का प्रदर्शन करते हुए जन-जन को रायपुर की धरोहर को लेकर सकारात्मक संदेश दिया। छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद की विशालकाय मूर्ति बूढातालाब स्वामी विवकानंद सरोवर, नगरघडी गुरू घासीदास टाइम स्कवेयर, प्राचीन दुधाधारी मठ, दीपावली पर्व सहित छत्तीसगढ़ राज्य की धरोहर को लेकर ड्राइंग सीट पर सुन्दर चित्र उकेरे इस दौरान स्कूल की प्राचार्या सीमा वर्मा, शिक्षिकाओं, निगम संस्कृति विभाग की श्वेता शिंदे सहित स्कूल की छात्राओं की उपस्थिति रही। नगर निगम संस्कृति एवं पर्यटन विभाग उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने जानकारी दी है कि 25 जनवरी 2025 शनिवार को सुबह पुरानी बस्ती सरस्वती कन्या शाला की छात्राएं एवं एनआईटी रायपुर के विद्यार्थीगण नगर निगम रायपुर के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा सहित राजधानी शहर रायपुर के लिली चौक पुरानी बस्ती से टुरी हटरी तक हैरिटेज वॉक पर जायेंगे। इस दौरान सरस्वती कन्या शाला की छात्राएं एवं एनआईटी रायपुर के विद्यार्थीगण राजधानी रायपुर शहर की प्राचीन धरोहर से अवगत होकर रूबरू होंगे। यह आयोजन नगर निगम संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की पहल पर किया गया है।

# अपर आयुक्त एवं प्रभारी अपर आयुक्त ने निगम में अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक लेकर पूछी उनकी समस्याएं

## सभी अधिकारी एवं कर्मचारी दिये गये निर्वाचन कार्य दायित्वों को अच्छी तरह निर्वहन करें

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में नगर निगम अपर आयुक्त यू.एस. अग्रवाल प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटीक ने नगर निगम मुख्यालय भवन के सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। कर्मचारियों ने अपर आयुक्त को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अपर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम रायपुर कर्मचारियों की समस्याओं का नियमानुकुल समय पर निदान करने का कार्य कर रहा है। अपर आयुक्त ने निगम अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि राज्य निवार्चन आयोग एवं रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के संबंध में दिये गये कार्यदायित्वो का पूरी तत्परता से निर्वहन करें।

# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्टर कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्यालय में मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाया गया। इसमें स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, मती मोनिका कौड़ो, विनय पोयम, नरेन्द्र कुमार पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मती गीता रायस्त सहित अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# निगम भिलाई में मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ दिलाई आयुक्त ने



पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मतदाता दिवस परिपालन में मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया। नगर पालिक निगम भिलाई में नगरीय निकाय चुकाव की तैयारी हो चुकी है। जिसको देखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम सभागार में सभी अधिकारी/ कर्मचारियो की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। भिलाई क्षेत्र में वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड एवं 35 शारदा पारा केम्प-2 में पार्षद चुनाव कराया जा रहा है। जिसके लिए नागरिको को अपने-अपने वार्ड में प्रत्यासियों का चयन करने मतदान कराया जाना है। आयुक्त पाण्डेय ने दोनो वार्ड के बूथ का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियो को दे दिये है। जिससे मतदान करने आये हुए नागरिको को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। वार्ड के अधिक से अधिक नागरिको को अपना मद देने प्रोत्साहित करना है। जिससे नागरिक अपने मत का सही उपयोग कर अपने पसंद का अपने वार्ड का प्रत्यासी का चयन कर सके। इस बार निगम का लक्ष्य है 100न्न मतदान करेंगे, अपने वार्ड का पार्षद चुनेगे।

# कबीरधाम जिले में नगर निकाय और पंचायत चुनाव 2025 की तैयारियां जोरों पर

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 की घोषणा के बाद कबीरधाम के नगरपालिका, नगर पंचायतों एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में निर्वाचन के लिए अधिकारी-कर्मचारी को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। नगरीय निकाय के लिए 22 जनवरी से नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा दिया जा रहा है अंतिम तारिख 28 जनवरी तक है। त्रिस्स्तरीय पंचायत के लिए 27 जनवरी 2025 से रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा नाम निर्देशन के लिए प्रतिभूमि शुल्क की राशि निर्धारित किया गया है। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् हेतु 15 हजार रूपए, अध्यक्ष नगर पंचायत हेतु 10 हजार रूपए, वार्ड पार्षद नगर पालिका परिषद् हेतु 3 हजार रूपए एवं वार्ड पार्षद नगर पंचायत हेतु 1 हजार रूपए निर्वाचन लडने़ हेतु अभ्यर्थियों के लिए जमा की जाने वाली निक्षेप राशि है। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन जिला पंचायत सदस्य के लिए 04 हजार रूपए, जनपद पंचायत सदस्य हेतु 2 हजार रूपए, सरपंच हेतु 1 हजार रूपए तथा पंच हेतु 50 रूपए निर्वाचन लडने़ हेतु अभ्यर्थियों के लिए जमा की जाने वाली निक्षेप राशि निर्धारित की गई है। परन्तु जहां कोई अभ्यर्थी महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है, वहां विहित धनराशि का केवल आधा भाग निक्षेप राशि जमा करना होगा। निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थी द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन व्यय की सीमा निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार नगर पालिक परिषद कवर्धा, पंडरिया के लिए अध्यक्ष पद के लिए 8 लाख रूपए तथा नगर पंचायत इंदौरी, पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया औरी सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद के लिए 6-6 लाख रूपए व्यय सीमा निर्धारित की गई है।

# खुले में अवैध रूप से मांस मटन विक्रय करने वालो पर निगम की कर रही है कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में खुले में मांस मटन, चिकन, मछली अवैध रूप से विक्रय करने वालो पर निगम की टीम कार्यवाही कर रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने पांचो जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को आदेशित किये है, कि अपने-अपने जोन स्तर पर टीम गठित किया जावे। स्थानीय निवासियो द्वारा शिकायत की जाती है, कि अवैध रूप से चोरी छिपे मांस, मछली आदि का विक्रय उनके क्षेत्रो में किया जा रहा है। जबकि नगर निगम भिलाई द्वारा इसके लिए पूर्व से ही आखेट परिसर सुपेला, पावर हाउस, खुर्सीपार आदि जगहो पर स्थान निर्धारित किया गया है। वही पर विक्रय किये जाने की अनुमति है। विक्रय करने से पूर्व शासकीय नियमो का पालन करना आवश्यक है। कहीं पर भी दुकान लगाकर बेचना, कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। आयुक्त पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देशित किये है, कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधान अनुसार कार्यवाही करें। जो भी दुकानदार खुले में मांस विक्रय करते दिखे तो उन पर अर्थदण्ड की कार्यवाही करते हुए सामग्री को जप्त किया जावे। आज नगर निगम भिलाई के जोन क्रमांक 1 एवं 3 में कार्रवाई करते हुए 1800 रूपये का अर्थदण्ड लेकर रसीद दी गई एवं विक्रय करने वाले स्थान से हटवाया गया। शासन के दिशा.निर्देशो के अनुसार जिस दिन मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगा हो। उस दिन कोई भी दुकानदार मांस विक्रय न करे। शासन के नियमो का उल्लंघन करने वालो पर शक्ति से कार्यवाही की जाएगी कहीं पर भी मांस मछली विक्रय करना पूर्णता प्रतिबंधित है। कार्यवाही करने हेतु जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत मांझी, आदि को अधिकृत किया गया है वे सभी अपने-अपने दल के साथ कार्यवाही करते हुए इसका प्रतिवेदन स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को प्रस्तुत करेंगे।

# राष्ट्रीय मतदान दिवस : कार्यालय अधीक्षक ने अधिकारी-कर्मचारियो को दिलाई शपथ, मताधिकार का सदुपयोग करने की अपील

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



भारत निर्वाचन आयोग तथा छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार आज नगर निगम परिसर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर निगम के अधिकारी/कर्मचारियो ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होकर राष्ट्रीय मतदाता दिवस' का शपथ लिया। बता दे कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के कार्यालय जहां शनिवार अवकाश रहता है।आज कलेक्टर/निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश व कमिश्नर सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन पर शुक्रवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम 24 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे दुर्ग नगर निगम में कार्यालय अधीक्षक राज कमल बोकर ने अधिकारी और कर्मचारियो को शपथ दिलाई। हम,भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय,भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इस अवसर पर प्रभारी कार्यपालन अधिकारी आरके जैन, गिरीश दीवान, वीपी मिश्रा, संजय ठाकुर, धर्मेंद्र मिश्रा, जितेंद्र समैया, शशि यादव, ईश्वर वर्मा,वंदना श्रीवास्तव, हेमलता वर्मा, साक्षी वर्मा, चित्रलेखा चन्द्राकर, ब्रांड एम्बेसडर विश्वनाथ पानीग्राही सहित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें।

## अगर प्राइवेट बिल्डर से खरीदेंगे तो मिलेगा 15 से 18 लाख में

# अच्छे लोकेशन में प्रधानमंत्री आवास नगर निगम द्वारा मात्र 3.61 और 3.30 लाख में दिया जा रहा

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत में खुद का घर खरीदने का सुनहरा अवसर है। शासन की जनकल्याणकारी योजनों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासहीन हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया जा रहा है। निगम दुर्ग क्षेत्र में ऐसे नागरिक जो झुग्गी एवं गैर झुग्गी बस्ती में निवास करते है या जो किराये के मकानों पर अपना जीवन निर्वहन कर रहे है।उन नागरिको को प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानो का सुविधा दिया जाता है।यह मकान अच्छे लोकेशन पर अगर हम प्राइवेट बिल्डर से खरीदेंगे 15 से 18 लाख में मिलेगा जिसको शासन द्वारा 3.61 और 3.30 लाख में दिया जा रहा है। इसकी दिवाल मजबूती कांक्रीट की बनी हुई है। 3-4 किलोमीटर मार्केट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, कोर्ट पुलिस थाना, बाजार, सड़के, पहुंच मार्ग, खेलकूद की सुविधा, लाइट, पानी, अटैच, किचन, लैटिंग, बाथरुम सब कुछ उपलब्ध है। शासन द्वारा जिनके पास स्वयं का मकान नहीं है वे इस योजना का लाभ ले सकते है। कलेक्टर/निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने दुर्ग क्षेत्र के आवासहीन नागरिको से कहा है, कि जिन हितग्राही के पास स्वयं का मकान नहीं है, उन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शासन के नियमानुसार मकान का आबंटन किया जा रहा है। मकान प्राप्त करने के लिए महत्वूपर्ण दस्तावेज जैसे- नागरिक 31 अगस्त 2015 से पूर्व निवासरत हो जिनका (मतदाता सूची/ किरायानामा/निवास प्रमाण/ जनगणना 2011 की सूची में नाम हितग्राही का भारत में कही भी पक्का मकान न हो, परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से अधिक न हो। जिन हितग्राही के पास सभी दस्तावेज हो वह हितग्राही इस योजना का लाभ ले सकते है। बोरसी में गणपति विहार के पीछे प्रधानमंत्री आवास योजना के दो प्रोजेक्ट तैयार है जिसमे 108+108=216 आवास (फ्लैट) तैयार है! जिसमें 216 परिवारो को आवास दिया जायेगा। एक मकान की लागत 3.61 लाख और 3.31 लाख है, जिसमें केन्द्र शासन का और राज्य शासन का अंशदान शामिल है।जो हितग्राही 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा करते है उन्हे ही लॉटरी में शामिल कर मकान का आबंटन किया जायेगा। वरिष्ठ एवं दिव्यांगजन आवेदको के लिए भू-तल के आवास आरक्षित रखा गया है। हितग्राही अपनी इच्छा के अनुरूप आवेदन कर आवास का लाभ उठावें।

**मांग सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत, उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड– (आईआईएफएल एचएफएल) (जिसे पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए है– उधारकर्ता(ओं) को जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस (नोटिस) में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए कहा गया है। उपरोक्त के संबंध में, एतदद्वारा एक बार फिर उधारकर्ता(ओं) को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है, नीचे दी गई राशि, मांग नोटिस की तारीख से भुगतान की तारीख तक आगे ब्याज के साथ, उधारकर्ता(ओं) का विवरण, मांग सूचना की तारीख को देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान हेतु दी गई सुरक्षित विवरण निम्नानुसार है:–

| कर्जदार/गारंटर का नाम | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | सुरक्षित आस्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| श्री देवेश मिश्रा, श्री. दीपेश मिश्रा, श्रीमती हर्षा मिश्रा, श्रीमती. विजया लक्ष्मी मिश्रा (प्रोस्पेक्ट नं 771434, 856926, 952060) | 22–01–25 (प्रॉस्पेक्टस नं. 771434) रु. 2944025.00/– (रूपये उनतीस लाख चौवालीस हजार पच्चीस मात्र) (प्रॉस्पेक्टस नं. 856926) रु. 754199.00/– (रूपये सात लाख चौवन हजार एक सौ निन्यानवे मात्र) (प्रॉस्पेक्टस नं. 952060) रु. 245822.00/– (रूपये दो लाख पैंतालीस हजार आठ सौ बाईस मात्र) | संपत्ति के सभी अंश और हिस्से : परिवर्तित खसरा नंबर 728/114 (खसरा नंबर–728/79 का हिस्सा), पीएच नंबर 64/1 बंदोबस्त नंबर 64, प्लॉट नंबर 31, मौजा – कसारीडीह (इलाका– केलाबडी दुर्ग), आरआईसी दुर्ग –01 में स्थित है। एनपीएन दुर्ग, तहसील एवं जिला दुर्ग (सी.जी.), 492001, क्षेत्रफल माप (वर्ग में फीट): संपति का प्रकार: भूमि/क्षेत्र, निर्मित/क्षेत्र, कालीन/क्षेत्र, संपत्ति क्षेत्र: 807.50, 1195.00, 896.00 |

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने मे विफल रहते है, तो आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है, पूरी तरह से उधारकर्ताओं के जोखिम, लागत और परिणामों पर होगा। अधिक जानकारी के लिए कृप्या शाखा कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें शाखा कार्यालयः प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, दुकान नं. 106–107, होटल अमित रीजेंसी के सामने, मोती बाग चौक, रायपुर, छ.ग. 492001/ या कॉर्पोरेट कार्यालय– आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गांव, हरियाणा

स्थानः रायपुर तिथि: 25.01.2025 हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
SAPNE AAPKE SAATH HAMAARA

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 ( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **अशोक कुमार,** श्रीमती रितु सोनकर जमानतदार : श्री आशीष सोनी खाता सं. LNDHM00620-210162716 | 9 अगस्त 2023 ₹ 1167127/- 7 अगस्त 2023 | केएच नं. 485/10, पीएच नं. 06, वार्ड नं. 13, महात्मा गांधी वार्ड, सेन समाज भवन के पास, चारामा, कांकेर, छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 1851 वर्ग फीट** | भौतिक कब्जा दिनांक 23 जनवरी 2025 |

स्थान : जयपुर दिनांक : 25-01-2025 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

## संपादकीय

# ट्रंप का आदेश एच 1बी वीजा सुधार

**डोनाल्ड** ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा सुधारों से वीजा व्यवस्था की विकृतियां बड़ी सीमा तक दूर होंगी और भारतीय पेशेवरों को लाभ होगा। एच-1बी वीजा लंबे समय से कुशल विदेशी कामगारों, खासकर भारतीयों के लिए महत्वपूर्ण रहे हैं जिन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 2023 में एच-1बी वीजा प्राप्त करने वालों में 72 प्रतिशत भारतीय थे, इसलिए इस कार्यक्रम में किसी सुधार का भारतीय पेशेवर समुदाय पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। अपने दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एच-1बी वीसा व्यवस्था में आमूल सुधार शुरू किए हैं तथा चयन प्रक्रिया को लाटरी-आधारित व्यवस्था के बजाय वेतन-आधारित माडल में बदल दिया है। 17 जनवरी, 2025 से लागू होने वाले इन परिवर्तनों का लक्ष्य वीजा प्रक्रिया को सहज बनाना तथा अत्यधिक कुशल पेशेवरों को प्राथमिकता देना है। एच-1बी वीजा कार्यक्रम की शुरुआत 1990 में की गई थी और इसका उद्देश्य अमेरिकन कंपनियों को विशिष्ट कौशल वाले विदेशी कामगारों की सेवा लेने की अनुमति देना था। यह टेक् व उभरते क्षेत्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध हुए हैं और इनसे कंपनियों को कौशल की कमी पूरी करने में सहायता मिली है। अकेले वर्ष 2023 में 386,000 एच-1बी वीजा जारी एि गए थे जिनमें से लगभग तीन चौथाई भारतीय नागरिकों को मिले थे। इस कार्यक्रम से न केवल कौशल की कमी को संबोधित कर अमेरिकन अर्थव्यवस्था को लाभ मिला, बल्कि इससे भारत-अमेरिका संबंधों को भी प्रतिभा एवं खोज के हस्तांतरण से भी लाभ हुआ।



सर्वाधिक उल्लेखनीय परिवर्तन लाटरी-आधारित व्यवस्था के बजाय वेतन-आधारित चयन प्रक्रिया है। इस सुधार से सुनिश्चित होगा कि अत्यधिक कुशल पेशेवर को प्रतियोगी वेतनों पर प्राथमिकता दी जाएगी जिससे कार्यक्रम ज्यादा 'प्रतिभा प्रमुख' बनेगा। इसके साथ ही अब अमेरिका में रह रहे भारतीय पेशेवर अपने एच-1बी वीजा का नवीनीकरण वहीं रह कर करवा सकेंगे। इससे महंगी तथा समय लगने वाली अंतरराष्ट्रीय यात्रा से मुक्ति मिलेगी। एफ-1 वीजा पर अमेरिका में अध्ययन कर रहे छात्रों के लिए अच्छी खबर है कि अब इनका एच-1बी वीसा में हस्तांतरण ज्यादा प्रभावी रूप से हो सकेगा जिससे कॅरियर में प्रगति सहज बनेगी।

अब शोध उन्मुख संस्थानों को वार्षिक वीजा सीमा से बाहर रखा गया है जिससे अकादमिक और वैज्ञानिक खोज को बढ़ावा मिलेगा। इन सुधारों का उद्देश्य खासकर भारतीय पेशेवरों और छात्रों को लाभ पहुंचाना है। वेतन को प्राथमिक आधार बनाने से टेक्नोलोजी, इंजीनियरिंग व स्वास्थ्यरक्षा जैसे अत्यधिक मांग वाले क्षेत्रों में भारतीय कुशल कामगार ज्यादा आसानी से वीसा प्राप्त कर सकेंगे। सहज प्रक्रिया तथा देश में ही रह कर नवीनीकरण से पेशेवरों और उनके परिवारों में अनिश्चितता दूर होगी। सर्वोत्तम कौशल बनाए रखना सुनिश्चित कर ये परिवर्तन अमेरिका और भारत के बीच आर्थिक व तकनीकी सहयोग और मजबूत करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के सुधारण प्रतिभा प्राप्ति और आर्थिक प्रगति के प्रति रणनीतिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करते हैं। वीजा नीतियों को अमेरिकन बिजनेसों की आवश्यकताओं से जोड़ने तथा प्रतिभा को पुरस्कृत कर ये परिवर्तन खोज एवं क्षमता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। हालांकि, ये सुधार सही दिशा में एक कदम हैं, पर इसके लिए वीसा धारकों तथा सेवायोजकों पर कठोर निगरानी जरूरी होगी। एच-1बी वीसा सुधार के इस कदम से पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, पर इससे छोटी कंपनियों के समक्ष चुनौतियां भी बढ़ेंगी जो प्रतियोगी पर कम वेतन का प्रस्ताव करती हैं। इसके साथ ही इस परिवर्तन से भारतीय पेशेवरों पर भी दबाव बढ़ेगा कि वे अपने कॅरियर विकल्पों को उच्च-वेतन वाली भूमिकाओं के अनुरूप निर्धारित करें। इसके परिणामस्वरूप अकादमिक व गैर-मुनाफे वाले क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं।

# रेणुका जी बांध का महत्व

हिमाचल प्रदेश की गिरि नदी पर आधी शताब्दी पहले रेणुका जी बांध की कल्पना की गई थी। इससे भारत के 6 राज्यों में पानी व ऊर्जा संकट दूर करने में सहायता मिल सकती है।



**केएस तोमर**
(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं)



हिमाचल प्रदेश की महत्वपूर्ण गिरि नदी पर 58 वर्ष पहले रेणुका जी बांध परियोजना की कल्पना की गई थी, लेकिन अंतत: अब दशकों के विलंब के बाद इसे गेम-चेंजर माना जा रहा है। इस उल्लेखनीय पहल से जहां दिल्ली का भयानक जल संकट दूर होगा, वहीं हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश को टिकाऊ रूप से बिजली मिलेगी। वित्तीय लाभों के साथ ही यह बांध संघीय सहयोग तथा राजनीतिक प्रतिबद्धता का भी प्रतीक बनेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल तरीके से 6,946 करोड़ की इस परियोजना की नीव 27 दिसंबर, 2021 को रखी थी।

अब इसकी 95 प्रतिशत प्रक्रियागत बाधायें दूर होने के बाद वैश्विक टेंडर जल्द ही जारी किए जाएंगे और इसके निर्माण का रास्ता साफ होगा। अनुमान है कि अब इस पर 8,262 करोड़ रुपये खर्च होंगे जो पांच प्रति वार्षिक वृद्धि है। 2030 में पूरी होने की आशा वाली इस परियोजना को 2032 में सक्रिया किया जाएगा जो दिल्ली तथा इसके अतिरिक्त अनेक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण होगी। दिल्लीवासियों के लिए यह बांध 58 साल पुराना सपना साकार होने की तरह है।

इसमें भंडारित जल हथिनीकुंड बराज से होकर वजीराबाद और ओखला बैराजों से गुजरता हुआ दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा को मिलेगा। दिल्ली में रोज 1,200 मिलियन गैलन-एमजीडी पानी की मांग है और गर्मी में उसे गंभीर संकट का सामना करना पड़ता है। रेणुका जी बांध से मिलने वाला 275 एचजीडी पानी इस कमी को पूरा करेगा, घरेलू सप्लाई को गति देगा तथा औद्योगिक विकास व ढांचागत विकास में अत्यंत सहायक भी बनेगा।

हरियाणा इसमें सबसे ज्यादा 47.82 प्रतिशत यानी 555.95 करोड़ खर्च करेगा। इसके बाद उत्तर प्रदेश 31.05 प्रतिशत यानी 361.04 करोड़, राजस्थान 9.34 प्रतिशत यानी 108.58 करोड़ तथा हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली क्रमश: 36.67 करोड़, 30.17 करोड़ तथा 70.25 करोड़ रुपये खर्च करेंगे। इस प्रकार राज्य इस महत्वपूर्ण परियोजना में 1,162,66 करोड़ रुपये खर्च करेंगे। मूल रूप से इस परियोजना का लक्ष्य दिल्ली में 2025 के विधानसभा चुनाव के पहले प्रगति दिखाना था, पर विलंब के कारण इसके निर्माण में 5-6 महीनों का विलंब हुआ। प्रधानमंत्री कार्यालय के हस्तक्षेप से डिजाइन स्वीकृति तथा टेंडर प्रक्रिया में तेजी आई है, पर स्थानीय स्तर पर तनाव बना हुआ है। जनसंघर्ष समिति ने परियोजना अधिकारियों की आलोचना करते हुए कहा है कि उन्होंने पुनर्वास प्रयासों के लिए बहुत कम रकम निर्धारित की है। इसके अलावा विस्थापित परिवारों के लिए समुचित मुआवजे का प्राविधान नहीं है।

एक्टिविस्टों की मांग है कि सार्वजनिक कार्य विभाग के अनुमानों की तुलना में भुगतान अधिक होना चाहिए और वर्तमान मुआवजा नाकाफी है। एचपी पावर कार्पोरेशन के प्रबंध निदेशक हरिकेश मीना इन आरोपों को खारिज करते हुए बताते हैं कि 1,573 करोड़ रुपये बांटे जा चुके हैं और 90 बेघर परिवारों को पुनर्वास विकल्प दिए गए हैं। इससे हिमाचल प्रदेश को हर साल 66 करोड़ रुपये की 200 मिलियन यूनिट बिजली मिलेगी। दिल्ली ने 270 करोड़ फंड हस्तांतरित कर दिया है जिससे 300 करोड़ की बिजली मशीनरी का 90 प्रतिशत भुगतान हो गया है। इससे परियोजना का महत्व स्पष्ट होता है। रेणुका जी बांध हिमाचल के सिरमौर जिले में स्थित होगा जो अपने भौगोलिक व जलविज्ञान लाभों के दृष्टिकोण से बांध के लिए आदर्श स्थल है। यमुना की सहायक गिरि नदी इसमें निरंतर जल प्रवाह सुनिश्चित करेगी। इस स्थल का असाधारण सांस्कृतिक महत्व भी है। यह भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम की माता देवी रेणुका के नाम से जुड़ा है। इस क्षेत्र में पौराणिक रेणुका झील भी है। यह भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक झील है जहां पूरे साल तीर्थयात्री आते रहते हैं।

देवी रेणुका और भगवान परशुराम के प्राचीन मंदिर इस क्षेत्र का ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व और बढ़ा देते हैं। इस प्रकार यह परियोजना धार्मिक महत्व के साथ तकनीकी महत्वाकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व भी करती है जो आने वाली अनेक पीढ़ियों तक दिल्ली की प्यास और ऊर्जा आवश्यकता पूरी करने के लिए तैयार है। 8,262.28 करोण की रेणुका जी बांध परियोजना में 148 मीटर ऊंचा चट्टानों से बना ढांचा होगा जो 6 राज्यों को पानी और बिजली सप्लाई करेगा। इससे 1,508 हेक्टर जमीन डूबेगी तथा इससे 7,000 निवासी विस्थापित होंगे जिनमें 346 बेघर परिवार भी शामिल हैं।

यह परियोजना 41 गांवों और 25 पंचायतों में फैली होगी। जनवरी, 2019 में 6 लाभार्थी राज्यों के साथ केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एमओयू हस्ताक्षर करवाने में सफलता पाई। 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने इस परियोजना को वित्तीय समर्थन देने की स्वीकृति दी जिससे यह परियोजना कार्यरूप में परिणत हो सकी। डहाऊ गांव के निकट स्थित बांध में 498 मिलियन क्यूबिक मीटर जल एकत्र होगा जिसे प्रमुख बैराजों के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत इससे दिल्ली को प्रति सेकेंड 23,000 लीटर जल प्रदान किया जाएगा।

इसके साथ ही 40 मेगावाट पनबिजली उत्पादन से हिमाचल प्रदेश को हर साल 120 करोड़ रुपये की प्राप्ति होगी। तकनीकी विशेषज्ञों का अनुमान है कि गिरि नदी के प्रवाह में 110 प्रतिशत वृद्धि होगी जिससे गर्मी के मौसम में लगातार पानी की सप्लाई सुनिश्चित होगी। इस प्रकार रेणुका जी बांध दीर्घकालीन लाभ, दिल्ली के लिए बेहतर जल उपलब्धि, सिंचाई क्षमता में वृद्धि तथा ऊर्जा उत्पादन का मार्ग खोलता है। यह एक प्रकार से सहयोगी संघवाद तथा ढांचागत विकास का भी प्रतीक है।

केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-पीएमकेएसवाई के अंतर्गत 90 प्रतिशत लागत वहन करने की स्वीकृति के बाद परियोजना की वित्तीय बाधा दूर हुई। इससे राज्यों की ओर से आने वाला धन प्रवाह भी आसान हुआ और दिल्ली ने फौरन अपने हिस्से का 1,066 करोड़ रुपया मंजूर कर दिया। केन्द्र सरकार ने परियोजना पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उसने इसे जल शक्ति अभियान तथा जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना से भी जोड़ा जिससे बांध का महत्व रेखांकित होता है। परियोजना में तेजी से अनुमतियां मिलने, जीवन्त मध्यस्थता तथा फंडिंग की प्रतिबद्धता से राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रकट होती है। इस परियोजना का निर्माण कार्य इस वर्ष के मध्य तक शुरू हो जाएगा तथा इसके पूरे होने का समय 2032 रखा गया है। ऐसे में समय पर क्रियान्वयन के लिए गंभीर निगरानी की जरूरत है। रेणुका जी बांध सहयोगी संघवाद का बहुत अच्छा उदाहरण है जहां केन्द्र और राज्य मिल कर चुनौतियों का सामना करते हैं।

टिकाऊ विकास के प्रतीक के रूप में रेणुका जी बांध राजनीतिक इच्छाशक्ति अंतर-राज्य सहयोग और जटिल चुनौतियों से निपटने में सामुदायिक सहयोग का भी महत्वपूर्ण स्तंभ है। हिमाचल प्रदेश को 'हरित ऊर्जा केन्द्र' के रूप में बदलने तथा दिल्ली की पानी की आवश्यकता पूरी करने वाली यह परियोजना समावेशी विकास तथा पर्यावरण संरक्षण का भी उल्लेखनीय उदाहरण है।

# हिंसा त्यागकर शांति को अपनाएं

"सच्चा परिवर्तन प्रतिशोध में नहीं, बल्कि प्रेम और शांति के दिव्य गुणों से फिर से जुड़ने में निहित है।"

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



आज हम एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां हिंसा हमारी संस्कृति बन गई है। इसे दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे सैकड़ों युद्धों में देखा जा सकता है या इसे ब्रह्मांड भर के शहरों और घरों में हर दिन होने वाली असंख्य हिंसक घटनाओं के माध्यम से देखा जा सकता है। तो, आखिर किस वजह से हिंसा इतनी फैल गई है, जबकि लोग इसकी कड़ी निंदा करते हैं?

हम सभी जानते हैं कि मानव सभ्यता का इतिहास हिंसा की एक महाकाव्य गाथा है, जिसमें सापेक्ष शांति के प्रसंग भी शामिल हैं। हिंसा, सूक्ष्म और स्थूल, प्रकट और गुप्त, पिछले दो सहस्राब्दियों में सत्ता के लिए मानवता की खोज की परिभाषित शक्ति रही है। साम्राज्यों का उत्थान और पतन, धार्मिक धर्मयुद्ध और सदियों से सामाजिक-राजनीतिक विद्रोह बड़े पैमाने पर हिंसा से प्रेरित थे। हिंसा मानव मानस में इतनी गहराई से समा गई है, इसका एक प्रमुख कारण यह है कि एक ओर, हम इसकी निंदा करते हैं, लेकिन दूसरी ओर हम इसे उचित ठहराते हैं या इसे उचित ठहराते हैं। 21वीं सदी में, जिसमें हम सभी जीने का दावा करते हैं, मीडिया, खासकर टेलीविजन, इंटरनेट और फिल्मों द्वारा हिंसा को चतुराई से महिमामंडित किया गया है।

एक ऐसी दुनिया जो हिंसा पर इतनी अधिक निर्भर है, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि इसके निवासियों के लिए रहना तेजी से खतरनाक होता जा रहा है। यह एक ज्ञात तथ्य है कि आज हिंसा राजनीतिक और सामाजिक न्याय की तलाश का साधन बन गई है। लोग भगवान के नाम पर लोगों की हत्या करते हैं और बाद में, जब धर्म के रखवाले इन हत्याओं को धर्म के रूप में उचित ठहराते हैं, जब इसका इस्तेमाल किसी नेक उद्देश्य के लिए किया जाता है। इन सबके बीच, एक सवाल यह उठता है कि



क्या कोई इतनी हिंसा को उचित ठहरा सकता है? या, क्या हिंसा कभी अधर्म को जड़ से खत्म कर सकती है?

अच्छा!!!! धर्म पर विजय पाने के लिए हमें सबसे पहले स्वयं के सच्चे धर्म को समझना होगा। हम सभी को यह समझना चाहिए कि अच्छाई या बुराई मानव आत्मा के गुण हैं और मृत्यु के बाद भी ये गुण या संस्कार अगले जन्म में चले जाते हैं। यह संस्कार व्यक्ति के अगले जन्म में उसके कर्म के अनुसार बदल सकता है या मजबूत हो सकता है। इसलिए, इसका मतलब यह है कि कोई व्यक्ति किसी बुरे व्यक्ति को मार सकता है, लेकिन उस व्यक्ति में मौजूद बुराई को नष्ट नहीं कर सकता। इसके बजाय, यह नफरत और बदले की भावना के कारण और भी बढ़ जाएगा। याद रखें!! एक बुरे काम के लिए वर्तमान या अगले जन्म में कर्म के नियम के अनुसार दंडित होना ही पड़ता है, क्योंकि एक प्राकृतिक न्याय प्रणाली है जो अचूक और शाश्वत रूप से काम करती है। इसलिए, किसी को कभी नहीं सोचना चाहिए कि अगर कोई गलत काम करके गलत का बदला लेता है, तो उसे कोई नुकसान नहीं होगा। नहीं!

सच्चाई यह है कि इस मामले में, दोनों व्यक्तियों को कुछ कष्ट सहकर अपने-अपने गलत कार्यों के लिए भुगतान करना होगा क्योंकि दूसरों के प्रति दुर्भावना से किया गया कोई भी कार्य हिंसा है और इससे कर्ता को दुख अवश्य मिलता है। इसलिए, एक व्यक्ति देश के कानूनों से बच सकता है, लेकिन उसके कर्म उसे जल्द या बाद में पकड़ लेंगे। हम सभी को धर्म शब्द के पीछे के दर्शन को समझने की जरूरत है। सही मायने में धर्म का मतलब है शांति और प्रेम जैसे शाश्वत आध्यात्मिक मूल्यों के अनुसार जीना। जब हम दूसरों के साथ प्रेम और सद्भावना बाँटते हैं तो उस व्यक्ति में भी वैसी ही भावनाएँ जागृत होती हैं।

इसके विपरीत, जब हम दूसरों से घृणा करते हैं और उन्हें नुकसान पहुँचाते हैं तो उनमें भी दुर्भावनाएँ उत्पन्न होती हैं। ईश्वर ने हमारे लिए जो संसार बनाया था वह पूरी तरह से अहिंसक और सामंजस्यपूर्ण संसार था जहां कोई बुराई नहीं थी। अच्छाई हमेशा विद्यमान रहती है; जब हम अपने वास्तविक मूल्यों से दूर होने लगते हैं तो हम नकारात्मक प्रवृत्तियों के गुलाम बन जाते हैं। हम सभी सर्वशक्तिमान की संतान हैं जो प्रेम, शांति और आनंद का सागर है, इसलिए उसके गुण हमारे भी शाश्वत गुण हैं, है न? इसीलिए सभी मनुष्य घृणा का विरोध करते हैं। वे कभी भी प्रेम या आनंद का विरोध नहीं करते। वह हमेशा सभी के प्रति दयालु और परोपकारी है, इसलिए वह हिंसा को कैसे उचित ठहरा सकता है?

और पृथ्वी पर शांति और सद्भाव वापस लाने का एकमात्र तरीका है कि हम आध्यात्मिक रूप से खुद को सशक्त बनाएं और अपने मन से सभी नकारात्मकताएं दूर करें। इससे दुनिया से हिंसा पूरी तरह से खत्म हो जाएगी और दुनिया वैसी ही शांत और शांतिपूर्ण हो जाएगी जैसी वह थी।

## आप की बात

### असंभव को संभव बनाना

**भारत** में जब नवाचार और दृढ़ इच्छाशक्ति की चर्चा होती है, तो केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम सबसे आगे चमकता है। वे एक ऐसे द्रष्टा हैं जो विचारों को वास्तविकता बनाने का साहस रखते हैं। उन्होंने एक अभूतपूर्व विचार को जन्म दिया है जो शौचालय के पानी को पुन: उपयोग कर 300 करोड़ रुपये की वार्षिक आय का सपना साकार करता है। यह प्रयास न केवल आर्थिक प्रगति की दृष्टि से नई नींव रखता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाता है। शौचालय का जल कृषि और उद्योग में पुन: उपयोग करने से नदियों और जलस्रोतों पर दबाव कम होगा, जिससे जल का संरक्षण होगा और हमारी पृथ्वी को नई सांस मिलेगी। यह वेस्ट टू वेल्थ का महान उदाहरण है, जहां गडकरी जी ने इसे साकार करने के लिए प्रभावी कार्य योजनाएं प्रस्तुत की हैं। इस नवाचार का मूल सिद्धांत है कि बुद्धिमत्ता से संसाधनों का उपयोग कर हम आत्मनिर्भरता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। यह एक प्रेरणा है कि नई सोच और ठोस कार्यवाही देश को कैसे अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। अंतत:, यह पहल एक आर्थिक रणनीति से कहीं अधिक है; यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जो बदलाव की नई कहानी लिखता है और भारत को विश्व मंच पर एक अनोखी पहचान देता है। यह स्पष्ट करता है कि जहां नवाचार और दृढ़ इच्छाशक्ति मिलती है, वहां असंभव की कोई जगह नहीं।

\- **आरके जैन**, बड़वानी

### नेताजी बोस का योगदान

**भारत** की स्वतंत्रता की लड़ाई में महात्मा गांधी और पंडित नेहरू के नेतृत्व में अहिंसक आंदोलन की भूमिका को अक्सर महत्व दिया जाता है, लेकिन क्या यह सचमुच ऐसा है? क्या सुभाष चंद्र बोस की भारतीय राष्ट्रीय सेना का प्रभाव भी इसमें महत्वपूर्ण था? इस सवाल का जवाब ढूंढने के लिए हमें इतिहास के पन्नों को पलटना होगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की फाइलों को सार्वजनिक किए जाने से आधुनिक भारतीय इतिहास को फिर से लिखने की आवश्यकता पर एक बड़ी बहस छिड़ गई है। नेताजी के विद्वान जनरल जीडी बख्शी की अभी तक प्रकाशित न हुई किताब में क्लेमेंट एटली के साथ बातचीत प्रकाशित की गई है। इन बातचीत में तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा था कि भारत को स्वतंत्रता दिलाने में नेताजी की सेना की भूमिका सर्वोपरि थी, जबकि अहिंसक आंदोलन की भूमिका को न्यूनतम बताया गया था। सुभाष चंद्र बोस की भारतीय राष्ट्रीय सेना ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा भी उनका था। लेकिन क्लेमेंट एटली के बयान से यह स्पष्ट होता है कि सुभाष चंद्र बोस की भारतीय राष्ट्रीय सेना का प्रभाव भी इसमें महत्वपूर्ण था।

\- **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद, मप्र

### रहस्यमय बीमारी

**वर्तमान** परिदृश्य में हम आधुनिकरण और तकनीकी युग में तो कल रहें है पर कुछ पहलू चुनौती बनकर उभरते हैं। विगत समय से जम्मू कश्मीर में रहस्यमय बीमारी खोफ पैदा करने में पीछे नहीं हैं। जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के बधाल गांव में रहस्यमय बीमारी पैर पसार कर खौफनाफ मंजर भरा माहौल निर्मित कर रही है। इस बीमारी से 7 दिसम्बर 2024 से अब तक गांव के तीन परिवारों में 17 मौत हों चुकी है। जो दु:ख दर्द की प्रकाष्ठा को तो पार करती हैं , साथ ही चिंतनीय भी है। की आखिर ऐसी कोन सी बीमारी है जो इतने कम समय में 17 लोगों को गिल गई। और तो और सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा और इन परिवारों में नए 4 मरीज और मिले। गांव में सनसनी सी फैल गई की क्या रहस्य है , कोन सी बीमारी है। संदेह जताने वाली बात यह लग रही की जिन 17 लोगों की मौत हुई उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में न्यूरोटाक्सिन जहर की पुष्टि हुई। इस रहस्यवाली बीमारी से खोफ का माहोल हे साथ ही केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए 16 विशेषज्ञों के अलावा कई संस्थानों के बड़े डॉक्टर बीमारी का कारण जानने के लिए रातदिन जुटे हैं। ईस बीमारी से दिमाग और नर्वस सिस्टम डैमेज हों रहा है। कुछ भी हो उन परिवारों पर क्या बीत रही होगी जिन्होंने इतने कम समय में इतने लोगों को खो दिया। स्वाभाविक है गांव में रहस्यमय मौत का मंजर चल रहा और लोग सहमे सहमे हैं।

\- **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### नकदी वितरण अनुचित

**चुनावी** आश्वासन हो अथवा राज्य की योजनाएं, जाति विशेष के विद्यार्थियों के लिए हो अथवा पन्थ मजहब के आधार पर, महिलाओं को अथवा किसानों को ... किसी को भी किसी भी आधार पर नकद राशि खाते में देना न तो समाज कल्याण है न ही राष्ट्र कल्याण अपितु भ्रष्टाचार का एक वीभत्स रूप है जो अपने देश के राजनीतिक दलों द्वारा सामाजिक न्याय के नाम पर सतत बढ़ता जा रहा है और इससे बढ़ रहा है सामाजिक विखंडन, विद्वेष और राष्ट्रीय असुरक्षा । समाज का कोई वर्ग यदि वंचित है तो उसको उसकी आवश्यकता पूर्ति का दायित्व केवल राज्य का ही नहीं शेष समाज का भी है और हिन्दू समाज में ऐसी अपार संभावना है। राज्य को सभी के प्रति समानता का व्यवहार करना ही उचित है अर्थात यदि राज्य के पास कोई अतिरिक्त मुद्रा कोष ऐसा है जिसके वितरण से राज्य को कोई वित्तीय हानि न हो तो उसका वितरण सभी के लिए समान रूप से होना चाहिए । एक और विकृति का अन्त अपेक्षित है वह है किसी भी संसाधन को नि:शुल्क उपलब्ध करवाना । इस पर तुरन्त विराम नहीं लगा तो न केवल वित्तीय वरन सामाजिक समरसता के लिए भी यह अत्यन्त घातक सिद्ध होगा ।

\- **डॉ जय प्रकाश** , अंबाला छावनी

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# निकाय व सरकारी विभागों में 29 करोड़ 7 लाख से अधिक बकाया बिजली बिल

## नहीं दिए बिल, इधर आम उपभोक्ता की काटी जा रही लाइन, सबसे ज्यादा निकायों का बिजली बिल बकाया



पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी इन दिनों आम बिजली उपभोक्ताओं का बकाया बिल वसूलने अभियान चला रही है। तीन महीने से ज्यादा बिजली बिल नहीं पटाने वालों का कनेक्शन काट रही है, बकाया भुगतान हेतु घर घर जाकर विधुत विभाग के कर्मचारी दस्तक देकर वसूली अभियान चला रही हैं। कही कही आम उपभोक्ताओं से विधुत कर्मचारियों को वाद विवाद और तू-तू मैं-मैं करते भी देखा जा रहा हैं। जिससे आम उपभोक्ताओं को काफी ज्यादा परेशानियो का सामना करना पड़ रहा हैं। लेकिन हैरत की बात यह है कि सरकारी विभागों की तरफ झांक तक नहीं रही। बालोद संभाग विद्युत वितरण क्षेत्र के अंतर्गत के सरकारी और नगरीय निकायों ने जमकर बिजली की खपत की है और लाखों रुपए का बिल नहीं दिया। इन विभागों व निकायों ने विद्युत वितरण कंपनी के 29 करोड़ 7 लाख 38 हजार 737 रुपये से ज्यादा का बिजली बिल जमा नहीं किए हैं।

### राजस्व विभाग का 1.93 करोड़ बाकी

जिले का एक ऐसा विभाग राजस्व, जो कि आम लोगों से राजस्व वसूली करती है, जिसके पास राजस्व कोष अच्छा खासा है। लेकिन इस विभाग ने अपना ही बिजली बिल नहीं पटाया है। इस विभाग को 1 करोड़ 45 लाख 46 हजार 743 रुपए का बिजली बिल बाकी है। इसी तरह जलसंसाधन विभाग में एलटी और एचटी व शासकीय नलकूपों का 92 लाख 22 हजार 296 रुपए, पुलिस विभाग का 9 लाख 49 हजार 770 रुपए, वनविभाग का 23 लाख 29 हजार 442 रुपए बिजली बिल नहीं जमा किए हैं। आदिम जाति कल्याण विभाग ने भी बिल नहीं दिया हैं। इस विभाग को बिजली का 35 लाख 37 हजार 904 रुपए से ज्यादा पटाना है।

### जानिए सरकारी विभागों व नगरीय निकाय का बकाया

**नगरीय निकाय एवं पंचायत**

नगरपालिका जल प्रदाय- 3 करोड़ एक लाख 45 हजार 887,नगर पालिका सड़क बत्ती- 1 करोड़ 3 लाख 51 हजार 928, नगर पालिका अन्य कनेक्शन- 40 लाख 39 हजार 184, नगर पंचायत जल प्रदाय- 2 करोड़ 16 लाख 49 हजार 860, नगर पंचायत सड़क बत्ती- 81 लाख 54 हजार 382, नगर पंचायत अन्य कनेक्शन- 42 लाख 16 हजार 401, ग्राम पंचायत जल प्रदाय- 12 करोड़ 8 लाख 84 हजार 131, ग्राम पंचायत सड़क बत्ती- 2 करोड़ 59 लाख 48 हजार 277, ग्राम पंचायत अन्य कनेक्शन- 1 करोड़ 31 लाख 97 हजार 695, अन्य कनेक्शन- 3 लाख 104।

**सरकारी विभाग**

जल संसाधन विभाग- 92 लाख 22 हजार 296, राजस्व विभाग- 1 करोड़ 45 लाख 46 हजार 743, पुलिस विभाग- 9 लाख 49 हजार 770, वन विभाग- 23 लाख 29 हजार 442, कृषि विभाग- 1 लाख 68 हजार 596, न्यायालय विभाग- 2 लाख 61 हजार 174, पीडब्ल्यूडी विभाग- 4 लाख 17 हजार 483, शिक्षा विभाग- 30 लाख 74 हजार 518, स्वास्थ्य विभाग- 38 लाख 59 हजार 836, आदिम जाति कल्याण विभाग- 35 लाख 37 हजार 904, पंचायत ग्रामीण विभाग- 22 लाख 33 हजार 740 पीएचई विभाग- 61 लाख 72 हजार 347, महिला बाल विकास विभाग- 11 लाख 9 हजार 265, आईटीआई तकनीकी शिक्षा विभाग- 21 लाख 98 हजार 923, खनिज विभाग- 46 हजार 817, आबकारी विभाग- 31 हजार 911, स्टेट वेयर हाउस- 63 हजार 853, उद्यान विभाग- 2 लाख 72 हजार 824, उच्च शिक्षा विभाग- 2 लाख 65 हजार 656, को ऑपरेटिव सोसायटी- 6 लाख 34 हजार 706, छग गृह निर्माण मंडल- 2 लाख 40 हजार 111।

### सबसे ज्यादा 23.85 करोड़ बिजली बिल निकायों का

बिजली की खपत सबसे ज्यादा नगरीय निकाय कर रहे हैं। निकायों ने कुल 23 करोड़ 85 लाख 87 हजार 745 रुपए की बिजली जलाई और उसका बिल जमा नहीं किया है। नगर पालिकाओ ने जल प्रदाय, सड़क बत्ती तथा अन्य कनेक्शन का 4 करोड़ 45 लाख 36 हजार 999 और नगर पंचायतो ने जल प्रदाय, सड़क बत्ती तथा अन्य कनेक्शन का 3 करोड़ 40 लाख 20 हजार 643 रुपए की बिजली जलाई है। नगरपालिका बालोद व दल्लीराजहरा एवं नगर पंचायत अर्जुन्दा, चिखलाकसा, डौंडी, डौंडीलोहारा, गुरुर व गुंडरदेही शामिल हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों में 1 करोड़ 60 लाख 30 हजार 103 रुपये का भुगतान बकाया है।

### 28 सरकारी विभागों का 5.18 करोड़ बाकी

बालोद संभाग क्षेत्र में 50 से अधिक सरकारी विभागों में बिजली कनेक्शन लगे हैं। ये सभी विभाग राज्य शासन के अंतर्गत संचालित है। इन विभागों का 4 हजार से अधिक बिजली कनेक्शन के मीटर लगे हैं। इन विभागों में 28 विभाग ऐसे है, जिनमें 1,745 कनेक्शन लगे है, जिनका कुल 5 करोड़ 18 लाख 50 हजार 888 रुपये बाकी हैं। बता दे की यह आंकड़ा सिर्फ बालोद संभाग अंतर्गत का है, गुंडरदेही डिवीजन आज भी दुर्ग संभाग से जुड़ा है, जिसके अंतर्गत कई सरकारी विभाग के कार्यालय संचालित है। जिनका बिजली बिल भी लाखों में बकाया है।

**राज्य से फंड का इंतजार**

सरकारी विभागों, नगरीय निकायों, नगर पंचायतों व ग्राम पंचायतों द्वारा बिजली की खपत बेहिसाब की जाती है। खासकर गर्मी के दिनों में दिन-रात कूलर, पंखे व एसी चलते हैं। इसका असर लोड पर पड़ता है। आम उपभोक्ताओं की बिजली ट्रिप हो जाती है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि राज्य से बिजली बिल का फंड का इंतजार है। फंड आने पर बिजली बिल का भुगतान कर देंगे। लेकिन जिस तरह बकाया बिल के भुगतान हेतु आम उपभोक्ताओं पर दबाव डाल वसूली किनज रही है, कनेक्शन काटा जा रहा है, ऐसी सख्ती सरकारी विभागों में नही की जा रही है।

### आमजनो पर सख्ती, सरकारी विभागों पर मेहरबानी

अक्सर देखा जाता है कि आमजनों का तीन से पांच हजार रुपया का भी भुगतान बकाया हो तो उनका विद्युत कनेक्शन काट दिया जाता है, विधुत विभाग के कर्मचारी दल बल के साथ जमघट लगा हुज्जट करते नज़र आते है, लेकिन वही सरकारी विभागों पर लाखों रुपए बकाया हो जाने के बावजूद भी नोटिस देने की खानापूर्ति और राज्य द्वारा अलॉटमेंट आने पर भुगतान देने की बात कही जाती है। यहां विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों का दोहरा चेहरा और मापदंड देखने को मिलता है। जिसकी वजह से आमजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अगर आमजन भुगतान हेतु चंद मोहलत मांगे तो उनकी नहीं सुनी जाती, अगर वही सरकारी विभाग में पदस्थ अधिकारी राज्य सरकार से अलॉटमेंट आने की बात कहे तो उसे विशेष छूट दे दी जाती है।

**स्वास्थ्य विभाग के 38 लाख से अधिक बकाया**

जिले के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 105 कनेक्शनों का 38 लाख 59 हजार 836 रुपये का भुगतान बकाया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 11 लाख 9 हजार से ज्यादा का बिजली बिल नहीं दिया है। वन विभाग ने 71 कनेक्शन का 23 लाख 29 हजार 442 रुपए नहीं जमा किए हैं। लोक निर्माण विभाग भी 4 लाख 17 हजार से अधिक का बिजली बिल नहीं पटा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 11 कनेक्शन लिए है और इनका 61 लाख 72 हजार 347 रुपए का बिल बाकी है।

---

# बालिका दिवस के अवसर पर गुनरबोड़ स्कूल में चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में बालिका दिवस मनाया गया। जिसमें शाला की बालिकाओं के साथ ही आंगनबाड़ी की बालिका एवं गाँव की अन्य बच्चियों को आमंत्रित कर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिज्ञा, माही, मीनाक्षी, कुंती, कविता, मीरा, ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। निबंध प्रतियोगिता में लावण्या, मीनाक्षी, लालिमा, दुर्गा ने हिस्सा लिया। शिक्षिका विधि शर्मा ने सभी बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की बेटियों ने सभी क्षेत्र में परचम लहराया है। आप सभी को भी खूब पढ़ाई कर एक सुनहरा भविष्य प्राप्त करना है। साथ ही भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जीवनी बताई। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को समझाया कि हमारे आसपास की बेटियों ने भी ऐसा काम किया है जिससे देश का गौरव बढ़ाया है। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को दुर्ग जिले की बेटी आईपीएस अधिकारी अंकिता शर्मा की जानकारी दी। शाला की प्रधान पाठिका आशा कुजूर ने बच्चों को बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंद्राणी सोनवानी ने भी बच्चियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हे शारदे बालिका मानस मंडली प्रथम

### राम आएं हैं दो दिवसीय नवधा सत्संग समारोह संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पिकरी वार्ड वासी बेमेतरा के तत्वाधान में आयोजित राम आएं हैं दो दिवसीय नवधा सत्संग समारोह संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम अयोध्या रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर आयोजन किया गया था। दो दिवसीय नवधा सत्संग समारोह में 20 मानस मंडलियों ने हिस्सा लिया। समारोह में तीन मानस मंडलियों के लिए पुरस्कार रखा गया था जिसमें प्रथम स्थान हे शारदे बालिका मानस मंडली रणजीतपुर कवर्धा, द्वितीय स्थान हरि मानस मंडली उरला रायपुर एवं तृतीय स्थान श्री गणेशा मानस मंडली उमरिया ने स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंतिम विशेष प्रस्तुति में श्री गणेशा मानस मंडली उमरिया रवि साहू की मनमोहक जगराता प्रस्तुति दिया जिससे श्रोता दर्शकगण मंत्रमुग्ध होकर ताली बजाकर खुशी में झुमने नाचने लगे। मानस मंडली संयोजक एवं मंच संचालक की भूमिका श्रीरामचरितमानस संघ के जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने की व आभार प्रदर्शन अजय वर्मा,प्रभु वर्मा एवं मिलन वर्मा ने की। इस अवसर पर समिति के दाऊ पवन सिंह, पुष्पा ठाकुर, दिनेश गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, नंदू राठी, प्रभु वर्मा अजय वर्मा, गोपी वर्मा, अनिल रजक, मिलन वर्मा, राकेश वर्मा, दीपक गुप्ता, जीवेश वर्मा, यशवंत लहरे ,रोहित अनंत, राघवेंद्र मनु, अंजोर वर्मा, ललित वर्मा, श्रीराम रजक, द्रोपती वर्मा, राधा वर्मा, सुनीता रजक, मोंगरा सेन, रामहिन वर्मा, रेखा वर्मा, सनीता वर्मा,सुमन वर्मा, अंजू वर्मा, दुखम वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, डोमन सेन, मुकेश वर्मा, गोपी यादव, अंकित यादव, विजय वर्मा सहित अनेक लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# संस्था में मनाया गया वन्दे मातरम दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में वन्दे मातरम दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बताया कि बच्चों एवं शिक्षकों ने राष्ट्र गीत वन्दे मातरम का गान किया तथा इसके इतिहास एवं महत्व को बच्चों को बताया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर समस्त बालिकाओं का स्वागत किया गया तथा केक कटवाकर उनका मुँह मीठा कराया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सुन्दर चित्रकारी की तथा लेख प्रस्तुत किए।गीत कविताएं भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर संस्था की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने संस्था की भूतपूर्व छात्राएं मंजूषा सोनकन्डे एवं पिंकी वर्मा का भी स्वागत एवं सम्मान किया। जो कि वर्तमान में रानो के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक एवं दो में कार्यकर्त्ता के रूप में कार्य कर रही हैं।

---

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विभिन्न शासकीय संस्थाओं में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन





पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिले के विभिन्न शासकीय संस्थाओं में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वहाँ विभाग एवं संस्था प्रमुखों के द्वारा लोकतंत्र में मताधिकार के प्रयोग की जानकारी देते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को लोकतंत्र को और अधिक मजबूज एवं सशक्त बनाने हेतु सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इसके अंतर्गत तहसील कार्यालय डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी सहित जिले के अन्य शासकीय कार्योलयों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



सत्यभामा अजय दुबे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर सालसा के प्लान ऑफ एक्शन विशेष दिवस राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन न्यायाधीश राहुल कुमार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल नेतृत्व में 24 जनवरी 2025 को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडरिया में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं के द्वारा रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। बच्चों के द्वारा रंगोली में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, लिंग भेदभाव, बालिका सुरक्षा एवं समानता, बालिकाओं की अवसर एवं भागीदारी को बढ़ावा देने, लिंग परीक्षण रोकथाम, चित्रकला प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं में भेदभाव, लिंग चयन अपराध जागरूकता जैसे पोस्टर बनाए गए। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंदारानी धावलकर एवं हिना साकत कक्षा 9 वीं, द्वितीय स्थान वंदना यादव, नेमिका साहू, रूपाली यादव एवं नेहा साहू कक्षा 9 वीं एवं तृतीय स्थान विद्या साहू एवं पल्लवी साहू कक्षा 9 वीं ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजू चंद्रवंशी एवं मंदाकिनी कक्षा 9 वीं, द्वितीय स्थान चंचल काटले कक्षा 11 वीं एवं तृतीय स्थान श्वेता टंडन कक्षा 9 वीं ने प्राप्त किया। सभी बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कार वितरण किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालंटियर चंद्रकांत यादव, मानस राम पटेल एवं अनुसुईया जायसवाल के द्वारा बालिकाओं के विधिक अधिकारों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में थाना पंडरिया सहायक उप निरीक्षक मानिक सिन्हा ने भी बच्चों को साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक किया। थाना पंडरिया से आरक्षक शैलेन्द्र राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य नीलकुसुम एक्का, शिक्षक एस. गिरी, सी. एस. क्षत्रिय, डी. पी. तिवारी, डी. के. वैश्य, एम. एस. साहू, शिक्षिका नीतू मल्लाह, मंजू भगत की सक्रिय भागीदारी रही।

# उपजिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने किया नगर पालिका निर्वाचन क्षेत्र का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका आम निर्वाचन रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में उपजिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक द्वारा अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए दिए जा रहे नाम निर्देशन पत्रों के कक्ष का निरीक्षण किया गया एवं कार्यालय के बाहर बैरिकेडिंग्स लगाने के निर्देश दिए गए। नगरीय निकाय चुनाव के मद्दे नजर बीएसपी उच्चतर माध्यमिक क्रमांक 2 में बनाए गए मतगणना केंद्र एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल, सामग्री वितरण स्थल, मतगणना कक्ष एवं स्ट्रांग रूम के अलावा वहां पर कार्मिकों व मतगणना एजेंटों को आने जाने की व्यवस्था से संबंधित रूट की एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए बैरिकेडिंग आदि की जानकारी, सफाई, विद्युत पेयजल, केमरा इत्यादि व्यवस्था एवं आवश्यक स्थलों को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए द्य स्ट्रांग रूम स्थल निरीक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर दीपक चंद्राकर, भूपेंद्र वारडेकर, निर्वाचन शाखा के सहायक प्रोग्रामर सोनम, सहायक अभियंता सलीम सिद्दीकी, उप अभियंता भानु प्रकाश घोष नगर पालिका निर्वाचन के मुख्य लिपिक ऐलन चंद्राकर एवं विद्युत, पेयजल विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# चुनाव के पहले कांग्रेस को लगा झटका पूर्व जिला महामंत्री ने किया भाजपा प्रवेश

## कई और कांग्रेसी कार्यकर्ता पार्टी से चल रहे नाखुश, जल्द करेंगे भाजपा प्रवेश : पुष्पेंद्र तिवारी

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के नेता, पूर्व जिला महामंत्री और पूर्व जनपद सभापति सहित संगठन के विभिन्न पदों पर रहे पुष्पेंद्र तिवारी ने कांग्रेस छोड़ भाजपा में प्रवेश कर लिया है। गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में विधिवत पुष्पेन्द्र तिवारी को भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष यशवंत जैन, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, प्रीतम साहू ने भाजपा का गमछा पहना कर पुष्पेंद्र तिवारी को प्रवेश करवाया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, भाजपा नेता अभिषेक शुक्ला, राकेश यादव, देवलाल ठाकुर, राकेश छोटू यादव, अमित चोपड़ा और कमल पनपालिया मौजूद रहे। भाजपा प्रवेश उपरांत पुष्पेन्द्र तिवारी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा प्रवेश किया है। उन्होंने कांग्रेस पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हित में कार्य करने वालो को काम करने नही देती, कांग्रेस के बहुत से नेता कार्यकर्ता पार्टी से नाखुश चल रहे है, जो जल्द ही भाजपा प्रवेश करेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी निष्ठा कांग्रेस पार्टी के प्रति थी, लेकिन कांग्रेस में संगठन नाम की कोई चीज़ नही है, कांग्रेस में सत्ता ही सर्वोपरि होता है।

### आज भी नामांकन पत्र लेने की कार्यवाही की जाएगी

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शनिवार 25 जनवरी को भी नगरीय निकाय आम निर्वाचन हेतु नामांकन पत्र लेने की कार्यवाही की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि जिले के नगरीय निकायों में अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 22 जनवरी से प्रारंभ हो गयी है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 को दोपहर 03 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत 25 जनवरी दिन शनिवार सार्वजनिक अवकाश घोषित नही होने के कारण रिटर्निंग अधिकारियों के द्वारा नामांकन पत्र लिया जाएगा।

# प्राधिकरण द्वारा विभिन्न संस्थाओं में उत्साह के साथ मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के मार्गदर्शन एवं निधि शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की उपस्थिति में 24 जनवरी 2025 राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। उक्त दिवस के अवसर पर शासकीय कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बेमेतरा, शासकीय नवीन प्राथमिक शाला वार्ड नं. 12 बेमेतरा, शासकीय प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास, बेमेतरा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंतेली, आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड नं. 09 कोबिया, बेमेतरा में अध्ययनरत् एवं निवासरत् छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर छात्राओं के मध्य डांस, रंगोली, ड्राइंग, प्रश्नोत्तरी, कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, पोयम, हथकड़ी एवं ए टू जेड खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त दिवस के अवसर पर सचिव, निधि शर्मा द्वारा विशेष दिवस पर कहां गया कि आप आज कि बालिका हो सर्व श्रेष्ठ बनना है और मेहनत से अपने लक्ष्य को हासिल कर सम्मान पाना है। आज के युग में बालक और बालिका का समान दर्जा है और बालिका किसी भी मायने में बालकों से कम नही है। यह भी कहां गया कि बालिकाओं को पढ़ाई के साथ-साथ रानी लक्ष्मी बाई की तरह निडर भी रहना है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं व उपस्थित छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में समस्त संस्थाओं के संस्था प्रमुख, छात्र-छात्राएँ एवं प्राधिकरण के पैरालिगल वालेंटियर्स (अधिकार मित्र) एवं न्यायाधीश, श्रुति साहू व सार्विका चतुर्वेदी की उपस्थिति रही।

# उच्च भिट्टी धान खरीदी प्रक्रिया में लापरवाही, उच्च भिट्टी प्रबंधक मोहन साहू पर कार्रवाई की मांग

**आजाक थाना में पूर्व में हो चुकी है शिकायत फिर भी इस बार मिला अभय दान, ठोस कार्रवाई न होने पर खरीदी प्रबंधक हौसला बुलंद**

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिले के चांपा के पास स्थित ग्राम उच्चभिट्टी में मामला सामने आया है जहां जांजगीर चांपा कलेक्टर आकाश छिकारा के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद जिले में धान खरीदी प्रक्रिया में लापरवाही के मामले सामने आ रहे हैं। जिले के 126,911 किसानों से धान खरीदी के लिए 101 सहकारी समितियों के अंतर्गत 129 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर ने 14 नवंबर से शुरू हुई खरीदी के लिए सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इनमें बारदाना, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, बायोमेट्रिक डिवाइस, आर्द्रता मापी यंत्र, कंप्यूटर, प्रिंटर, पेयजल, शौचालय, छायादार शेड, और सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था प्रमुख हैं लेकिन उच्च भिट्टी में मामला ही कुछ अलग है। यहां के प्रबंधक द्वारा किसानों को अभद्रता व्यवहार करते हुए एवं धान खरीदी में गड़बड़ी करते हुए भी कई मामला सामने आ चुके है इसके बाद भी प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई न हो पाना इस प्रबंधक हौसला बुलंद है।






**उच्चभिट्टी केंद्र में अनियमितता**-उच्चभिट्टी के धान उपार्जन केंद्र के प्रबंधक मोहन साहू द्वारा निर्देशों की अनदेखी और किसानों के साथ हो रहे अन्याय का मामला सामने आया है प्रबंधक द्वारा किसानों से 40.500 किलोग्राम प्रति क्विंटल की जगह 41.700 किलोग्राम धान लिया जा रहा है, जिससे किसानों को अपनी मेहनत की फसल का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। यह किसानों की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है और उनकी मेहनत पर "डंडा मारने" जैसा प्रतीत होता है।

**कलेक्टर के आदेशों की अवहेलना**-कलेक्टर के आदेशों के बावजूद को उच्चभिट्टी केंद्र पर न तो उचित साफ -सफाई की गई है और न ही किसानों के लिए बुनियादी सुविधाएं जैसे पेयजल और शौचालय उपलब्ध कराई गई हैं। सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश भी पूरा नहीं किया गया, जिससे निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं हो पा रही है।

**किसानों की शिकायत और कार्रवाई की मांग** -किसानों ने आरोप लगाया है कि प्रबंधक मोहन साहू की लापरवाही और मनमानी के चलते उन्हें अपने फसल के सही वजन और मूल्य के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। समस्याओं का समाधान आवश्यक रूप से कलेक्टर को करना चाहिए कि सभी धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को तत्काल सुधारें। इसके साथ ही, उच्चभिट्टी के प्रबंधक मोहन साहू के खिलाफजांच कर दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसानों के लिए धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और न्यायपूर्ण बनाना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस मामले में समय पर कार्रवाई न होने पर किसानों का असंतोष बढ़ सकता है और जिला प्रशासन की साख पर भी सवाल खड़े हो सकते हैं। प्रशासन को किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर तत्काल समाधान के प्रयास करने चाहिए।

**आजाक थाना में पूर्व में हो चुकी है शिकायत**- प्रबंधक मोहन साहू के खिलाफ किसानो के द्वारा पूर्व मेंआजाक थाना मे की गई थी लेकिन आजतक किसानों के द्वारा अवैध व्यवहार का मसला शांत नहीं हुआ परंतु फिर भी उन्हें प्रबंधक बनाना लोगो के समझ से परे है।

> केंद्र प्रबंधक के खिलाफ पूर्व में नोटिस जारी किया गया है शिकायत प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **उमेश गुप्ता, उप पंजीयक**
> **सहकारी सेवा संस्थाएं, जांजगीर चांपा**

# कोरबा भाजपाइयों ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती, किया गया श्रद्धा सुमन अर्पित

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोसाबाडी मंडल द्वारा महान देशभक्त स्वतंत्रता सेनानी आजाद हिंद फौज के अगुवा नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस मनाया गया ।जन्म दिवस के अवसर पर कोरबा निहारिका सुभाष चौक स्थित प्रतिमा पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। श्रद्धा सुमन अर्पण के पश्चात भाजपा के नेताओं के द्वारा उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया उन्होंने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस सच्चे देशभक्त थे और उनके द्वारा जो सेना का गठन किया गया था वह केवल भारत नहीं बल्कि पूरे एशिया महाद्वीप में उनका प्रभाव था आज ऐसे महान देशभक्त स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपने आप को काफी गौरव महसूस कर रहे है।आज के श्रद्धा सुमन अर्पण में जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, राजेंद्र अग्रवाल पूर्व जिला उपाध्यक्ष जिलामहामंत्री पूर्व पार्षद नरेंद्र देवांगन,



कोसाबाड़ी मण्डल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर, प्रकाश अग्रवाल मण्डल प्रभारी, दिनेश वैष्णो, रंजू यादव, मनोज मिश्रा, पवन सिन्हा, सरजू अजय, राहुल, अजय विश्वकर्मा, लक्ष्मण वास मंजू सिंह, मती मनोरमा शर्मा हार बाई यादव, मती, निर्मला चक्रधारी मती प्रीति चौहान मती प्रीति मती स्वाति कश्यप मती ममता यादव मती कृष्णा राठौर मीरा सोनी नारायण दास महंत पंकज देवांगन मदन गोपाल साहू गिरधारी साहू अजय गोंड संजीव शर्मा शिव चंदेल गोप लाल राठिया दीनू वैष्णो सुभाष राठौड़ राजवाड़े जी कृपाल कंवर अग्रवाल आशीष पालीवाल अमित पटेल रामकुमार साहू एमएल राठौड़ सीताराम राठौर गुलजार सिंह यासीन खान मिलाप बारेठ, शिव चंदेल, बिहारी रजक जे पी हलवाई सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्य उपस्थित रहे।

# बचपन प्ले स्कूल के छात्रों ने किया पार्क का भ्रमण



पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल के कक्षा नर्सरी एवं प्ले के छात्र-छात्राओं को झगराखांड स्थित इंदिरा पार्क का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यालय की शिक्षिकाएं शिल्पी सिन्हा, नंदिनी साहू, साधना सिंह, रेखा दोहरे, सबा परवीन, पूजा सोंधिया, पुष्पा सिंह उपस्थिति रही। विद्यालय की काउंसलर सोनाली दास ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से हम अपने विद्यालय के छात्राओं को पर्यावरण एवं पेड़ पौधे के महत्व को आसानी से समझा पाते हैं और बच्चे भी इस माध्यम को पसंद करते हैं एवं इस तरह के भ्रमण के दौरान बातों को जल्दी समझते और सीखते हैं। बच्चों को यह सिखाया गया कि हमें पेड़ों को काटना नहीं चाहिए पेड़ों को बचाना चाहिए। पेड़ों से हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है। वृक्ष हमारे मित्र होते हैं। एवं ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए। फूलों को बिना वजह नहीं तोड़ना चाहिए। पार्क में जो नियम बताए गए हैं उन नियमों का पालन करना चाहिए। बच्चों ने पार्क में लगे झूलों, स्लाइडर एवं फव्वारे का जमकर आनंद उठाया और और मौज मस्ती की और पर्यावरण के संबंध में ज्ञान प्राप्त किया। छठ छात्रों को पार्क में लगे हुए विभिन्न पेड़ पौधों के बारे में बताया गया फूलों के बारे में अवगत कराया गया

# जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**निर्माणाधीन आवास को समय-सीमा में करें पुर्ण : तोमर**



पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नयनतारा सिंह तोमर ने जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम पंचायत सरनाडीह, जाबर, महाराजगंज, राधाकृष्णनगर तथा पुटसुरा में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत सरनाडीह तथा जाबर में निर्माणाधीन आवास का जायजा लेते हुए हितग्राहियों को समय-सीमा में आवास पूर्ण करने को कहा। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत जाबर तथा महाराजगंज में आंगनबाड़ी भवन निर्माण का अवलोकन, आजीविका संवर्धन एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा करते हुए आजीविका संवर्धन कार्य करने प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत पुटसुरा में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की यूनिट का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ रणवीर साय, कार्यक्रम अधिकारी नरेगा सुनिल तिर्की, सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

# राज्य शासन को हाईकोर्ट का निर्देश- पदोन्नत हुए राजस्व निरीक्षक के लिए प्रशिक्षण जल्द शुरू करें

**प्रदेश भर के 216 पटवारियों को लेकर चल रहा है मामला**

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

हाईकोर्ट ने पटवारियों के मामले में सुनवाई करते हुए राजस्व निरीक्षक पद के लिए चुने गए पटवारियों के लिए विधिवत प्रशिक्षण जल्द शुरू किए जाने का निर्देश शासन को दिया गया है। राज्य शासन द्वारा राज्य में 5 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके समस्त पटवारियों को राजस्व निरीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए विभागीय परीक्षा माह जनवरी 2024 में ली गई थी। जिसमें उत्तीर्ण सभी पटवारियों को राजस्व विभाग द्वारा 9 माह का प्रशिक्षण देना था।

## 216 पटवारी प्रभावित

कुल 216 पटवारियों का चयन राजस्व निरीक्षक के पद के लिए किया गया, लेकिन प्रशिक्षण कब शुरू किया जाएगा इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। काफी समय बीत जाने पर भी प्रशिक्षण शुरू नहीं किया तब याचिकाकर्ता गिरधर गोपाल राठौर, विकास कुमार जायसवाल, भूपेंद्र नवरंग, रविन्द्र दस महंत द्वारा उच्च न्यायालय में अधिवक्ता शाल्विक तिवारी के माध्यम से याचिका पेश की गई।

## शासन ने 15 दिन लिए थे

जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच में सुनवाई के दौरान राज्य शासन द्वारा कहा गया कि 15 दिवस के भीतर राजस्व निरीक्षक पद के पर प्रशिक्षण के लिए उचित आदेश पारित करेंगे। हाईकोर्ट ने बहस के बाद राज्य शासन को इन पटवारियों के प्रशिक्षण के लिए जल्द फैसला लेने का निर्देश दिया है

# हाटकार्रा में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत हाटकर्रा में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं प्राथमिक माध्यमिक शाला कन्या आश्रम के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रैली, खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे अनुसूईया साहू पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग नीरज भू आर्य सुखदेव सर्पे प्रधान पाठक, उमेश साहू नरेश निर्मलकर शिक्षक एवं राजेश्वरी कांगे, भावना साहू, सुशीला देहारी शिक्षिका एवं इंद्रा सोनवानी बसंत पुजारी साधनाआंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सेक्टर पर्यवेक्षक अनुसूईया साहू द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस मानने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। बालिका हर क्षेत्र में आगे हैं चाहे वह सांस्कृतिक, राजनीतिक विज्ञान के क्षेत्र में हो, शिक्षा के क्षेत्र में हो या खेलकूद में हो। बिना बेटी के संसार कि कल्पना नहीं की जा सकती। बेटी बेटा को समान समान शिक्षा पोषण मिले क्योंकि बेटी ही आगे चलकर भाभी मां बनेगी और एक स्वस्थ बच्चे को जन्म देगी जो एक समाज का, राष्ट्र का निर्माण में सहायक होगा।

बेटी का जन्म अभिशाप नहीं वरदान है। इन्हीं" बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजना जैसे नोनी सुरक्षा योजना सुकन्या समृद्धि योजना आदि कार्यक्रम की जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं द्वारा कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, रस्साकसी, दौड़ आदि खेलकूद कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया।

# सक्ती जिले में जिला स्तरीय प्री बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया चंद्रा ने

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, शक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास टोपनो के दिशा- निर्देशन में निरंतर सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भरसक प्रयास किये जा रहे हैं, तथा आगामी माह में होने वाली 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर यहां जिला शिक्षा अधिकारी भी सजग एवं सक्रिय है, तो वहीं निरंतर अपने अधीनस्थ सरकारी स्कूलों के प्राचार्य की बैठक को लेकर रिजल्ट सुधारने के दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं, इसी श्रृंखला में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के निर्देशानुसार कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों का जिला स्तरीय प्री बोर्ड परीक्षा सभी शासकीय विद्यालयों में आयोजित की जा रही है। शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती एन के चंद्रा विद्यालयों का सतत निरीक्षण कर रहे हैं। इसी तारतम्य में शासकीय कन्या हाई स्कूल सिंघरा विकासखंड मालखरौदा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। प्री बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्वक वातावरण में संचालित हो रही है। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रश्नपत्रों का स्तर बोर्ड परीक्षा के अनुरूप बताया एवं विषयगत प्रश्नों से संतुष्ट नजर आए। प्री बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्रों का निर्माण जिला स्तर पर विषय विशेषज्ञों की टीम द्वारा किया गया है।



जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्री बोर्ड परीक्षा से विद्यार्थियों की पढ़ाई की पुनरावृत्ति एवं उत्तर लिखने के तरीकों का पूर्व अभ्यास होता है, तथा विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। शिक्षकों को उत्तर पुस्तिका का दो दिवस के भीतर मूल्यांकन कर उत्तर पुस्तिका विद्यार्थियों को दिखाने एवं उत्तर लिखने में किये गए गलतियों को सुधारकर, कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए जिससे जिले का वार्षिक परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके।

# आबकारी अधिकारी कोमल सिंह सिदार की सजगता से अवैध महुआ शराब के कारोबारियों में दशहत

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

आबकारी विभाग की मालखरौदा वृत्त की टीम ने अवैध महुआ शराब को लेकर अपने विभागीय अधिकारियों के निर्देशानुसार बड़ा अभियान छेड़ रखा है, तथा मालखरौदा वृत्त प्रभारी कोमल सिंह सिदार के नेतृत्व में जहां आबकारी विभाग की पूरी टीम छापामार कारवाई कर रही है, तो वहीं अवैध महुआ शराब पर आबकारी वृत्त मालखरौदा की कार्रवाई 23.01.2025 में कायम प्रकरण - 02 एवम गिरफ्तार आरोपी - 02, से जप्त मदिरा - 19.6 लीटर महुआ शराब है,सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर और उपा. आब. स. उ. द. बिलासपुर नोहर सिंह ठाकुर व प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन शुक्ला के मार्गदर्शन मे 23 जनवरी को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम चारपारा थाना



मालखरौदा निवासी जैन कुमार लहरें पिता जगेश्वर प्रसाद से दो लीटर क्षमता वाली 03 नग हरे रंग व 02 नग अल्पदर्शी सफेद रंग की प्लास्टिक बॉटल प्रत्येक में 02-02 ली भरी कुल 10 ली हाथभट्टी महुआ शराब बरामद होने से 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया । इसी प्रकार ग्राम नरियरा में मिथुन रात्रे पिता मनीराम के संज्ञान आधिपत्य से एक पीले रंग की 05 ली क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी 05 ली व दो लीटर क्षमता वाली एक हरा रंग की प्लास्टिक बॉटल व सफेद बॉटल प्रत्येक में 02 - 02 ली भरी , 03 नग प्लास्टिक पन्नी प्रत्येक में 200-200 द्रव्य भरी कुल मात्रा - 9.6 ली महुआ शराब बरामद होने से 34(2) के तहत् प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया तथा माननीय न्यायालय से प्राप्त न्यायिक रिमांड पर दोनों आरोपियों को जेल निरुद्ध किया गया, उपरोक्त कार्रवाई में मालखरौदा प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार, वृत जैजैपुर प्रभारी घनश्याम प्रधान, आबकारी आरक्षक विष्णु कौशिक, आबकारी स्टाफ कमलेश यादव, परस राम कहरा, भारती यादव का सराहनीय योगदान रहा ।

**यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित सफर करें, जीवन से ज्यादा समय कीमती नहीं- डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर**

# सारथी दिवस पर कलेक्टर व डीआईजी-एसएसपी सूरजपुर ने वाहन चालकों को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में 24.01.2025 को वाहन चालकों को सम्मानित करने सारथी दिवस का आयोजन यातायात कार्यालय सूरजपुर में किया गया। इस आयोजन में प्रशासन, पुलिस विभाग, फायर ब्रिगेड, शव वाहन, 108, 102, एम्बुलेंश, टैक्सी व यातायात जागरूकता रथ को चलाने वाले कुशल वाहन चालकों को कलेक्टर सूरजपुर एस. जयवर्धन व डीआईजी/एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने सुरक्षित वाहन चालन पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर एस. जयवर्धन ने कहा कि वाहन चलाने के दौरान सेफ्टी फस्ट हम सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यातायात नियम जीवन सुरक्षित करने के लिए है, यह नियम






अपनी और दूसरों की जीवन की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। कहीं जल्दी जाने की हड़बड़ी नहीं करनी चाहिए, देर से पहुंचे और सुरक्षित पहुंचे, जीवन अनमोल है। उन्होंने यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित सफर के लिए प्रेरित किया। डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि जब हम कहीं जाते है और वाहन में बैठ जाते है तो वाहन का पूरा कंट्रोल चालक के हाथों में होता है, ड्राईविंग के दौरान चालक के यातायात सुरक्षा के डिसिजन से हम सुरक्षित अपने मंजिल तक पहुंचते है, चालक सदैव मन को शांत रखे एवं स्वास्थ्य पर ध्यान देकर सुरक्षित वाहन चलाए। किसी स्थान पर पहुंचे के वक्त से पहले ही निकले और सुरक्षित सफर करें, जीवन से ज्यादा समय कीमती नहीं है।

यह आयोजन वाहन चालको के सम्मान के साथ उनके आत्मविश्वास में वृद्धि एवं भविष्य में नियमों के अनुपालन से सड़क सुरक्षा के लिए प्रेरित किए जाने हेतु किया गया है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील किया है कि यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित सफर करें। कार्यक्रम को सीएसपी एस.एस.पैंकरा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में कलेक्टर व डीआईजी/ एसएसपी सूरजपुर ने वाहन चालक गोविन्द कुमार, परमेश्वर राम, विजय देवांगन, छक्के लाल राजवाड़े, संतोष शर्मा, मुकेश शर्मा, शेख मोहम्मद वसीम, संतोष कुमार, प्रधान आरक्षक चालक रामकेश्वर बखला, आरक्षक चालक रवि कुमार, मुन्ना लाल, दिनेश सिंह, जीत लाल, भगवान, टैक्सी चालक रविचंद शर्मा, रंजीत सिंह, अहमद खान, बबलू पाण्डेय, मंगलेश्वर राजवाड़े, कौसर हुसैन को यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित वाहन चलाने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी लाईन अनूप एक्का, कार्यालय अधीक्षक महेश पैंकरा, स्टेनो अखिलेश सिंह, अग्रिमा मिश्रा, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, समाजसेवी रामबिलास मित्तल, गणमान्य नागरिकगण व पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# वंदे मातरम गीत की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एकल अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

वंदे मातरम गीत की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एकल अभियान, छत्तीसगढ़ राज्य के सहयोग से एक विशेष आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन 25 जनवरी 2025 को श्री राम मंदिर, मनेंद्रगढ़ में होगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य वंदे मातरम गीत को जन-जन के कंठ का गीत बना कर इसे देश भर में और भी अधिक लोकप्रिय बनाना है। यह कार्यक्रम शनिवार, 25 जनवरी 2025 को दोपहर 02:30 बजे से 04:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन स्थल श्री राम मंदिर, मनेंद्रगढ़ रहेगा, जहां सभी क्षेत्रवासी और स्थानीय लोग इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। वंदे मातरम गीत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक बन चुका है। इसकी रचना बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी और संगीतबद्ध किया था रवींद्रनाथ ठाकुर (रवींद्रनाथ ठाकुर) ने। इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय जनता के बीच जागरूकता और एकता का संचार किया था। इस गीत की 150वीं वर्षगांठ के मौके पर यह आयोजन समस्त राष्ट्र के नागरिकों को प्रेरित करने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने का कार्य करेगा। समिति का आह्वानः आयोजन समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लें। समिति का कहना है कि यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह देशवासियों को एकजुट करने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है।

# आइटीबीपी जवानों का प्रकृति परीक्षण शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ᐸ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के आदेशनुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. सत्येंद्र नाग के निर्देशन में आयुष विभाग नारायणपुर के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों एवं वॉलिंटियर्स द्वारा आइटीबीपी कैंप शांति नगर नारायणपुर एवं एड़का के जवानों का प्रकृति परीक्षण कैंप आयोजित किया गया। डाक्टरों की टीम द्वारा सभी जवानों का आयुर्वेदिक विधा के अन्तर्गत प्रकृति परीक्षण कर उनके स्वास्थ्य के देखभाल आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जिला सह समन्वयक डॉ. बीना खोबरागड़े ने प्रकृति परीक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि प्रकृति एप में आपके शरीर की प्रकृति फीड होने के बाद आपके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रकृति एप आपको ऋतुओं के अनुसार जीवन शैली से अवगत कराता रहेगा। अभी प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत फील्ड में तैनात सैनिक व अर्ध सैनिक बलों के जवानों का 31 जनवरी तक प्रकृति परीक्षण किया जाना है। डॉ. पुष्पेंद्र भदोरिया ने कहा कि यह बहुत आवश्यक है कि हर व्यक्ति को अपने शरीर के नेचर की जानकारी होनी चाहिए, वात,पित्त एवं कफ दोष में यदि कोई भी कुपित होता है तो उसी के दोष लक्षण के रूप में सामने आते हैं। प्रकृति परीक्षण शिविर में आयुष विभाग से डॉ बीना खोबरागड़े, डॉ पुष्पेंद्र भदौरिया, डॉ धनेश्वर साहू, फार्मासिस्ट अरुण वैष्णव, टिकेश्वर मांडवी एवं अन्य स्टाफ अर्चना नाग, टिपेश्वरी बेलसारिया द्वारा कार्य किया गया। आईटीबीपी के जवान एएसआई /मेडिक अमित कुमार एवं एएसआई /मेडिक हरेंद्र द्वारा वॉलिंटियर्स के रूप में सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।





# वाहन चालकों के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन




पायनियर संवाददाता ᐸ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला पुलिस बेमेतरा द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत यातायात जागरूकता अभियान के तहत वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर यातायात कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों के स्वास्थ्य की जांच करना और उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित करना था। इस शिविर का आयोजन पुलिस अधीक्षक बेमेतरा, रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, एवं डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में किया गया। यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रवासी यादव और उनके टीम ने शासकीय जिला चिकित्सालय बेमेतरा के चिकित्सकों के सहयोग से इस आयोजन को सफल बनाया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में प्रमुख रूप से डॉ. पवन कुमार वर्मा (चिकित्सा अधिकारी), दीपा शर्मा (नेत्र सहायक अधिकारी), योगेंद्र कुमार निराला (लैब अटेंडेंट), और रामचरण साहू (वाहन चालक) उपस्थित थे। इस शिविर में कुल 40 वाहन चालकों का नेत्र और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिन चालकों में नेत्रदोष पाया गया, उन्हें उचित इलाज कराने और चश्मे का उपयोग करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रवासी यादव, सउनि भलेतिनुस पन्ना, डॉ. पवन कुमार वर्मा, दीपा शर्मा, प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर, आरक्षक राजेश साहू सहित पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। यह आयोजन सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया था, जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिल सके।

# शिशु संरक्षण माह 21 फरवरी तक



पायनियर संवाददाता ᐸ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में शिशु संरक्षण माह 21फरवरी तक आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. सिंग ने बताया कि शिशु सरंक्षण माह का जिला स्तरीय उद्घाटन विकासखण्ड माकड़ी में जिला टीकाकरण अधिकारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, सेक्टर सुपरवाईजर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित हुए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इसका उददेश्य बच्चों में होने वाले आंख से संबंधित रोग मोतियाबिन्द, रंतौधी, बिटॉट स्पॉट एवं खून की कमी को दूर करना है। इस दौरान शिशु स्वस्थ्य संर्वधन से संबंधित गतिविधियां में विटामिन ए सिरप 9 माह से 5 वर्ष के बच्चो को 6 माह के अंतराल में पिलाया जाता है। साथ ही आयरन फोलिक एसिड सिरप बच्चो में पोषण के स्तर की जांच के लिए वजन लेकर पोषण आहार के विषय में पालक को जानकारी दी जाती है। जिले में विटामिन ए के हितग्राही लक्षित 51 हजार 498 बच्चे एवं आयरन फोसिक एसिड के सिरप के हितग्राही लक्षित 59 हजार 502 बच्चे हैं।

# ब्लड सेंटर दुर्ग में 25 जनवरी को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय दुर्ग ब्लड सेंटर (ब्लड बैंक) में शनिवार को प्रातः 09.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक रक्तदान शिविर व रक्तदान उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं हेतु जिला चिकित्सालय दुर्ग में निःशुल्क वाहन पार्किंग सुविधा एवं प्रशस्तिपत्र दिया जायेगा। ब्लड बैंक में रक्त की निरंतर उपलब्धता विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के अधिक से अधिक आयोजन से ही सुनिश्चित किया जा सकता है। दुर्घटना, आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों के हित हेतु रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा में जनसमान्य द्वारा अपना अमुल्य योगदान दिया जा सकता है। वजन के अनुसार स्वस्थ्य शरीर में 05 से 06 लीटर रक्त होता है, जिसमें से शरीर रक्तदाताओं को एक बार में केवल 350 मि.ली. ही रक्तदान करना होता है। रक्तदान के समय वजन, बीपी, हीमोग्लोबिन, ब्लडग्रुप, मलेरिया, एघआईवी, हेपेटाईटिस, वी.डी.आर.एल की निःशुल्क जॉच होती है। व्यस्क लोग जिनकी उम्र 18 वर्ष से 65 वर्ष हो, वजन 45 कि.ग्राम से उपर हो, वह रक्तदान कर सकते है। हर तीन माह (90 दिन) के अंतराल पर पुरूष तथा हर 4 माह (120 दिन) के अंतराल पर महिला रक्तदान कर सकती है। हर बालिक व स्वस्थ्य व्यक्ति का कर्तव्य व दायित्व है कि जरूरतमंद मरीजों के लिये रक्तदान करें। जनसामान्य से अपील है कि इस मानवीय कार्य में 25 जनवरी दिन शनिवार को सभी को रक्तदान के लिये प्रेरित करें एवं रक्तदाताओं को रक्तदान शिविर तक लाने में मदद करें ताकि रक्तदान से ब्लड बैंक में सभी ग्रुप्स के रक्त युनिट उपलब्ध हो पायें।

# पं जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष विद्यार्थी योजना के तहत आवेदन 14 फरवरी तक

पायनियर संवाददाता ᐸ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष विद्यार्थी योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान छात्र, छात्राओं को वर्ष 2025-26 में राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 23 मार्च 2025 रविवार दोपहर 12.00 से 2.00 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की जावेगी। छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्थाई जाति प्रमाण-पत्र धारक ऐसे प्रतिभावान छात्र, छात्राएं जो छ.ग. में संचालित किसी मान्यता प्राप्त शाला में कक्षा पांचवीं में नियमित अध्ययनरत् हो व जिन्होंने कक्षा चौथी की परीक्षा में अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। जिनके पालक की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रू. 2.50 लाख, दो लाख पचास हजार से अधिक न हो जो ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययरत हो, ऐसे विद्यार्थी ही इस योजना के तहत आवेदन कर सकेगें। प्रवेश के लिए जिला स्तर, विकास खण्ड स्तर पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में लिखित परीक्षा 23 मार्च 2025 (रविवार) को दोपहर 12.00 से 2.00 बजे तक आयोजित की जावेगी। राज्य के अंतर्गत छात्र, छात्राएं जिस जिले के मूल निवासी हो (सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर से जारी निवास प्रमाण-पत्र के आधार पर) उन्हें उसी जिले में आवेदन करने की पात्रता होगी। मूल निवास जिले से भिन्न जिले में किये गये आवेदन मान्य नहीं होंगे। आवेदन-पत्र का प्रारूप एवं नियमावली की जानकारी संबंधित विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। विद्यार्थी द्वारा अध्ययनरत् शाला में आवेदन-पत्र जमा किया जाना है, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 14 फरवरी 2025 शाम पांच बजे तक निर्धारित है। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

# कुपोषण दूर करने सक्रियता से करे कार्य : कलेक्टर अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ᐸ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति शत - प्रतिशत हो यह सुनिश्चित करें। बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निर्धारित मेन्यू के अनुसार नाश्ता एवं गर्म भोजन भी उपलब्ध कराये। पोषण ट्रेकर के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति की एण्ट्री करें। पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत कुपोषित बच्चों को लाभान्वित करें तथा गर्भवती, शिशुवती एवं किशोरी बालिकाओं को भी पूरक पोषण आहार प्रदान करें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों को आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा वहां बच्चो के लिए उच्च गुणवत्ता के पोषण आहार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने जिले में कुपोषण को दूर करने सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिये। साथ ही अधिक कुपोषण वाले जगहों में विशेष कैंप लगाकर पूरक पोषण आहार वितरित करने एवं नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिये। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चो का स्वास्थ्य जांच भी नियमित रूप करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बाल विवाह एवं बहुविवाह जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पाण्डेय, सीडीपीओ सहित पर्यवेक्षकगण मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में कहा कि बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर लक्ष्य निर्धारित कर कुपोषण की स्थिति में सुधार लाए। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन तथा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की कार्यरत एवं शेष रिक्त पदों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कुपोषण मुक्त गांव के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के निर्देश दिये।

# फलों के सेवन से शरीर स्वस्थ्य रहता है : डॉ. चंद्रमणी तिवारी

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

ठंड के मौसम में फलों एवं अन्य विटामिन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन शरीर को स्वस्थ्य रखता है। कोटा निवासी आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. चंद्रमणी तिवारी ने एक मुलाकात के दौरान बताया कि फलों का सेवन हमारे शरीर को स्वस्थ्य रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है शरीर के अंगों में फलों के सेवन से होने वाले प्रभावों का उल्लेख करते हुए डॉ. तिवारी ने बताया कि गाजर खाने से आंखों रोशनी बढ़ती है। टमाटर के प्रयोग से हार्ट की धड़कनों में बिना रूकावट रक्त संचरण होता है। राजमा का प्रयोग किडनी के स्वस्थ रखने में प्रभावी भूमिका निभाता है वहीं पेट से संबंधित बिमारियों के निदान के लिए सब्जी एवं चाय में अदरक का प्रयोग लाभकारी है। वालनट के प्रयोग से दिमाग में स्फूर्ति आती है। शकरकंद का प्रयोग मधुमेह के रोगियों के लिए रामबाण औषधि है। यह पैक्रियाज में बनने वाले इंसुलिन को नियंत्रित करता है। अंगूर का प्रयोग फेफड़ों से संबंधित बीमारी के लिए अति उत्तम है। संतरा का प्रयोग महिलाओं के स्तन संबंधी दर्द में कमी करता है। पालक के प्रयोग से जहां शरीर में लौह आयरन की कमी दूर होती है। वही सेव के प्रयोग से अतडियों में जमे कचरे को साफ करने में मदद मिलती है। रोज दिन में एक जाम का प्रयोग शरीर को स्वस्थ्य रखने में मदद करता है। करेले एवं लौकी का रस मधुमेह रोगियों के लिए शुगर की मात्रा को कम करने में विशेष भूमिका निभाता है।

# कलेक्टर ने खपराडीह में स्कूली बच्चों से की मुलाकात, समझाईश देकर बच्चों का बढ़ाया मनोबल

पायनियर संवाददाता ᐸ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम खपरीडीह के मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के छात्रों से की मुलाकात और ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच शिविर क़ा जायजा लिया। उन्होने बच्चों क़ो समय पर भोजन करने, स्वच्छता अपनाने, मन में डर या घबराहट न लाने तथा घबराहट होने पर शिक्षकों क़ो बताने क़ी समझाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। कलेक्टर ने शिक्षकों से स्कूली गतिविधियों, मध्यान्ह भोजन, साफ-सफाई आदि क़ी जानकारी लेते हुए बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने कहा। उन्होंने बताया कि श्री सीमेंट सयंत्र के एएफआर क़ो सील कर दिया गया है और अब तीव्र दुर्गन्ध नहीं आएगी। उन्होंने स्कूल के सभी क्लास रूम में एक्झास्ट फैन लगवाने कहा ताकि कमरों में वायु क़ी ताजगी बनी रहे।कलेक्टर ने स्वास्थ्य जांच शिविर में मौजूद चिकित्सकों से बच्चों के स्वास्थ्य जांच के साथ आहार चार्ट बनाने के भी निर्देश दिए ताकि बच्चों में चार्ट के अनुसार समय पर जरूत के अनुसार आहार लेने क़ी आदत विकसित हो। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से भी स्वास्थ्य जांच कराने और संयम बनाए रखने कहा। गौरतलब है कि बुधवार क़ो खपराडीह स्थित श्री सीमेंट सयन्त्र के एएफआर एरिया से तीक्ष्ण दुर्गन्ध के कारण खपराडीह हायर सेकेण्डरी स्कूल के कुछ बच्चों के स्वास्थ्य समस्या होने पर पीड़ित बच्चों अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कराया गया था। ज़िला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागो की संयुक्त जांच टीम गठन प्लांट साइट के निरीक्षण हेतु निर्देशित किया और प्रबंधन द्वारा ए एफ आर साइट प्रबंधन मे पाई गई लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए तत्काल रूप से श्री सीमेंट कम्पनी के ए एफआर एरिया, फीडर एरिया और श्रेडर एरिया को सील किया गया है। इस दौरान एसडीएम अंशुल वर्मा, उप संचालक खनिज कुंदन कुमार बंजारे, तहसीलदार कुणाल सरवैया, दिलीप श्यामल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पर+इच्छा=परीक्षा को बनाये मन की इच्छा, परिणाम इच्छानुसार मिलेंगे : विजय चोपड़ा

## स्कूली विद्यार्थियों के लिए मेरी परीक्षा तनाव मुक्त परीक्षा कैसे बने पर जैन संवेदना ट्रस्ट की कार्यशाला, सैकड़ों बच्चों ने मोबाईल दुरुपयोग फास्टिंग की ली शपथ

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा बच्चों से बच्चों की बात कार्यशाला का आयोजन श्री आदिश्वर जैन माध्यमिक शाला, महावीर भवन में किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष महेन्द्र कोचर ने बताया कि बच्चों के मन में वार्षिक परीक्षा के डर को दूर करने व परीक्षा में सफलता के लक्ष्य निर्धारण हेतु मोटिवेशनल कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में प्रसिद्ध शिक्षाविद विजय चोपड़ा ने मेरी परीक्षा मेरी तैयारी विषय पर बच्चों को मोटिवेशनल स्पीच देते हुए कहा कि परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए सही प्लानिंग, व्यवस्थित प्रिपरेशन व कड़ा परिश्रम बहुत जरूरी है। चोपड़ा ने अच्छे परिणाम के लिये प्लानिंग, प्रिपरेशन व परिश्रम को विस्तारित करते हुए कहा कि प्रिपरेशन के पूर्व अच्छी प्लानिंग करें। कुल विषयों को परीक्षा के बचे दिन से भाग देकर प्रत्येक विषय



के लिये दिन निर्धारित करें। प्रत्येक विषय को तीन श्रेणी में बांट लें। वस्तुनिष्ठ प्रश्न, मन पसंद सरल प्रश्न व कठिन प्रश्न। तैयारी करते समय सरल प्रश्न से आरम्भ कर आगे बढ़ेंगे तो आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। कठिन प्रश्नों की तैयारी के लिए प्रातः काल का समय बेहतर होगा। इस तरह के प्रयास अच्छे परिणाम देंगे। परीक्षा की तैयारी को स्वयं की इच्छा बनाएं फिर सफलता सौ प्रतिशत तय है। परीक्षा को बोझ या हव्वा न मानें बल्कि परीक्षा पर हावी होकर तैयारी में जुट जाएं। लगन, मेहनत, अनुशासन व आत्मविश्वास से ही पूर्ण सफलता प्राप्त होती है इसे मूलमंत्र बनाएं, पूर्ण मनोभावों से किये परिश्रम से ही अच्छे परिणाम सामने आते हैं। अभी परीक्षा में एक माह का समय शेष है, एक बात तय है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नही होता सो विषयों के अनुसार टाईम टेबल सेट करें, ऊँचा लक्ष्य निर्धारित करें अपनी क्षमता पर विश्वास करें व प्लानिंग से तैयारी आरम्भ कर देवें। मोटिवेशनल स्पीकर चोपड़ा ने छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए बताया कि परीक्षा की तैयारी के बीच बीच में ब्रेक भी जरूरी है, प्रतिदिन की संतुलित निद्रा व आहार भी सफलता के आधार हैं। चोपड़ा ने छात्राओं को परीक्षा की समयबद्ध तैयारी के मध्य की अड़चन को इंगित करते हुए मोबाईल के उपयोग व दुरुपयोग पर विस्तृत चर्चा की, एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। मोबाईल पर समय के दुरुपयोग से दूर रहकर उसके सही उपयोग को क्रियान्वित करें। कठिन प्रश्नों के उत्तर अपनी आवाज में रिकॉर्ड करें उसे बार बार सुनकर मस्तिष्क पटल पर बैठाएं, इस प्रकार हमारे जीवन में रचे बसे मोबाईल का परीक्षा के लिए सदुपयोग का संकल्प छात्राओं ने लिया।

# नियद नेल्लानार गांव में लगा स्वास्थ्य शिविर, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन



पायनियर संवाददाता ᐸ सुकमा
www.dailypioneer.com

नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत चयनित कैंपो में महिला बाल विकास विभाग के रोस्टर के अनुसार स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में परिया, लखापाल और पूर्वर्ती कैंप में बाल संदर्भ और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। आयोजित शिविर में गर्भवती व शिशुवती महिलाओं का संपूर्ण स्वास्थ्य जांच किया गया। इसके साथ ही उनका टीकाकरण भी किया गया। शिविर के माध्यम से 155 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, वजन तथा ऊंचाई किया गया और 14 चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों को योजना से लाभान्वित किया गया। परिया कैंप में जिला महिला बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## शपथ पत्र

मैं दिनेश कोर्राम पिता चैतराम कोर्राम, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम जोंदरापदर, पोस्ट - बुनागांव, तहसील व जिला कोण्डागांव, छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न लिखित सत्य कथन करता हूं :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।

2. यह कि मेरी पत्नी का सही नाम सुकमती कोर्राम, माता का सही नाम शांति बाई कोर्राम एवं माता की जन्म तिथि 01/01/1972 तथा पिता चैतराम की जन्म तिथि 01/01/1966 है, सत्य एवं सही है तथा आधार कार्ड में दर्ज है।

3. यह कि मै वर्तमान में भारतीय थल सेना में सिगनल कोर जिला सोफिया, जम्मु एण्ड कश्मीर में नायक के पद पर पदस्थ हूं, तथा मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम सुकमती, पिता चैतराम की जन्म तिथि 08/04/1969 एवं माता का नाम शांति एवं जन्म तिथि 18/05/1974 अंकित है, जो कि गलत है।

4. यह कि यह शपथ पत्र मैं मेरे सर्विस रिकार्ड में पत्नी का सही नाम सुकमती कोर्राम, पिता का जन्म तिथि 01/01/1966 एवं माता का नाम शांति बाई कोर्राम एवं जन्म तिथि 01/01/1972 होने एवं अंकित किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**

**// सत्यापन //**

मैं दिनेश कोर्राम पिता चैतराम कोर्राम, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम जोंदरापदर, पोस्ट - बुनागांव, तहसील व जिला कोण्डागांव, छ.ग. सत्यनिष्ठापूर्वक कथन करता हूं कि उपरोक्त कंड़िका क्रमांक 01 से 04 तक के तथ्य मेरे स्वंय की जानकारी में सत्य एवं सही है। आज दिनांक 23/01/2025 को स्थान कोण्डागांव में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

**शपथकर्ता**

मुहर

# उत्तराखंड में होने वाले 38वें नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ के शूटर्स का चयन





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेल के लिए छत्तीसगढ़ से 10 शूटर्स का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा किया गया हैं, जिसमें सभी खिलाड़ियों का चयन लास्ट चैंपियनशिप में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर किया गया हैं, जो कि उत्तराखंड के देहरादून के मैदान में अपना अपना निशाना साधेंगे जिसका आयोजन 28 जनवरी से शुरू हो जायेगा। खिलाड़ियों में परमपाल सिंह स्कीट मेन, कुंवर कार्तिक सिंह-50 मीटर 3पी मेन, दिव्यांशु देवांगन 10 मीटर एयर राइफल मेन, प्रान्जुश्री 10 मीटर एयर राइफल वीमेन, शेषांक मसीह 10 मीटर एयर पिस्टल मेन, मानस कनोजे 10 मीटर एयर राइफल मेन, श्रुति यादव 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल वीमेन, चांदनी पैकरा 10 मीटर पिस्टल वीमेन, खुशी सक्सेना 10 मीटर एयर राइफल, सौम्या बैनर्जी 50 मीटर 3पी वीमेन कोच दुर्गेश एवं मैनेजर श्रुति यादव की टीम रवाना होंगे। टीम की पूरी तैयारी छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन एवं छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन द्वारा की जा रहे हैं। जिसमें खिलाड़ियों के आने जाने से लेकर उनके रहने एवं किट वितरण का कार्य किया जा रहा हैं। राष्ट्रीय खेल में चयनित खिलाडी काफी उत्साहित हैं एवं इसके तैयारी के लिए बहुत से खिलाडी पहले से अलग अलग राज्यों में अपनी प्रैक्टिस भी कर रहे हैं।

## स्काई फोर्स में वीर पहाड़िया के अभिनय के मुरीद हुए समीक्षक

**रायपुर।** अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'स्काई फोर्स' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होने वाली यह फिल्म बतौर अभिनेता वीर पहाड़िया की पहली फिल्म थी। अभिनेता फिल्म में टी विजया उर्फटोडी की भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो स्क्वाड्रन लीडर अज्जमदा बोप्पया देवय्या से प्रेरित है। महावीर चक्र से नवाजे गए देवय्या को 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान दुश्मन के जेट विमानों के खिलाफ उनकी वीरता और प्रतिष्ठित डॉगफाइट के लिए याद किया जाता है। देवय्या के जीवन को स्क्रीन पर सहजता से निभाने वाले वीर पहाड़िया को अपार प्रशंसा मिल रही है। एक समीक्षक ने वीर पहाड़िया के अभिनय को 'विस्फोटक' कहा तो एक सोशल मीडिया यूजर ने कहा किया कि पहाड़िया की शुरुआत अभूतपूर्व है जैसे 'कहो ना प्यार है' में ऋतिक रोशन की थी। पहाड़िया की ऑन-स्क्रीन मौजूदगी और उनके अभिनय ने उन्हें बी-टाउन यानि बॉलीवुड के सबसे नए स्टार के रूप में स्थापित करने का काम किया है। हाल ही में, पहाड़िया ने कहा कि स्काई फोर्स उनके लिए करियर की शुरुआत से कहीं अधिक है। उन्होंने बताया कि, 'स्काई फोर्स में काम करने के अनुभव ने मुझे समय के अनुरूप क्षमतावान और सहयोग करना सिखाया है। स्काई फोर्स' में पहाड़िया ने अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन साझा किया है। फिल्म समीक्षकों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले पहाड़िया के अभिनय की सराहना इसलिए भी की जा रही है क्योंकि बतौर न्यू कमर अभिनेता पहाड़िया ने अनुभवी अभिनेता अक्षय कुमार के सामने अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिया है। एक समीक्षा में तो यहाँ तक कह दिया गया कि, 'इस फिल्म का मुख्य किरदार अक्षय कुमार को नहीं, बल्कि वीर पहाड़िया को होना चाहिए था।' फिल्म में अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया के अलावा सारा अली खान और निम्रत कौर भी हैं।

## मेनू पर वापसी : कलर्स 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' का नया सीजन लेकर आया है

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




कलर्स फिर से परोस रहा है एंटरटेनमेंट का स्वाद, आपके चहेते शो के साथ हंसी और खाने के परफेक्ट फ्यूजन की भूख को देखते हुए, कलर्स ने पिछले साल 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के साथ डिनर-टेनमेंट शो पेश किया, जो एक अनोखा कुलिनरी-कॉमेडी क्रॉसओवर था। 21.1 करोड़ से ज़्यादा दर्शकों और कलर्स व जियो सिनेमा पर 92.5 अरब व्यूइंग मिनट के साथ, इस शो ने तहलका मचा दिया, और 9 अरब इंप्रेशन, 3 अरब रीच और 2 अरब व्यू के साथ सोशल मीडिया पर ट्रेंड किया। इतनी शानदार सफल शुरुआत के बाद, चैनल एक शानदार नया सीजन पेश करने के लिए तैयार है, जिसमें नए ट्विस्ट, नए चेहरे और और भी ज्यादा मजा आने वाला है। एक बार फिर, दर्शकों का पसंदीदा टेलीविजन किचन एक मनोरंजक बैटलग्राउंड में बदल जाएगा, जहां भारत के प्रिय सेलिब्रिटी शेफ हैट पहनेंगे और मेनू में एक स्वादिष्ट दावत पेश करेंगे, जिससे हंसी के ठहाके लगेंगे। हंसी के डोज़ को बढ़ाने के लिए तैयार, इस आगामी सीज़न में पुराने पसंदीदा और नए चेहरों का एक शानदार मिश्रण है विक्की जैन अंकिता लोखंडे, कृष्णा अभिषेक कश्मीरा शाह, राहुल वैद्य रुबीना दिलैक, अब्दु रोज़िक एल्विश यादव, अभिषेक कुमार समर्थ जुरेल और सुदेश लहरी मन्नारा चोपड़ा। ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, राजधानी बेसन द्वारा सह-प्रायोजित, स्पेशल पार्टनर कैच मसाले और विक्रम इलायची टी, 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' का नया सीज़न 25 जनवरी को शुरू होगा और उसके बाद शनिवार-रविवार रात 09:30 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होगा। इस नए सीज़न का मुख्य विषय इन शौकिया शेफ्स की पेट गुदगुदाने वाली हरकतों के साथ ही पिछले सीज़न की यादों और इस सीज़न के नए समीकरणों की दावत है। इस सीज़न की नई जोड़ियों में से, समर्थ जुरेल और अभिषेक कुमार हैं, जो कभी एक प्रेम त्रिकोण में उलझे हुए थे, लेकिन अब इस अल्टीमेट प्रेशर कुकर का सामना करते हुए अतीत को पीछे छोड़ रहे हैं और साथ मिलकर ऐसे व्यंजन बनाएंगे जो प्रतिस्पर्धा को मात दे सकते हैं।

## एंकॉर-आल्कॉम ने भारत का सबसे बड़ा एल्यूमिनियम दरवाजों का प्लांट स्थापित किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



एंकॉर-आल्कॉम, जो हैदराबाद की एक प्रमुख एल्यूमिनियम दरवाजे और खिड़कियों की निर्माता कंपनी है, ने घोषणा करते हुए बताया की उसकी नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी, जो ऑटो रोबोटिक तकनीक से लैस भारत की पहली फैक्ट्री है, सूरत, गुजरात में शुरू हो गई है। भारत की यह सबसे बड़ी एल्यूमिनियम दरवाजे और खिड़कियां बनाने वाली फैसिलिटी 1,84,000 वर्ग फुट में फैली हुई है और 500 लोगों को रोजगार दे रही है। कंपनी इस प्लांट में कई फेज में 60 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। एंकॉर वुडक्राफ्ट्स के फाउंडर और चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, अवथू शिवा कोटी रेड्डी ने कहा, हमने इस अत्याधुनिक नए प्लांट के लिए जर्मन तकनीक का उपयोग किया है, जिसकी प्रोडक्शन कैपेसिटी 35,000 वर्ग फुट प्रति दिन है। हम अपने नए और आधुनिक प्रोडक्ट्स को 24 जनवरी से हैदराबाद के हाइटेक्स में आयोजित होने वाले ऐसटेक ट्रेड फेयर में प्रदर्शित करेंगे। जयंती भाई पटोला, आल्कॉम के डायरेक्टर ने कहा, अब तक, कंपनी ने अमेरिका, ब्रिटेन, दुबई और यूरोप सहित 3,500 प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक पूरा किया है। हमारे प्रोडक्ट्स इस सेगमेंट में दुनिया की लीडिंग कंपनियों के बराबर हैं, क्योंकि हमारे पास अपनी विश्वस्तरीय अनुसंधान एवं विकास टीम है और हमने इटालियन डिजाइनरों के साथ मिल कर काम किया है। सबसे बड़ा स्लाइडिंग दरवाजा.. एंकॉर-आल्कॉम ने 20 फुट ऊंचा स्लाइडिंग दरवाजा बनाकर एक रिकॉर्ड स्थापित किया, जो ऊंचाई और चौड़ाई के मामले में भारत में सबसे बड़ा है, शिवा कोटी रेड्डी ने बताया। हमने एक प्रोजेक्ट में 3.6 टन वजनी स्लाइडिंग दरवाजा भी स्थापित किया। हमारी कंपनी ऐसे स्लाइडिंग दरवाजे डिजाइन करती है, जिन्हें तीन साल का बच्चा भी आसानी से चला सके। हमारे द्वारा निर्मित दरवाजे और खिड़कियां भारत और विदेशों में स्थापित नए रेस्तरां, कैफे और आउटलेट्स को विशेष आकर्षण प्रदान करती हैं, उन्होंने बताया।

## होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने नई 2025 लिवो लॉन्च की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने शहरी युवाओं के लिए ओडीबी2बी मानकों के अनुरूप नई लिवो बाइक लॉन्च की है। यह नई लिवो बोल्ड डिजाइन और आधुनिक तकनीक का बेहतरीन संयोजन है, जो राइडिंग को और भी शानदार अनुभव बनाती है। 2025 होंडा लिवो की

शुरुआती कीमत एक्स-शोरूम दिल्ली में रू. 83,080 रुपये रखी गई है। इस लॉन्च के अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ सुतसुमु ओटानी ने कहा, हम नई 2025 लिवो को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। होंडा का उद्देश्य हमेशा से कम्यूटर बाइक सेगमेंट में नए मानक स्थापित करना रहा है। 2025 लिवो न केवल अपने शानदार स्टाइल बल्कि उन्नत फीचर्स के साथ ग्राहकों को एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगी। हमें भरोसा है कि यह बाइक भारतीय राइडर्स की विविध जरूरतों को पूरी तरह से संतुष्ट करेगी। इस लॉन्च के अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, होंडा लिवो हमेशा से हमारे ग्राहकों की पसंदीदा बाइक रही है। 2025 मॉडल के जरिए हमारा लक्ष्य इसकी बाजार में स्थिति को और मजबूत करना है। नई लिवो में तकनीक और डिजाइन का ऐसा तालमेल है जो होंडा की गुणवत्ता और नवीनता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बाइक न केवल आधुनिक फीचर्स से लैस है, बल्कि व्यावहारिकता और स्टाइल का बेहतरीन संयोजन भी पेश करती है। हमें विश्वास है कि यह भारत के राइडर्स के लिए लिव लाइफ लिवो स्टाइल का एक भरोसेमंद साथी साबित होगी। नई लिवो ग्राहकों को बेहतर राइडिंग अनुभव और शानदार लुक्स के साथ एक आदर्श विकल्प प्रदान करती है। नई लिवो अब पूरी तरह डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के साथ आती है, जो राइडर को कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान करता है। इसमें रियल-टाइम माइलेज, डिस्टेंस टू एम्प्टी, सर्विस ड्यू इंडिकेटर, गियर पोजीशन इंडिकेटर और इको इंडिकेटर जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। इस कम्यूटर बाइक में सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा गया है, और इसमें साइड स्टैंड इंजन कट-ऑफ फीचर दिया गया है।

## जेके लक्ष्मी सीमेंट का नया उत्पाद जेके लक्ष्मी ग्रीन प्लस छत्तीसगढ़ के बाजार में लॉन्च हुआ






पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

जेके लक्ष्मी सीमेंट ने आधुनिकता एवं सस्टेनेबल भविष्य की चुनौतियों से लड़ने हेतु एक नये अध्याय का शुभारंभ किया। इस नए अध्याय में उन्होंने जे के लक्ष्मी ग्रीन प्लस के नाम से एक नए ब्रांड की शुरुआत की है, जो की बदलती दुनिया की चुनौतियों में एक अवसर के रूप में डीलर बंधुओ के लिए रहेगा। यह जेके लक्ष्मी की बुलंद सोच और सकारात्मक की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस जेके लक्ष्मी सीमेंट की यात्रा के अभिन्न हिस्से में उसके छत्तीसगढ के सारे डीलर परिवार ने उसका स्वागत किया, और छत्तीसगढ़ (रायपुर) के विभिन्न काउंटरों में इस उत्पाद का भरी जोश के साथ स्वागत किया गया। जैसे किसी तरह का बड़ा आयोजन चल रहा हो और या इस स्वागत की प्रतीक्षा उन्हें काफी लंबे समय से हो। जैसा कि सबको पता है कि जेके लक्ष्मी के ब्रांड पर डीलरों और काउंटर्स का विश्वास हमेशा है और यह नया अध्याय उस विश्वास को बढ़ाने का एक कदम है।

## सैमसंग ने सैमसंग हेल्थ ऐप में जोड़ा हेल्थ रिकॉर्ड्स फीचर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने सैमसंग हेल्थ ऐप में एक नया हेल्थ रिकॉर्ड्स फीचर जोड़ा है। इस फीचर की मदद से यूजर्स अब अपने स्वास्थ्य का बेहतर और व्यापक प्रबंधन कर सकेंगे। हेल्थ रिकॉर्ड्स फीचर के जरिए यूजर्स अपने आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट को सीधे सैमसंग हेल्थ मोबाइल ऐप से बना और एक्सेस कर सकते हैं। यह फीचर यूजर्स को उनके स्वास्थ्य से जुड़े डेटा को प्रबंधित करने में मदद करेगा, जो भारत में विभिन्न स्वास्थ्य प्रदाताओं द्वारा जनरेट किया जाता है। इस पहल के जरिए लोग अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से मैनेज कर सकेंगे। सैमसंग की यह नई पहल भारत में डिजिटल स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और उपयोगकर्ताओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह फीचर भारत सरकार के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अनुरूप तैयार किया गया है। यह न केवल डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाएगा, बल्कि सुरक्षित और सुगम स्वास्थ्य सेवा का अनुभव भी प्रदान करेगा। सैमसंग का यह नया फीचर यूजर्स को उनके स्वास्थ्य का नियंत्रण अपने हाथों में देने के साथ-साथ डिजिटल स्वास्थ्य को सरल और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सैमसंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, नोएडा के मैनेजिंग डायरेक्टर क्युनग्युन रू ने कहा, सैमसंग हमेशा अपने ग्राहकों की जरूरतों को प्राथमिकता देता है और उनके रोजमर्रा के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए लगातार नए उत्पाद और सेवाएं पेश करता है। सैमसंग हेल्थ ऐप में भारत के लिए हेल्थ रिकॉर्ड्स फीचर जोड़ना, डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड्स को सुलभ और सुविधाजनक बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## तीन दिवसीय क्रिड़ा प्रतियोगिता का हुआ पुरस्कार वितरण के साथ समापन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

संकुल केन्द्र दुर्गा पाली के अंतर्गत शा.प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला सागरपाली में तीन दिवसीय ,संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन एवम पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अमृतलाल जगत,शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक सरायपाली,अध्यक्षता निमंकर पटेल संकुल प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि लालचंद अग्रवाल सरपंच प्रतिनिधि ग्रामपंचायत सागरपाली, सोहन पटेल,लक्ष्मण पटेल प्रधान पाठक, उच्च प्राथमिक शाला, अभिमन्यु चौहान प्रधान पाठक प्राथमिक शाला सागरपाली, अर्जुन प्रधान उपस्थित थे। तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में तीन उच्च प्राथमिक शाला, 7 प्राथमिक शाला के प्रतिभागी खिलाड़ी शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विभाग व प्राथमिक विभाग के सामूहिक खेल व व्यक्ति गत खेल आयोजित हुए।पूरे



प्रतियोगिता में ओवर ऑल चेम्पियनशिप का खिताब माध्यमिक विभाग में प्रथम स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय सागरपाली, द्वितीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दुर्गापाली तथा प्राथमिक विभाग में प्रथम स्थान प्राथमिक विद्यालय बुधुडोंगर, द्वितीय बिरसिंगपाली ने प्राप्त किया। सामूहिक खेलों में उच्च प्राथमिक विभाग में कबड्डी, खो-खो, रिले रेस, व्यक्तिगत में 100 मीटर, 200 मीटर, लंबिकुद, कुर्सी दौड़,सुई व धागा दौड़, प्राथमिक विभाग से कबड्डी, खो-खो, रिलेरेस, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, सुई-धागा, मेढक दौड़, रंगोली व व्यक्ति गत में 89 मीटर,100 मीटर, लंबी कूद, कुर्सी दौड़, आलू दौड़, शामिल थे।

## अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा 105 सेट बेंच डेस्क सेट वितरित

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर द्वारा युनिट हेड राजेश शंकर एवं मानव संसाधन प्रमुख करण मिस्त्री के निर्देशन में शासकीय प्राइमरी स्कूल रावन, झीपन एवं गुमा में 105 सेट बेंच डेस्क वितरित किया गया। बेंच डेस्क लोकार्पण के अवसर पर संबधित विद्यालय के शिक्षक, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिती रही। ग्राम रावन में 26 सेट, झीपन में 35 सेट, गुमा में 44 सेट बेंच डेस्क देने से प्राइमरी के विद्यार्थियों को अध्ययन करने में तथा लंबे समय तक बैठने में अधिक सरलता होगी। रावन नवीन प्राइमरी स्कूल हेडमास्टर रामखिलावन, मोंगरा बघमार, बिंदिया वर्मा, सुधा सेन, झीपन प्राइमरी स्कूल हेडमास्टर किशन लाल बघमार, पुकेश साहू, अनिता वर्मा, गुमा प्राइमरी स्कूल हेडमास्टर लक्ष्मी साहू, मुरलीधर यद्दु, कमलनारायण ध्रुव, राजकुमार वर्मा शिक्षक की उपस्थिती थी।

## प्योर ईवी ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में क्रांति लाने के लिए एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 किया लॉन्च





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के प्रमुख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माताओं में से एक प्योर ईवी ने आज एक्स प्लेटफॉर्म का एक महत्वपूर्ण अपग्रेड, एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 लॉन्च करने की घोषणा की। एडवांस एआई तकनीक द्वारा संचालित यह नया प्लेटफॉर्म, यूज़र एक्सपीरियंस बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वाहन के प्रदर्शन, कनेक्टिविटी और समग्र राइडर सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई एडवांस फीचर्स के साथ उपलब्ध है। थ्रिल मोड एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 की मुख्य विशेषताओं में से एक है, जो टॉर्क और समग्र प्रदर्शन को 25 प्रतिशत तक बढ़ाता है। यह फीचर यूजर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो एक दमदार और पावरफुल ड्राइविंग एक्सपीरियंस की तलाश में हैं। यह फीचर इलेक्ट्रिक वाहन प्रदर्शन में नए मानक स्थापित करता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, प्योर ईवी के संस्थापक और एमडी डॉ. निशांत डोंगरी ने कहा, एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 की शुरुआत के साथ, हम एडवांस एआई तकनीकों को सहजता से एकीकृत करते हुए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्रांति के अगले चरण में कदम रख रहे हैं। यह प्लेटफॉर्म प्योर ईवी के लिए अद्वितीय है और भारतीय नवाचार को वैश्विक स्तर पर ले जाने की हमारी महत्वाकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। हम अपने वाहनों को न केवल परिवहन के साधन के रूप में देखते हैं, बल्कि एक इंटेलिजेंट, कनेक्टेड डिवाइस के रूप में भी देखते हैं, जो मोबिलिटी की अवधारणा को फिर से परिभाषित करती है, और हमारे ग्राहकों को एक बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है।

## दसवें दिन भी गुलजार रहा ऑटो एक्सपो, जोरदार हो रही है बुकिंग

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के सौजन्य से आयोजित ऑटो एक्सपो में दसवें दिन भी व्हीकल्स बायर्स बड़ी संख्या में पहुंचे और अपने मनपसंद वाहनों की बुकिंग की। ज्यादा बचत का हो रहे फायदे को देखते हुए कारों की बिक्री सबसे ज्यादा हो रही है। माडल के रेट के हिसाब से इसमें छूट का लाभ मिल रहा है। विभिन्न वाहनों की खरीदी पर 3 हजार से लेकर 12 लाख रुपए तक का फायदा आजीवन रोड टैक्स पर 50 फीसदी की छूट के चलते कस्टमर को मिल रहा है और इसी का वे जमकर लाभ ले रहे हैं। स्टेज परफार्म पर एक से बढ़कर प्रस्तुति कलाकार पेश कर रहे हैं। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को राष्ट्र भक्ति गीत पर विशेष कार्यक्रम होगा। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि हर दिन एक नया कस्टमर वर्ग पहुंच रहा है, युवाओं की पसंद जहां बाइक हैं, वहीं परिवार सहित पहुंच रहे लोग कार तो महिलाओं का रूझान स्कूटरेट व ई बाइक में, व्यापारिक तबके के लोग गुड्स व कमर्शियल, कृषक ट्रैक्टर-हारवेस्टर जैसे व्हीकल्स के प्रति रूचि ले रहे हैं। हालांकि ओवरआल जिनकी जो जरूरत वह बुकिंग कर रहे हैं। खेमानी ने बताया कि 23 जनवरी का जो आंकड़ा रहा एक्सीवोटेड आर-11, गुड्स व ओमनी-60, मैक्सी केब, एम कैब, एम कार-396, मोटरसाइकल मोपेड-189, थ्री व्हीलर्स-10, टोटल 666 वाहनों की रही। वहीं आरटीओ को टैक्स से मिले 29877628 रुपए। जीके इलेक्ट्रिक ने ऑटो एक्सपो में इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स की लेटेस्ट रेंज पेश की है। जो काफी आकर्षण के केन्द्र बने हुए हैं। पुनीत परवानी ने बताया कि आने वाले जनरेशन के लिए, फ्यूल की बचत व उपयोगिता के साथ यह एक बेहतर विकल्प हैं जो कि आर्थिक रूप से भी लाभकारी है व पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी, लोग अपनी पंसद के माडल की खरीदी कर रहे हैं। कारों की ज्यादा बिक्री होने पर स्काय आटोमोबाइल्स के अनिल अग्रवाल ने कहा कि लोगों को ज्यादा बचत (छूट) मिल रहा है, इसी का वे फायदा उठा रहे हैं। जहां तक मारूति कार के माडलों का सवाल हैं अलग-अलग रेट के हिसाब से बचत हो रहा है। अधिकत्तम 1.30 लाख तक की बचत वे दे रहे हैं। स्वंय की सुरक्षा व पर्यावरण की रक्षा को लेकर राडा ने शुरु दिन से कैंपेन कस्टमर के लिए लगातार जारी रखा है। राडा के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने बताया कि हेलमेट की अनिवार्यता व परिवहन के तय नियमों का पालन करने का उनसे आग्रह किया जा रहा है।

### गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रभक्ति गीतों का होगा कार्यक्रम

ऑटो एक्सपो के स्टेज प्रोग्राम में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की शाम केवल राष्ट्रभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जायेगी। रोजाना कुछ न कुछ नया सुनने व देखने का मौका मिल रहा है। ऑटो एक्सपो में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में विगत दिनों स्थानीय यारी बैंड द्वारा शानदार पेशकश की गई। यारी बैंड के लीड वोकलिस्ट सत्यम निगम और योगेश साहू ने शानदार प्रस्तुति दी उन्होंने बॉलीवुड के पार्श्व गायक अरिजीत सिंग, आतिफअसलम, दर्शन रावल के गानों के साथ बॉलीवुड के अनेक गाने गाए साथ ही छत्तीसगढ़ी गीत छुनुर छुनुर पैरी बाजे को प्रस्तुत किया जिसे दर्शकों ने बहुत सराहा। यारी बैंड में वायलिन पर कार्तिक भारद्वाज, गिटार में मार्टिन फाया, प्यानो में हर्ष मेश्राम और ड्रम में दिवेश कुकरेजा ने बखूबी साथ निभाया लाइव कंसर्ट में दर्शकों ने संगीत का आनंद लिया। यारी बैंड को एक्सपो में अपनी प्रस्तुति देने के लिए अक्षय ठाकुर की भूमिका रही।

## एलआईसी म्यूचुअल फंड ने पेश किया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे प्रतिष्ठित फंड हाउसों में से एक एलआईसी म्यूचुअल फंड 'एलआईसी एमएफ मल्टी एसेट एलोकेशन फंड' पेश कर रहा है। यह एक ओपन-एंडेड योजना है, जो इक्विटी, डेट और सोने में निवेश करेगी। इसका नया फंड ऑफर (एनएफओ) 24 जनवरी 2025 को खुलेगा और 07 फरवरी 2025 को बंद होगा। योजना का निवेश उद्देश्य इक्विटी और इक्विटी से संबंधित साधनों, डेट और मनी मार्केट के साधनों तथा सोने के एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) की यूनिट में निवेश कर पूंजी में दीर्घकालिक वृद्धि करना है। योजना का बेंचमार्क निफ्टी 500 टीआरआई का 65 फीसदी, निफ्टी कंपोजिट डेट इंडेक्स का 25 फीसदी और घरेलू सोने की कीमत का 10 फीसदी होगा। इस योजना के फंड मैनेजर निखिल रुंगटा, सुमित भटनागर और प्रतीक श्रॉफ होंगे। योजना 18 फरवरी 2025 को लगातार बिक्री और फिर से खरीद के लिए दोबारा खुलेगी। एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर.के. झा ने एनएफओ के बारे में कहा, मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड आजकल बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं क्योंकि ये एक ही जगह पर निवेश के जोखिम को कम करते हैं और परिसंपत्तियों का बेहतर डायवर्सिफिकेशन सुनिश्चित करते हैं।

# इसरो एनवीएस-02 को जीटीओ में स्थापित करने के लिए तैयार

एजेंसी श्रीहरिकोटा
www.dailypioneer.com



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जीएसएलवी-एफ15 मिशन से एनवीएस-02 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित करने के लिए तैयार है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से यह 100वां प्रक्षेपण है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को और रेखांकित करती है। शार में दूसरे लॉन्च पैड (एसएलपी) से होने वाला यह प्रक्षेपण भारत के जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) की 17वीं उड़ान और स्वदेशी क्रायोजेनिक स्टेज के साथ 11वीं उड़ान होगी। इस मिशन के लिए पेलोड फेयरिंग 3.4 मीटर व्यास वाला एक धातु संस्करण है जिसे एनवीएस-02 उपग्रह को इसके प्रक्षेपण और अंतरिक्ष में चढ़ने के दौरान सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मिशन के केंद्र में एनवीएस-02 उपग्रह है, जिसे भारतीय नक्षत्र प्रणाली के साथ भारत के नेविगेशन (एनएवीआईसी) को बढ़ाने के लिए कक्षा में तैनात किया जाएगा। एनएवीआईसी भारत की स्वायत्त क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली है जिसे सटीक स्थिति, वेग और समय (पीवीटी) सेवाएँ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह न केवल भारत के भीतर उपयोगकर्ताओं को बल्कि भारतीय भूभाग से लगभग 1500 किमी दूर तक फैले क्षेत्र को भी सेवाएँ प्रदान करता है। एनएवीआईसी मानक पोजिशनिंग सेवा (एसपीएस) और प्रतिबंधित सेवा (आरएस) दो अलग-अलग सेवाएँ प्रदान करता है। एसपीएस अपने सेवा क्षेत्र में 20 मीटर (2s) से बेहतर स्थिति सटीकता और 40 नैनोसेकंड (2s) से बेहतर समय सटीकता प्रदान करने में सक्षम है। एनवीएस-02, एनएवीआईसी उपग्रहों की नई पीढ़ी का हिस्सा है जो मई 2023 में लॉन्च किए गए एनवीएस-01 की श्रेणी में शामिल हो रहा है। 2250 किलोग्राम के लिफ्ट-ऑफ द्रव्यमान और लगभग 3 किलोवाट की पावर हैंडलिंग क्षमता वाले एनवीएस-02 को एल1, एल5 और एस बैंड को कवर करने वाले उन्नत नेविगेशन पेलोड के साथ डिज़ाइन किया गया है। इसके अतिरिक्त, यह अपने पूर्ववर्ती एनवीएस-01 के समान सी-बैंड में रेंजिंग पेलोड से लैस है। यह उपग्रह 111.75 ई स्थिति पर आईआरएनएसएस-1ई की जगह लेगा, जिससे एनएवीआईसी प्रणाली की सटीकता और विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यू आर सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी) में विकसित और एकीकृत एनवीएस-02 उपग्रह प्रक्षेपण के लिए अपनी तत्परता सुनिश्चित करने के लिए थर्मोवैक और गतिशील परीक्षणों सहित व्यापक परीक्षण से गुजरा है। इसे पांच जनवरी, 2025 को एसडीएससी शार के लिए रवाना किया गया था और वर्तमान में यह प्रक्षेपण-पूर्व अभियान गतिविधियों से गुजर रहा है। उपग्रह को जनवरी 2025 में प्रक्षेपित किया जाना है जो भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## भोपाल सहित पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में 94 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लग चुके

**भोपाल।** केन्द्र सरकार की रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम योजना के अंतर्गत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का काम त्वरित गति से शुरू कर दिया गया है। जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां समय पर बिलिंग और रीडिंग निर्धारित समय पर हो रही है। उससे सभी उपभोक्ता संतुष्ट हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर और चंबल संभाग के 16 जिलों में अब तक 94 हजार 444 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं, सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में सुधार होगा। स्मार्ट मीटर लगाने का काम समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कंपनी की टीमें लगातार कार्य में जुटी हुई हैं। कंपनी ने स्मार्ट मीटर के फायदे बताते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है।

# नगरी निकाय चुनाव में शाम चार बजे तक लगभग 57 फीसदी मतदान

एजेंसी देहरादून
www.dailypioneer.com




उत्तराखंड में 100 नगर निकायों के लिए हो रहे मतदान में छुटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक मतदान जारी है। आयोग अथवा संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों के मुताबिक अपराह्न 04 बजे तक सम्पूर्ण निकाय क्षेत्रों में 56.81 फीसदी मतदान हो चुका है। अनेक स्थानों पर लोगों ने अपना नाम मतदाता सूची में न होने पर क्षोभ भी व्यक्त किया है। यहां तक कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी अपना नाम मतदाता सूची में न होने का दावा किया। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार सभी जगह शांतिपूर्वक मतदान चल रहा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, सायं चार बजे तक अल्मोड़ा में 56.01, बागेश्वर में 57.71, चमोली में 58.92, चंपावत में 56.76, देहरादून में 51. 56 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। जबकि हरिद्वार में 60.85, नैनीताल में 55.03, पौड़ी गढ़वाल में 52.01 फीसदी मतदान हुआ है। इसके अतिरिक्त, पिथौरागढ़ में 55.34, रुद्रप्रयाग में 62.72, टिहरी गढ़वाल में 53.63, उधम सिंह नगर में 59.8 और उत्तरकाशी में 57.12 फीसदी मतदान हुआ। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अपने पति अनिल के. रतूड़ी के साथ, मंत्री गणेश जोशी, डा प्रेमचंद अग्रवाल, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण ने अपने निकटवर्ती मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा, सभी तेरह जनपदों के जिला अधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों ने भी अपने मत का प्रयोग किया। सचिव, राज्य निर्वाचन राहुल गोयल ने यूनीवार्ता से कहा कि अभी राज्य में मतदान जारी है। पूरा मतदान होने के बाद, सभी एक सौ नगर निकायों से प्राप्त आंकड़ों को मीडिया से साझा किया जाएगा।

# राष्ट्रीय खेल : खिलाड़ियों का पहला दल पहुंचा हल्द्वानी

एजेंसी नैनीताल
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए शुक्रवार से खिलाड़ियों के साथ ही उनके प्रशिक्षकों एवं तकनीकी स्टाफ का हल्द्वानी आना शुरू हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, दिल्ली, आन्ध्र प्रदेश, हरियाणा एवं मध्यप्रदेश से ट्रायथलॉन के खिलाड़ियों का दल आज हल्द्वानी पहुंचा। दल में प्रशिक्षक और तकनीकी स्टाफ भी शामिल हैं। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पहुंचते ही जिला प्रशासन एवं खेल महकमे की ओर से उनका परंपरागत ढंग से भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर छोलिया टीम द्वारा शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया। इससे खिलाड़ी भी उत्साहित नजर आए। ट्रायथलॉन गेम्स में साइकिलिंग रेसिंग एवं स्विमिंग प्रतियोगितायें आयोजित की जानी है। गौरतलब है कि आगामी 28 जनवरी से 14 फरवरी के बीच प्रदेश में राष्ट्रीय खेल आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 28 जनवरी को देहरादून में इसका शुभारंभ करेंगे। देहरादून के साथ ही विभिन्न जिलों में अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## टैंट व्यवसायी दुकान में बेच रहा था चरस, गिरफ्तार

**नैनीताल।** उत्तराखंड की लालकुआं पुलिस ने टैंट व्यवसायी को पांच लाख की चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी टैंट हाउस में खुलेआम चरस बेच रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालकुआं पुलिस को बीती रात को सूचना मिली कि शास्त्री नगर, बिन्दुखता में एक टैंट व्यवसायी अपनी टैंट की दुकान में खुलेआम चरस बेच रहा है। बिन्दुखता चौकी के प्रभारी सोमेन्द्र सिंह की अगुवाई में पुलिस की एक टीम ने टैंट व्यवसायी की दुकान पर छापा मारा और मौके से 2.339 किग्रा चरस बरामद की गयी। आरोपी मनोज सिंह बिष्ट निवासी शास्त्रीनगर, द्वितीय, बिन्दुखता को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के पास से 84550 रुपये के साथ ही दो इलैक्ट्रानिक तराजू भी बरामद किये गये। आरोपी ने बरामद चरस को बागेश्वर के लक्की नामक व्यक्ति से खरीदना बताया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरामद चरस की कीमत पांच लाख रुपये आंकी गयी है। पुलिस प्रकरण में सामने आये लक्की नामक व्यक्ति की तलाश में भीजुट गयी है। साथ ही गिरफ्तार आरोपी की कुंडली भी खंगाल रही है।

# मध्यप्रदेश ने देश में सबसे पहले लागू की है 'ई-समन' व्यवस्था : यादव

एजेंसी महेश्वर
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती के उपलक्ष में मंत्रि-परिषद की बैठक का आयोजन माँ नर्मदा के किनारे होल्कर शासकों की राजधानी रहे महेश्वर में किया गया। डॉ. यादव मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रि-परिषद के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या माता हों या रानी दुर्गावती, दोनों ने ही विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष के साथ सुशासन स्थापित करते हुए नारी सशक्तिकरण के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन के अनुसार गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण के चार स्तंभों पर आधारित व्यवस्था के अंतर्गत मंत्रि-परिषद की बैठक में महिला नीति संबंधित विषय पर महत्वपूर्ण निर्णय प्रस्तावित हैं। शराब, सामाजिक बुराई है, इससे पारिवारिक स्तर पर समस्याएं होने के साथ ही समाज में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होते हैं, पारिवारिक और सामाजिक हित में 19 धार्मिक नगरों और ग्राम पंचायतों में शराबबंदी के संबंध में निर्णय लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रख्यात विधि विशेषज्ञ थे। उनकी जन्म स्थली महू में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में भी विकसित किया जाएगा। विश्वविद्यालय में विधि संकाय स्थापित करने के उद्देश्य से आधारभूत संरचनाओं के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भी है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि भोपाल में दिनांक 23 जनवरी को लोकार्पित सेतु का नामकरण डॉ. अंबेडकर पर किया गया है।

## नशे का संकट परिवारों, समाज की नींव को भी हिला रहा है: विजय किशोर

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजय किशोर ने कहा कि नशे का संकट न केवल उस व्यक्ति के व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है बल्कि परिवारों और समाज की नींव भी हिला देता है। विजय किशोर यहाँ पंजाब विश्वविद्यालय में आयोग और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'पंजाब में नशे की समस्याः महिलाओं पर बोझ को उजागर करना' विषय पर कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने महिलाओं पर नशे के प्रभाव को रेखांकित किया और समाज को जागरूक करने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये एक ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने अपने उद्बोधन में पंजाब में नशे की बढ़ती समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि पंजाब की इस पवित्र धरती से प्रण लिया जाये तो नशे की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं और महिलाओं को इस आंदोलन का केंद्र बिंदु बनाने पर जोर दिया और नशा मुक्त पंजाब के सपने को साकार करने की अपील की ताकि जमीनी स्तर पर नशे की समस्या का समाधान किया जा सके।



## गुरू गोबिन्द सिंह स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन

**जालंधर।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को करवाये जाने वाले ज़िला स्तरीय समागम की आज स्थानीय गुरु गोबिन्द सिंह स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल हुई, जिसमें जिला उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके उपरांत उपायुक्त ने परेड का निरीक्षण किया और परेड कमांडर श्रीवैनेला के नेतृत्व वाले मार्च पास्ट से सलामी ली। परेड में आई.टी.बी.पी., पंजाब पुलिस (पुरुष और महिला), पंजाब होम गार्ड, पंजाब बटालियन एन.सी.सी. लड़के, पंजाब बटालियन एन.सी.सी. लड़कियां और सी.आर.पी.एफ बैंड शामिल थे। इसके बाद पंजाब सरकार की विकास समर्थकीय नीतियां और अलग- अलग विभागों की प्राप्तियां को दिखाती झांकियां निकाली गयीं। रिहर्सल दौरान अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थियों ने देश भक्ति की भावना वाले सांस्कृतिक नमूने पेश किये गये। डॉ अग्रवाल ने बताया कि 26 जनवरी को होने वाले ज़िला स्तरीय समागम में कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा द्वारा तिरंगा फहराया जायेगा। उन्होंने बताया कि ज़िला स्तरीय समागम दौरान आज़ादी संग्रामियों, शहीदों के पारिवारिक सदस्यों और अलग-अलग विभागों के बढ़िया कारगुज़ारी वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जायेगा। इसके अलावा सर्वोत्तम झांकी भी चुनी जायेगी।

## मुख्यमंत्री ने महेश्वर में माँ नर्मदा के घाट पर की पूजा-अर्चना

**महेश्वर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता अहिल्याबाई की पावन नगरी महेश्वर में नर्मदा के घाट पर माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना की। डॉ. यादव ने माँ नर्मदा से प्रदेश की समृद्धि और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिये कामना की। उन्होंने कहा कि माँ नर्मदा के आशीर्वाद से मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों के साथ माँ नर्मदा को चुनरी अर्पित कर दुग्ध अभिषेक भी किया। नर्मदा पूजन में 20 स्थानीय पंडितों द्वारा नर्मदाष्टक का उच्चारण कर विधि-विधान से पूजन कराया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंत्रि-परिषद के सदस्य केबिनेट बैठक के लिये महेश्वर पहुँचे थे।

## फैक्ट्री से 107 करोड़ रु का मादक पदार्थ जब्त

एजेंसी आणंद
www.dailypioneer.com

गुजरात में आणंद जिले के एक गांव में आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की टीम ने अवैध मादक पदार्थ अल्प्राजोलम बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर 107 करोड़ रुपये कीमत का मादक पदार्थ और 2518 किलोग्राम अन्य रसायन जब्त किया है। एटीएस की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सूचना के आधार पर गुजरात एटीएस की टीम ने आणंद में खंभात तालुक के नेजा गांव में ग्रीनलाइफ इंडस्ट्रीज पर छापा मारा। इस दौरान मौके से मादक पदार्थ बनाने वाली फैक्ट्री से लगभग 107 किलोग्राम अल्प्राजोलम जिसकी कीमत 107 करोड़ रुपये आंकी जा रही है और 2518 किलोग्राम अन्य रसायन तथा 30 लाख रुपये नकद जब्त कर लिये गये और खंभात निवासी पांच लोगों रणजीत डाभी, विजय मकवाणा, हेमन्त पटेल, लालजी मकवाणा और जयदीप मकवाणा को पकड़ लिया गया। मादक पदार्थ की इस अवैध मात्रा को लेकर गुजरात ए.टी.एस. ने एनडीपीएस पर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मतदाताओं को रिझाने के लिये पैसे बांटने के आरोप में एक गिरफ्तार

**चंपावत/नैनीताल।** उत्तराखंड के चंपावत जिले के बनबसा में पुलिस ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और मतदाताओं को पैसे बांटने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 5200 रुपये भी बरामद किये गये हैं। चंपावत पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी सार्वजनिक करते हुए बताया कि निकाय चुनाव के दौरान उसे सूचना मिली कि एक व्यक्ति द्वारा भजनुपर में पूर्णागिरी इंटर कालेज मतदान केन्द्र से कुछ दूरी पर अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं को रिझाने के लिये पैसे बांटा जा रहा है।



मौके पर काफी भीड़ जुटी है। बनबसा के थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह जगवाण के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने रेलवे लाइन, मेन मार्केट में छापा मारा और विनोद कुमार उप्रेती निवासी मेन मार्केट, बनबसा को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर भीड़ जुटी थी। आरोपी को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के पास से 5200 रुपये भी बरामद किये गये। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 170, 173, 174, 223(क) के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई अमल में लायी जा रही है।

# भाजपा ने हरियाणा को गर्त में पहुंचा दिया है : अभय सिंह चौटाला

एजेंसी चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बने सौ दिन नहीं बल्कि 10 साल और सौ दिन हो चुके हैं और इस दौरान भाजपा ने प्रदेश को पूरी तरह से गर्त में पहुंचा दिया है। चौटाला ने यहां जारी बयान में आरोप लगाया कि इस दौरान भाजपा ने प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, नशा, प्रदेश के उपर कर्ज बढ़ाया है और कानून-व्यवस्था खराब करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बिजली के दाम बढ़ा दिये, जमीन के कलेक्टर रेट बढ़ा दिये हैं, जिससे गरीब आदमी के लिए प्रॉपर्टी खरीदना और भी महंगा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल अखबार की सुर्खियों में बने रहने के लिये प्रेस कांफ्रेंस करके झूठी घोषणाएं करती है और टैक्स के रूप में ली गई प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई के हजारों करोड़ रुपये बड़े-बड़े विज्ञापनों पर फूंकती है। इनेलो नेता ने कहा कि नायब सिंह सैनी सरकार ने चुनावों में जो वादे किये थे, उन्हें अब भूल गयी है। किसानों की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने और महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने का वादा आज हवा हवाई हो गया है। ओलावृष्टि से खराब हुई 85 हजार एकड़ मुआवजा देने का वादा किया था, लेकिन अब तक उसका कोई जिक्र नहीं है। अदालतें भाजपा सरकार के लिये गये फैसलों को पलट रही है, जिसका मतलब है कि सरकार सही फैसले नहीं ले रही। आज हरियाणा पूरी तरह से कर्ज में डूब चुका है और कर्ज को चुकाने के लिये भी सरकार को कर्ज लेना पड़ रहा है। चौटाला ने आरोप लगाया कि हरियाणा के युवाओं को सिर्फ डी कैटेगरी की सरकारी नौकरी दी जा रही है वहीं ए और बी कैटेगरी की नौकरियां बाहर के लोगों को दी जा रही हैं, जिसका ताजा उदाहरण है कि एक ही संस्थान से पढ़े आयुर्वेद के डॉक्टर नियुक्त किये गये और उनको 'खर्ची' के तहत पैसे लेकर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश के व्यापारियों का 2500 करोड़ रुपये माफ कर दिये, लेकिन किसान आज भी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है और उनकी सुनवाई नहीं हो रही। इनेलो नेता ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा की तीसरी सरकार हरियाणा में भूपेंद्र हुड्डा की वजह से बनी और कांग्रेस की आज हालत यह है कि 100 दिन बीत चुके हैं लेकिन विपक्ष के नेता का चयन नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के तौर पर जनता की आवाज उठाने की बजाय कांग्रेसी आपस में ही लड़ रहे हैं, इससे पता चलता है कि कांग्रेस को प्रदेश की जनता से कोई लेना-देना नहीं है और ऐसे में कांग्रेस से विपक्ष की भूमिका निभाने की जनता को कोई उम्मीद भी नहीं है।

# विजिलेंस चैकिंग के देयकों का भुगतान ऑनलाइन करने की सुविधा प्रारंभ

पायनियर संवाददाता भोपाल
www.dailypioneer.com




मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विलिलेंस देयकों के लिए ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू कर दी गई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कंपनी ने बताया कि पूर्व में सतर्कता एवं अन्य जांच दलों द्वारा जांच उपरांत किसी व्यक्ति अथवा उपभोक्ता को जारी किए गए देयकों का भुगतान करने वितरण केन्द्र अथवा जोन कार्यालय पर जाकर पीओस मशीन से या फिर वितरण केन्द्र के कैश काउंटर पर जमा करना होता था। अब उन्हें कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है, कंपनी ने अब इसके लिए ऑनलाइन भुगतान की सुविधा कंपनी के पोर्टल पर उपलब्ध करा दी है। अब शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिए कंपनी के पोर्टल पर ऑनलाइन भुगतान के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। कंपनी ने कहा है कि इसके लिए उपभोक्ता को पोर्टल पर एलटी सर्विस ऑप्शन को क्लिक करना होगा। इसके बाद व्यू पे बिल और व्यू विजलेंस बिल का चयन करना होगा। इसके बाद ऑनलाइन विजिलेंस पेमेंट की विंडो पर कंज्यूमर नंबर या फिर पंचनामा नंबर डालना होगा। यह प्रक्रिया पूरी होने पर बिल पेमेंट का ऑप्शन आएगा। इसी तरह (यूपे) एप के माध्यम से भी विजिलेंस देयकों का भुगतान आसानी से किया जा सकता है।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 5 हजार 394 से अधिक जनजातीय घर हुए रोशन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (प्रधानमंत्री जनमन योजना) में आरडीएसएस के तहत कंपनी कार्यक्षेत्र के 10 जनजातीय बहुल जिलों में अब तक 5 हजार 394 घरों को रोशन किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 'प्रधानमंत्री जनमन योजना' के तहत अब शेष 9 हजार 424 जनजाति हितग्राहियों के घरों को शीघ्र ही विद्युतीकृत कर रोशन किया जाएगा। यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख योजनाओं में शामिल है, जिस पर तीव्र गति से काम किया जा रहा है। इस योजना में जनजातीय बहुल गावों एवं मजराटोलों को ऊर्जीकृत किया जा रहा है, जिसमें कंपनी के अंतर्गत ग्वालियर में 46, विदिशा में 1370, अशोकनगर में 340, श्योपुर में 155, दतिया में 403, गुना में 916, शिवपुरी में 1884, रायसेन में 237 और भिण्ड में 43 घरों में बिजली पहुंचाई गई है।

# महाकुम्भ में अब साधु-संत भी करेंगे 'मन की बात'

एजेंसी महाकुम्भ नगर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चर्चित कार्यक्रम 'मन की बात' की तर्ज पर प्रयागराज महाकुम्भ में साधुओं के 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में सनातन धर्म के प्रमुख विषयों और योगी सरकार के दिव्य और भव्य महाकुम्भ के आयोजन के विभिन्न विषयों को केंद्र में रखकर साधु संत अपनी बात रखेंगे। प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर आयोजित हो रहे महाकुम्भ में हर तरफभक्ति , मुक्ति और तत्व ज्ञान की बातों की चर्चा है। इस विचार मंथन को वृहद स्वरूप प्रदान करने के लिए महाकुम्भ में पहली बार साधु संतों के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रवक्ता पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के महा मंडलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद ने बताया कि महा कुम्भ के सेक्टर 20 में हरि धाम सनातन सेवा ट्रस्ट में इस कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगा। इसमें सन्यासी, बैरागी और उदासीन सभी अखाड़ों के प्रमुख संतों के अलावा सभी हिन्दू सम्प्रदायों के साधु संत हिस्सा लेंगे। इसमें तपोनिधि पंचायती अखाड़ा आनंद के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी, पंच दशनाम अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी, महा मंडलेश्वर कनकेश्वरी देवी, पंच दिगम्बर अनी अखाड़े के महंत माधवदास, शनि धाम पीठाधीश्वर महा मंडलेश्वर परमहंस दाती महराज, शंभू पंच -अग्नि अखाड़े के संपूर्णानंद ब्रह्मचारी, दिगम्बर अखाड़े के महा मंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा प्रमुख हैं। उन्होने बताया कि साधु संतों के धार्मिक और सामाजिक संकल्पों पर साधु संत इस मंच से अपनी मन की बात करेंगे। इसमें गौ हत्या पर रोक के साथ दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन के विभिन्न आयाम सम्मिलित हैं।

पायनियर



# प्रेक्षकों को निर्वाचन से जुड़े सभी प्रावधानों व नियमों की जानकारी हो : निर्वाचन आयुक्त

## प्रेक्षकों की बैठक में चुनावी प्रक्रियाओं की पारदर्शिता व निष्पक्षता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय में प्रदेश के नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के संचालन एवं प्रेक्षण कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई, जिसमें प्रेक्षकों को चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त ने प्रेक्षकों को उनके दायित्वों और अपेक्षाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रेक्षक का कर्तव्य है कि वह निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों में सजग और सतर्क रहें। सिंह ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और शांति पूर्ण तरीके से आयोजित हों। उन्होंने कहा कि प्रेक्षकों को निर्वाचन से जुड़ी सभी प्रावधानों एवं नियमों की जानकारी होना चाहिए। अजय सिंह ने प्रेक्षकों को निर्देशित किया कि जिला निर्वाचन अधिकारी अथवा रिटर्निंग ऑफिसर की आयोजित बैठक में आपको यथासंभव उपस्थित होना है परन्तु प्रेक्षकों को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों और अधिकारियों की बैठक नहीं बुलानी है और न ही प्रेस द्वारा पूछने पर आपको कोई प्रतिक्रिया व्यक्त करनी है। आयोग से आपको यदि किसी शिकायत पर प्रतिवेदन देने के लिए कहा जाए तो ऐसा तत्परता से करें और सीधे आयोग के सचिव को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने प्रेक्षकों से कहा कि चुनाव प्रक्रिया की सघन निगरानी, आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करना, मतदान केंद्रों पर व्यवस्था का जायजा लेना तथा किसी भी अनियमितता की तत्काल रिपोर्टिंग करना आदि जिम्मेदारी आपको दी गई है। सिंह ने यह भी कहा कि प्रेक्षकों को निर्वाचन प्रक्रिया में सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित करना होगा। उन्होंने प्रेक्षकों से कहा, चुनाव लोकतंत्र की नींव है, और इसकी पारदर्शिता व निष्पक्षता बनाए रखना हम सभी की प्राथमिकता है। मतदाताओं को स्वतंत्र वातावरण में अपने मताधिकार का उपयोग करने का अवसर मिलना चाहिए। इस अवसर पर आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, सभी जिलों के लिए नियुक्त प्रेक्षक, आयोग की उप सचिव डॉ. नेहा कपूर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा घोषणा पत्र समिति की बैठक ने चुनावी रणनीति पर चर्चा



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आगामी नगरीय निकाय चुनाव की रणनीतियों और महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए घोषणा पत्र समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के संयोजक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने की। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, प्रेम प्रकाश पांडे, मोतीलाल साहू, नीलकंठ नेताम, चंद्रशेखर साहू, हेमंत पानीगिरी, पंकज झा, अंबिका साहू सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए पार्टी की रणनीतियों को मजबूत बनाने एवं जनता से जुड़ाव बढ़ाने के लिए व्यापक चर्चा की गई। साथ ही, घोषणा पत्र को जन आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि घोषणा पत्र समिति जन आकांक्षाओं के हित के लिए तैयार की गई है, उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा है कि इस जनहित कार्य में प्रदेशवासी बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले ताकि प्रदेशवासियों के हितों के अनुरूप घोषणा पत्र तैयार हो एवं जिसका भारतीय जनता पार्टी जनहित में क्रियान्वन सुनिश्चित कर सके।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं भारतीय खाद्य निगम के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शुक्रवार को प्रातः 12 बजे से शाम 5 बजे तक भारतीय खाद्य निगम परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पूनम मिश्रा, जनरल मेडिसिन डॉ. हेमशिखा टेमरे, नेत्र रोग से डॉक्टर नेहा पाण्डेय एवं नेत्र सहायक वेद यादव तथा हडडी रोग विभाग से डॉक्टर अर्चित वर्मा, दंत रोग से डॉक्टर मधुलिका सोनी अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, राहुल बाजपाई, इंदर बलोनी, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा, वीरेंद्र खुटेल, सुनिल वर्मा एवं नर्सिंग स्टाफ, श्वेता, रिंकी ध्रुव एवं भारती खाद्य निगम (एफसीआई) के उप महाप्रबंधक (क्षेत्र) लोकेश ब्रम्ह भट्ट, सहायक महाप्रबंधक महेश सिंह मर्तोलिया, एडमिन मैनेजर आशुतोष सिंह, विष्णु आनंदे एवं अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग, स्त्री रोग, हड्डी रोग, दंत रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना की विशेष सराहना की एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस: नगर निगम मुख्यालय में आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निगम अधिकारियों, कर्मचारियों को मतदान की दिलाई शपथ




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग एवं रायपुर जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देश पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर रायपुर नगर पालिक निगम के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के भूतल पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान की सामूहिक शपथ दिलवाई। रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक और नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोन कार्यालयों में जोन कमिश्नरों ने जोन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान की सामूहिक शपथ दिलवाई।

# मतदाता जागरूकता के लिए राज्यपाल डेका ने की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल रमेन डेका ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं से अपील की है कि लोकतंत्र के प्रति अपने कर्त्तव्य और जिम्मेदारियों को लेकर सचेत रहें और अपने बहुमूल्य मत का उपयोग लोकतंत्र की मजबूती और देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाने के लिए करें। उन्होंने कहा कि एक सफल लोकतंत्र के लिए यह जरूरी है, कि हर युवा भारतीय नागरिक स्वयं को मतदाता के रूप मे पंजीकृत कराए और समय-समय पर होने वाले निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग भी करें। डेका ने कहा कि आज का दिन मतदाताओं की जागरूकता के लिए समर्पित है। हमारा देश, विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। प्रजातंत्र को सुदृढ़ और सुरक्षित बनाने के लिए हमे धर्म, वर्ग, जाति समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निष्पक्ष, स्वतंत्र और भयरहित होकर मतदान करना चाहिए।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ: राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली शपथ

**रायपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजभवन सचिवालय में राज्यपाल के विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन: निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी होंगे सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के विवेकानंद सभागार में 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे से राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में निर्वाचन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने जानकारी दी कि रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल को प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 में सर्वाधिक 81.66 प्रतिशत मतदान कराए जाने, दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को शहरी क्षेत्र होने के बावजूद विगत लोकसभा चुनाव की तुलना में वर्ष 2024 में लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में 2.48 प्रतिशत वृद्धि, दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होते हुए भी विगत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लोकसभा निर्वाचन 2024 में 10.39 प्रतिशत वृद्धि के लिए उत्कृष्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में सम्मानित किया जाएगा। रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य उत्कृष्ट तरीके से संपन्न कराने, राजनांदगांव जिले की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुरुचि सिंह को गुणवत्ता पूर्ण स्वीप गतिविधियां आयोजित करने और मुंगेली जिले के जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडे को प्रवासी मजदूरों को मतदान के लिए प्रेरित करने संबंधी स्वीप गतिविधियों के लिए स्पेशल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# फाइनल रिहर्सल के दौरान घोड़े से गिरा जवान



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर के पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस परेड की फाइनल रिहर्सल के दौरान अश्वारोही दल का एक जवान अचाानक घोड़े के उपर से गिर पड़ा। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। करतब दिखाते समय अचानक बैलेंस बिगड़ा और जवान नीचे गिर गया। बताया जा रहा है कि जवान की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड का लाइव प्रसारण किया जाता है। इसका लाइव प्रसारण टीवी पर 'दूरदर्शन' पर होता है। जबकि ऐसे ही आप इसका लाइव प्रसारण यूट्यूब पर भी देख सकते हैं। यहां पर आप 26 जनवरी को होने वाली परेड बिल्कुल लाइव नजर आने वाली है। परेड सुबह 10.30 बजे से शुरू हो जाएगी। ऑल इंडिया रेडिया पर भी इसका लाइव प्रसारण होगा। लैपटॉप, मोबाइल फोन पर भी आप इसे देख सकते हैं।

# वेदांता के 'प्रोजेक्ट पंछी' से लड़कियां बनेगी आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता ➤ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वेदांता के 'प्रोजेक्ट पंछी' की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से पीछे रह गई लड़कियों के जीवन में बदलाव लाना है। यह परियोजना वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल की समाज को वापस देने की सोच को साकार करते हुए, लड़कियों को प्रगति के नए अवसर प्रदान कर रहा है। इस परियोजना से लड़कियां आर्थिक एवं सामाजिक बाधाओं को पार कर अपनी शिक्षा पूरी करने तथा स्थायी आजीविका हासिल करने में सफल होंगी। 'पंछी परियोजना' के अंतर्गत बालको द्वारा चयनित छत्तीसगढ़ की बेटियों को उचित शिक्षा दिलाने तथा उच्च औद्योगिक उपक्रम में काम करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ के आवासीय परिसर में रहकर 76 लड़कियां 4 साल के स्नातक में अपनी शिक्षा पूरी कर रही हैं। इस कदम से उन बेटियों को नया कर दिखाने का हौसला मिलेगा जिनकी प्रगति की उड़ान पूरी तरह से थम चुकी थी। 'पंछी परियोजना' की मदद से ये लड़किया विकास की मुख्यधारा से जुड़ कर दुनिया को यह दिखा सकेंगी कि अगर जज्बे को सही प्रेरणा मिल जाए तो आकाश की ऊंचाइयां इनके मजबूत इरादों के पंखों से जीती जा सकती हैं। प्रोजेक्ट पंछी लड़कियों को शिक्षा और विकास के सर्वोत्तम अवसर प्रदान करने के साथ आर्थिक परिस्थितियों के कारण टूटे सपने को पूरा कर रहा है। कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि इससे बेटियां सशक्त होंगी और समाज को आगे लेकर जाएंगी। बालको द्वारा सबसे उपयुक्त उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित किया गया है। वेदांता ने प्रत्येक स्थान पर विशेष चयन प्रक्रिया लागू की है। चयनित होने के बाद इन बेटियों को ख्याति प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों से उच्च शिक्षा दिया जा रहा है। शिक्षा पूरी होने के बाद औपचारिक रूप से मुख्य संचालन में शामिल किया जाएगा। प्रोजेक्ट पंछी वेदांता कंपनी के अन्य व्यावसायिक स्थानों जैसे, ओडिशा के लांजीगढ़, झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ में भी चल रहा है। बालको के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि वेदांता समूह ने स्वावलंबन के क्षेत्र में 'पंछी' परियोजना से अनूठी शुरुआत की है, जो बेटियों को उनके अधूरे सपनों को साकार करने का रास्ता दिखाएगी। वेदांता समूह ने सामुदायिक विकास कार्यों के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना विकास जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इस परियोजना से हम एक उज्जवल भविष्य की तैयारी कर रहे हैं, जहां ये सशक्त बेटियां अपने जीवन और आसपास के समाज को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में वेदांता प्रतिभाओं की तलाश करने और उन्हें देश के विकास में योगदान के लिए तैयार करने की दिशा में कटिबद्ध है। प्रोजेक्ट पंछी सामाजिक सशक्तिकरण और विविधता के प्रति वेदांता समूह की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो पूरे भारत में इसके विभिन्न व्यवसायों में फैला है। यह परियोजना ग्रामीण समुदाय के भीतर विविधता, समावेशन को बढ़ावा देने और सामाजिक बदलाव लाने के वेदांता के लक्ष्य को दर्शाती है। यह वंचित, दूरदराज के समुदायों में योग्य बेटियों के लिए अवसर प्राप्ति के साथ स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करके धातु एवं खनन क्षेत्र के भीतर जेंडर डायवर्सिटी को बढ़ावा देती है।

25 Jan 2025 Pride Of Raipur




विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403